www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -316 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





बंजारा समुदाय के युवाओं को मिले उचित स्थान 02

■ काम करने नहीं दे रही केंद्र सरकार : केजरीवाल
■ पानी के सेटलमेंट के नाम पर राजनीति कर... 03

■ पीएमएल-एल के तीन नेशनल असेंबली उम्मीदवारों...
■ फ्रांस के सीनेट अध्यक्ष लार्चर भारत की यात्रा पर 07

बाफ्टा पुरस्कार : दीपिका पादुकोण ने जोनाथन ... 10

## सार संक्षेप

### 71वें मिस वर्ल्ड खिताब के लिए दिल्ली में जुटीं सुंदरियां



**नई दिल्ली।** दिल्ली में उत्साह अपने चरम पर है, क्योंकि दुनियाभर से 120 प्रतिभागी मिस वर्ल्ड में हिस्सा लेने भारत का दिल कही जाने वाली दिल्ली पहुंच चुकी हैं। वे सभी इस प्रतिष्ठित ताज को पाने के लिए मुकाबला करने को पूरी तरह तैयार हैं। रोमांच का स्तर बढ़ने के साथ ही 71वें मिस वर्ल्ड ग्रैंड फिनाले की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इसका आयोजन 9 मार्च को जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में किया जाएगा।

### सिद्दारमैया को राहत, आपराधिक कार्यवाही पर रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं पर 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन से संबंधित एक मामले शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने उच्च न्यायालय के आपराधिक कार्यवाही पर रोक के साथ-साथ याचिकाकर्ताओं पर लगाए गए जुर्माने की राशि पर भी रोक लगा दी। कोर्ट ने रणदीप सिंह सुरजेवाला को भी राहत दी।

### देश में कई जगहों पर ओलावृष्टि व बारिश के आसार



**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने देश के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 21 फरवरी तक 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ ही ओलावृष्टि और वर्षा होने के आसार सोमवार को जताए। मौसम विभाग के अनुसार दो पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव के कारण 21 फरवरी तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम वर्षा और बर्फबारी होने का अनुमान है।

### छत्तीसगढ़ में ड्रोन से ब्लड सैंपल भेजने की तैयारी,



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके, इसके लिए ब्लड सैंपल समय पर और जल्दी भेजने के लिए ड्रोन का सहारा लिया जाएगा। इसका ट्रायल अंबिकापुर जिले में किया गया, जो सफल रहा। भारत सरकार के पायलट प्रोजेक्ट यूज ऑफ ड्रोन टेक्नॉलॉजी इन हेल्थ सर्विस डिलीवरी के लिए छत्तीसगढ़ से अंबिकापुर स्थित राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का चयन हुआ है।

महापौर चुनाव में अधिकारी ने मतपत्रों पर लगाए थे निशान

# चुनाव अधिकारी पर मुकदमा चलाया जाए: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चंडीगढ़ के महापौर के 30 जनवरी को हुए चुनाव में मतपत्रों पर अवैध रूप से निशान लगाना एक बेहद गंभीर मामला है और इसके लिए पीठासीन चुनाव अधिकारी अनिल मसीह पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले में पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर नए सिरे से मतदान के बजाय वोटों की दुबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी।

**मतपत्रों पर अवैध रूप से निशान लगाना बेहद गंभीर मामला**

**चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना गंभीर बात**

पीठ ने पिछले माह 30 जनवरी को हुई वोटों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने इस बीच आम आदमी पार्टी के तीन पार्षदों के रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का मामला सामने आने के बाद इस कथित 'खरीद-फरोख्त' पर चिंता व्यक्त की और कहा, हम जानते हैं कि क्या हो रहा है। हम खरीद-फरोख्त को लेकर बेहद चिंतित हैं। जो हो रही है, वह बहुत परेशान करने वाली बात है।' सुनवाई के दौरान पीठ ने चुनाव अधिकारी मसीह से भी पूछ कि उन्होंने मतपत्रों को विकृत क्यों किया। शीर्ष अदालत ने चुनाव अधिकारी से कहा, वीडियो से यह पूरी तरह स्पष्ट है कि आप कुछ मतपत्रों को देखते हैं। ऊपर या नीचे पर क्रॉस के आधार पर आप अपना हस्ताक्षर करते हैं।

चंडीगढ़ महापौर चुनाव



**'हम खरीद-फरोख्त को लेकर बेहद चिंतित हैं। जो हो रही है, वह बहुत परेशान करने वाली बात है।'**

### सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर मंगाए



पीठ ने पंजाब के महाधिवक्ता के अलावा सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद पंजाब और हरियाणा उच्च के रजिस्ट्रार जनरल को सभी 36 मतपत्रों को मंगलवार 20 फरवरी को उसके समक्ष पेश करने के लिए एक न्यायिक अधिकारी को नामित करने का निर्देश दिया, क्योंकि उसे फरवरी में 'आप' के महापौर उम्मीदवार कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका पर विचार करना था। उच्च न्यायालय द्वारा कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार करने के बाद आप-कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

शरद की पार्टी के नाम पर दिया निर्देश

### एनसीपी-शरदचंद्र पवार नाम का कर सकते हैं इस्तेमाल

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के समूह को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के.वी.विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा। पीठ ने शरद पवार को पार्टी चिन्ह के आवंटन के लिए निर्वाचन आयोग का रुख करने की अनुमति दी।

## कांग्रेस में ही रहेंगे कमलनाथ

कहा, ताउम्र कांग्रेस में ही रहूंगा!

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ को लेकर अटकलें अभी जारी है। कमलनाथ ने अभी तक भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं पर विराम नहीं लगाया है। लेकिन बडी खबर यह है कि कमलनाथ कांग्रेस में बरकरार रहेंगें। सूत्रों के मुताबिक,दिल्ली स्थित कमलनाथ के आवास पर सांसद सज्जन वर्मा सहित कई नेताओं की तकरीबन 2 घटें बातचीत चली। इसके बाद सज्जन वर्मा ने कहाकि कमलनाथ कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे, यह बात उन्होंने खुद बैठक के दौरान कही। वर्मा की मानें तो कमलनाथ ने बैठक में कहाकि वे कल भी कांग्रेसी थे,आज भी कांग्रेसी हैं और ताउम्र कांग्रेस में रहेंगे। कांग्रेस में अंदरूनी मतभेद जरूर था, लेकिन मनभेद नहीं है। अब सब सुलझ गया है। कमलनाथ और उनके बेटे दोनों कांग्रेस में बने रहेंगे। उन्होंने कहाकि जो आदमी 40 साल कांग्रेस में रहा वह अब पार्टी नहीं छोड़ सकता है। जल्द ही वे भोपाल जाकर लोकसभा की तैयारी शुरू कर देंगे। सज्जन वर्मा ने कहाकि कमलनाथ ने कहा है कि वो मीडिया से बात नहीं करेंगे और किसी भी अफवाह का जवाब नहीं देंगे। बतादें कि कमलनाथ और उनके बेटे के भाजपा में शामिल होने चर्चाएं गर्म है। रविवार को दिनभर इस तरह की चर्चाएं चलती रहीं । लेकिन न ही कमलनाथ ने इसका खंडन किया अैर न ही मंडन। बताया गया कि इस मामले को लेकर सबसे पहले दिग्गज दिग्विजय सिंह ने मोर्चा संभाला और कमलनाथ से बात की, फिर उन्होंने कमलाथ की बात राहुल गांधी से करवाई। इसके बाद जाकर कमलनाथ के तेवर नरम हुए।



**अंदरूनी मतभेद था, मनभेद नहीं**

### राज्यसभा में जाना चाहते थे कमलनाथ

मालूम हो कि कमलनाथ राज्यसभा जाना चाहते थे और सोनिया गांधी से मिलकर कहा था कि 6 साल बाद वे 85 साल के हो जाएंगे और सक्रिय राजनीति से रिटायर हो जाएंगे, इसलिए एक मौका उन्हें और मिलना चाहिए। लेकिन जब राज्यसभा का टिकट अशोक सिंह को मिल गया तो वे नाराज हो गए।

## वंचित आबादी की हिस्सेदारी के बगैर तरक्की संभव नहीं : राहुल

मोदी सरकार में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों की कोई जगह नहीं

**अमेठी,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि दो तिहाई वंचित आबादी की भागीदारी के बिना देश में समृद्धि संभव नहीं है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान श्री गांधी ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और सामान्य वर्ग के गरीबों की कोई जगह नहीं है। देश के बजट के हर 100 रुपए में दो तिहाई आबादी का हिस्सा सिर्फ छह रुपए है। इस वर्ग के साथ भयंकर अन्याय हो रहा है जो देश को अंदर से खोखला बना रहा है और यही कारण है कि देश को मजबूत बनाने की दिशा में कांग्रेस दो क्रांतिकारी कदम उठाने जा रही है! उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला कदम जातिगत जनगणना होगा जो देश का एक्स रे होगा, जबकि दूसरा कदम धन-संसाधन की मैपिंग है, जिससे पता चल जाएगा कि किसके पास क्या है और कितना है।



**कांग्रेस का पहला कदम जातिगत जनगणना होगा जो देश का एक्स रे होगा, जबकि दूसरा कदम धन-संसाधन की मैपिंग का होगा : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

किसान आंदोलन की आंच राजस्थान तक पहुंची

## ट्रैक्टरों के साथ किसान करेंगे दिल्ली कूच

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहे किसान आंदोलन की आंच अब राजस्थान तक पहुंच गई है। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने ऐलान कर दिया है कि देश का किसान एकजुट है। किसानों की मांगे केवल पंजाब, हरियाणा और उत्तरी राजस्थान के किसानों की नहीं है बल्कि संपूर्ण देश के किसानों की मांगे हैं। किसान आंदोलन में अब राजस्थान के किसान भी अपनी ताकत दिखाएंगे।

**पहले जयपुर में होंगे एकत्रित**

इसके लिए 21 फरवरी को हजारों किसान 500 से ज्यादा ट्रैक्टर लेकर जयपुर से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। जाट के ऐलान के बाद राज्य सरकार ने सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए हैं। किसान महापंचायत ने प्रदेश के अलग अलग जिलों में बैठक करके दिल्ली कूच की रणनीति तैयार की है। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से किसान 21 फरवरी को पहले जयपुर पहुंचेंगे। यहां एकत्रित होकर एक सभा का आयोजन किया जाएगा और फिर एक साथ जयपुर के दिल्ली के लिए रवाना होंगे।



■ किसान कल 500 ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली जाएंगे
■ राज्य सरकार ने सुरक्षा के इंतजाम बढ़ा दिए हैं
■ पंजाब व हरियाणा में 13 से हो रहा आंदोलन

### पटियाला में धरने पर बैठे किसान की मौत

पटियाला में कैप्टन अमरिंदर के घर के बाहर दो दिन से प्रदर्शन कर रहे एक किसान की मौत हो गई है। आंदोलन में ये तीसरे किसान की मौत है। इसके अलावा शंभू बॉर्डर पर तैनात एक एसआई की भी मौत हो चुकी है।

## सपा ने घोषित किए 11 और उम्मीदवार

मुख्तार के भाई अफजाल को भी मिला टिकट



**लखनऊ,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 11 और सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। पार्टी ने माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को गाजीपुर से उम्मीदवार बनाया है। सपा ने सोमवार को लोकसभा उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। इसके मुताबिक मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। मिश्रिख लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से एसपी सिंह पटेल को टिकट दिया है। पार्टी ने बहराइच से रमेश गौतम, चंदौली से वीरेंद्र सिंह और गोंडा से श्रेया वर्मा पर दांव लगाया है। इसके अलावा अखिलेश यादव ने गाजीपुर लोकसभा सीट से माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को टिकट दिया है।

**लोकसभा चुनाव**

### सपा ने अब 27 उम्मीदवार घोषित किए

इससे पहले 30 जनवरी को सपा की पहली लिस्ट सामने आई थी, जिसमें 16 उम्मीदवारों के नाम थे। सपा ने अब तक यूपी की 80 लोकसभा सीट पर 27 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

## छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। आबकारी घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में आप संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन भेजा जिसे नजरअंदाज करने पर सोमवार को जांच एजेंसी ने श्री केजरीवाल के खिलाफ अदालत में शिकायत दर्ज कराई। ईडी ने छठी बार समन भेजकर सोमवार को केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया। ईडी इससे पहले भी पांच बार श्री केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन भेज चुकी है। ईडी सूत्रों के अनुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 174 के तहत दायर शिकायत में श्री केजरीवाल को जारी किए गए शुरुआती तीन समन पर उन्हें 'जानबूझकर' इसकी अवज्ञा करने का हवाला दिया गया है। इस बीच, आप ने दोहराया कि श्री केजरीवाल को भेजे गए समन 'गैर कानूनी' थे। उन्होंने कहा कि मामला अदालत में है, इसलिए एजेंसी को श्री केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए।



■ ईडी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई
■ आप ने फिर दोहराया, समन 'गैर कानूनी' थे

## अदिति सेन को मिलेगा घनश्याम दास बिड़ला पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। वर्ष 2023 का घनश्याम दास बिड़ला वैज्ञानिक शोध पुरस्कार हरीश चन्द्र अनुसंधान संस्थान प्रयागराज की प्रोफेसर अदिति सेन को दिया जाएगा। केके बिरला फाउंडेशन की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रो. सेन ने भौतिकी विज्ञान में क्वांटम सूचना एवं संगणना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस पुरस्कार के तहत प्रो. सेन को पांच लाख रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। यह पुरस्कार भारत में काम कर रहे 50 वर्ष या उससे कम आयु के भारतीय वैज्ञानिकों को विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में उसके उल्लेखनीय योगदान के लिए हर वर्ष प्रदान किया जाता है।



**सेन ने क्वांटम सूचना एवं संगणना के क्षेत्र में योगदान दिया**

रैंकिंग | *फ्रांस ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया*

## भारत पासपोर्ट रैंकिंग में पांच पायदान फिसला

**नई दिल्ली,19 फरवरी (एजेंसियां)। पासपोर्ट रैंकिंग जारी करने वाले ऑर्गेनाइजेशन हेनली एंड पार्टनर्स ने 2024 के लिए पासपोर्ट इंडेक्स जारी किया है। रैंकिंग में भारत 5 पायदा फिसलकर 85वें स्थान पर आ गया है। 2023 में भी भारत 80वें स्थान पर था। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल भारतीय 5 ज्यादा देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं।**

2023 में भारत के लोग 57 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते थे, जबकि इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 62 हो गया है। वहीं, दुनिया में 6 देशों के पास सबसे पावरफुल पासपोर्ट है। इनमें जापान, सिंगापुर, स्पेन, फ्रांस, इटली और जर्मनी शामिल हैं। ये रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के डेटा पर आधारित हैं।

**पाकिस्तान के पास चौथा सबसे कमजोर**

फ्रांस ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। फ्रांस के पासपोर्टधारी 194 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। पाकिस्तान के पास दुनिया का चौथा सबसे कमजोर पासपोर्ट है। पाकिस्तान की पासपोर्ट रैंकिंग 106 है। यहां के नागरिक 34 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं।

करीब 2 साल से जारी जंग के बावजूद यूक्रेन का पासपोर्ट न सिर्फ भारत बल्कि रूस के पासपोर्ट से भी ज्यादा पावरफुल है। हेनली एंड पार्टनर्स की रैंकिंग में यूक्रेन के पासपोर्ट को 31वां स्थान मिला है। यहां के नागरिक 148 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। वहीं रूस के पासपोर्ट की रैंकिंग 53 है। रूसी नागरिक 119 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं। 3 महीने से हमास के साथ युद्ध लड़ रहे इजराइल की पासपोर्ट रैंकिंग 20 है। पासपोर्ट रैंकिंग में शुरुआती 5 पायदान पर यूरोपियन देशों का दबदबा है। इसमें दूसरे स्थान पर फिनलैंड, स्वीडन और साउथ कोरिया हैं, जिनके नागरिक बना वीजा के 193 देशों में ट्रैवल कर सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड और नीदरलैंड के पासपोर्ट को थर्ड रैंकिंग मिली है।



■ भारत फिसलकर 85वें स्थान पर पहुंचा
■ अफगानिस्तान का पासपोर्ट सबसे कमजोर

# देश

उवाच

"जम्मू-कश्मीर में धारा 370, 35ए को रद्द करने का फैसला एक भूल थी। यदि डीपीएपी सत्ता में आती है, तो पार्टी नौकरी और भूमि अधिकारों को बहाल करने की दिशा में काम करेगी।

–गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.0 | 15.0 |
| मुंबई | 29.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 21.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 25.0 |

# बैंक खातों पर तालाबंदी कर किया लोकतंत्र पर गहरा आघात : कांग्रेस

**पटना,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज करने के मामले में पार्टी नेताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने इनकम टैक्स विभाग की ओर से पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करने के खिलाफ राजधानी पटना में विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान कांग्रेस के नेता ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है और नारेबाजी भी की है। विरोध कर रहे कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने जमकर नारेबाजी की है। इस दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि सड़कों पर उतरकर हम जनता को आह्वान कर रहे हैं कि देश के लिए यह सरकार खराब है। हमारा खाता सील करते हैं और अपना खाता बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रोल बॉन्ड का सहारा लेते हैं। उधर, मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक खातों पर तालाबंदी कर लोकतंत्र पर गहरा आघात किया है। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक खाते तो भाजपा के फ्रिज होने चाहिए, क्योंकि इन्होनें असंवैधानिक कॉर्पोरेट बांड अपने खातों में डाल रखे हैं, जो की सुप्रीम कोर्ट के अनुसार असंवैधानिक हैं। दरअसल, साल 2018-2019 में इनकम टैक्स रिटर्न के मामले में आयकर विभाग ने कांग्रेस से पैनल्टी के तौर पर 210 करोड़ की रिकवरी मांगी है। जिसके कारण बैंक खाते फ्रीज किए गए हैं। इसके बाद कांग्रेस इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल पहुंची थी। आयकर विभाग की तरफ से खातों पर लगाए प्रतिबंधों के मामले में ट्रिब्यूनल की तरफ से कांग्रेस को राहत देते हुए अपीलेट ट्रिब्यूनल ने खातों को डिफ्रीज करने का निर्देश दिया। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि चुनावी वर्ष है।

■ बिहार में पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करने के खिलाफ भाजपा पर बोला हमला



बैंक खाते तो भाजपा के फ्रिज होने चाहिए इन्होनें असंवैधानिक कॉर्पोरेट बांड अपने खातों में डाल रखे हैं : शकील अहमद खान

पार्टी को कई सारे कार्यक्रम करने हैं लेकिन जनता के बीच में पार्टी अपने कार्यक्रम के माध्यम से नहीं पहुंच सके, इसके लिए साजिश के तहत भाजपा और मोदी सरकार ने कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता फ्रीज करा दिया है। राजेश राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को बढ़ावा देने के लिए तुम मुझे चंदा दो, मैं तुम्हें धंधा दूंगा का स्कीम लेकर आई है। नया कानून लाया गया ताकि राजनीतिक पार्टी को चुनावी चंदा कोई भी कितनी बड़ी राशि दे दे, इसकी गोपनीयता रखी जाएगी. जिसका कांग्रेस ने शुरू से विरोध किया था और अब सर्वोच्च न्यायालय ने उस कानून को रद्द कर दिया है। कांग्रेस ने शुरू से इस कानून का विरोध किया था। अब जब न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया है, तो इसके खुन्नस में और कांग्रेस पार्टी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भाजपा ने कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता फ्रीज कर दिया है। बावजूद इसके हम लोग जनता के बीच में जाएंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता, भाजपा को सबक सिखाएगी। हालांकि आयकर गोलंबर पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने लगभग 1 घंटे प्रदर्शन किया।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भाजपा में बेचैनी

कांग्रेस पार्टी के महिला मोर्चा की नेत्री निधि पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भाजपा के अंदर बेचैनी आ गई है। राहुल गांधी को जो जन समर्थन मिल रहा है और युवाओं के मुद्दे को जिस प्रकार राहुल गांधी उठा रहे हैं, उससे बेचैन होकर भाजपा ने कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज करा दिया है। वहीं कांग्रेस के सेवा दल की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष रुचि सिंह ने कहा कि पार्टी का बैंक खाता फ्रीज करके भाजपा कांग्रेस को कमजोर करने की साजिश कर रही है. लेकिन भाजपा जान ले कि कांग्रेस को अंग्रेज कमजोर नहीं कर पाएं, तो भाजपा के बूते की बात ही नहीं. पार्टी के बैंक खाते से पार्टी कार्यालय में काम करने वाले लोगों का पेमेंट बनता है और इन सब में दिक्कत आ गई है, आगामी चुनाव में जनता इसका जवाब लेगी।

## राज्यसभा चुनाव के लिए ऑफर दे रहे कुमारस्वामी : शिवकुमार

**बंगलूरू,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा की खाली हो रही 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होंगे। इनमें से चार सीट कर्नाटक में हैं। इस बीच, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके पास जानकारी है कि कुमारस्वामी इस चुनाव में कांग्रेस विधायकों के वोट खरीदने की पेशकश कर रहे हैं। शिवकुमार ने बंगलूरू में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि कुमारस्वामी किसे फोन कर रहे हैं। वह क्या बोल हैं और क्या पेशकश कर रहे हैं। हमारे विधायकों ने हमें सारी जानकारी दी है। हम भाजपा की रणनीति से अच्छी तरह वाकिफ हैं।



पत्रकारों ने उप मुख्यमंत्री से जब पूछा गया कि क्या विपक्षी दल क्रॉस वोटिंग का प्रयास कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि क्या उन्होंने बेवजह उम्मीदवार खड़ा किया है। उन्होंने अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा है। देखते हैं कि मतदान के दिन कौन किसे वोट देता है। उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उन्होंने (एचडी कुमारस्वामी) बात की है। (कांग्रेस विधायकों को) पेशकश की है। वे (विधायक) मेरे पास आए और मुझे बताया कि उन्होंने उन्हें धमकी दी थी। मुझे इसकी जानकारी है। मैं अब इस पर कुछ नहीं बोलूंगा। पूर्व प्रधानंत्री एचडी देवगौड़ा के नेतृत्व वाली जद (एस) पार्टी पिछले भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हो गई थी।

## जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी कश्मीर घाटी में कश्मीर की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान-बारामूला के बीच ट्रेन सेवा को (श्रीनगर स्टेशन से) हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान सैक्शन (48 किलोमीटर) के बीच नई रेल लाइन और बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान सैक्शन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे। जम्मू-कश्मीर में नागरिक और शहरी बुनियादी ढांचे को बेहतर और उन्नत कर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनिहाल-खड़ी-सुम्बड़-संगलदान (15,863 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 48 किलोमीटर लम्बी रेललाइन) नई रेल लाइन तथा नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान सैक्शन (470.23 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 185.66 किलोमीटर लम्बी रेललाइन) राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



■ इलेक्ट्रिक ट्रेन व संगलदान-बारामूला के बीच ट्रेन सेवा को दिखाएंगे हरी झंडी

प्रधानमंत्री घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान और बारामूला स्टेशन के बीच (श्रीनगर स्टेशन से) ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। बनिहाल-खड़ी-सुम्बड़-संगलदान सैक्शन पर परिचालन होना कई प्रकार से महत्वपूर्ण है। इस पूरे मार्ग पर बैलास्ट लेस ट्रैक (बीएलटी) का उपयोग किया गया है जो यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, खड़ी-सुम्बड़ के बीच भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग टी-50 (12.77 किमी) भी इसी सैक्शन में स्थित है। राष्ट्र को समर्पित रेल परियोजनाएं, कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी, पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। पीर पंजाल पर्वतमाला में यूएसबीआरएल परियोजना चुनौतीपूर्ण क्षेत्र से होकर गुजरती है। परियोजना का उद्देश्य देश के बाकी हिस्सों के साथ हर मौसम के अनुकूल आरामदायक, सुगम और आर्थिक रूप से व्यवहार्य परिवहन नेटवर्क उपलब्ध करना है। कुल 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना (41,119 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ) में से, अब तक 161 किलोमीटर पर रेल परिचालन पहले से ही चालू है।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में हुई बिजली गुल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के श्रीनगर विंग में पूरी तरह से बिजली गुल होने के बाद, न्यायालय ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य सचिव को बिजली मुद्दे को हल करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने श्रीनगर विंग में बिजली गुल होने पर गंभीर चिंता जताई। न्यायमूर्ति मोक्ष खजूरिया काजमी और न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने श्रीनगर विंग में बिजली गुल होने की स्थिति को दयनीय बताया। खंडपीठ ने कहा कि अदालत के कामकाज के समय दिन में अंधेरा छा गया। इस दौरान स्थिति इतनी खराब थी कि जेनरेटर भी काम नहीं कर रहा है, कोई रोशनी नहीं है, एयर हीटिंग यूनिट (एएचयू) भी काम नहीं कर रही है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के श्रीनगर विंग की यह स्थिति दयनीय है।

### सुपौल में विभिन्न हादसों में दो बच्ची समेत तीन की मौत

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में सोमवार को दो बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रतापगंज थाने के टेकूना पंचायत के वार्ड संख्या 12 के रहने वाले जयप्रकाश दास अपने पिता रामदेव दास सहित दो अपनी नन्हीं बच्ची के साथ पनसही नहर के समीप अपने खेत में लगी गेहूं का पटवन करने गए हुए थे और दोनों बच्चियां नहर पर खड़ी थी। पिता-पुत्र दोनों ही पटवन कार्य में लग गए। कुछ समय बाद इन बच्चियों के दादा की नजर पड़ी तो पाया कि बच्चियां क्रमशः सृष्टि कुमारी पांच वर्ष और रूपा कुमारी तीन वर्ष वहां नहीं थी। वे तत्काल नहर की ओर दौड़ पड़े तो पाया कि दोनों ही बच्ची नहर में डूबीं पड़ी है।

### सचिवालय पॉइंट सेवा की नई बसों का किया लोकार्पण

**गांधीनगर।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम (जीएसआरटीसी) द्वारा सेवा में लगाई गई 70 नई बसों का सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी एवं राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की उपस्थिति में लोकार्पण किया। अहमदाबाद-गांधीनगर के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत पांच हजार से अधिक कर्मयोगियों को अब सचिवालय पॉइंट सेवा में नई 70 बसों की सुविधा मिलेगी।

### जमीन विवाद को लेकर की चचेरे भाई की हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सोमवार को एक पारिवारिक विवाद की वजह से एक व्यक्ति की उसके चचेरे भाई ने हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि बांदीपोरा जिले के हाजिन गांव में रहने वाले गुलाम मोहिउद्दीन पर्रे नाम का एक व्यक्ति भूमि विवाद को लेकर हुई झड़प के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गया।

## गठबंधन की एकता के लिए प्रतिबद्ध : महबूबा मुफ्ती

**जम्मू कश्मीर,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के इंडिया गठबंधन से अलग लोकसभा चुनाव में अपने उम्मीदवारों को उतारने की खबरों को लेकर महबूबा मुफ्ती ने अपना रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि पीडीपी इंडिया गठबंधन के साथ है और वे गठबंधन की एकता की प्रतिबद्धता पर कायम हैं। इससे पहले खबरें आई थीं कि पीडीपी प्रदेश की लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने जा रही है। इस बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया पार्टी स्वतंत्र रूप से अपने उम्मीदवार उतारेगी या इंडिया गठबंधन के साथ होकर लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा। इस बयान को पीडीपी और इंडिया गठबंधन के अलग होने की तरफ देखा जा रहा था। क्योंकि ऐसा ही नपातुला बयान नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला भी दे चुके हैं, जिसके बाद उमर अब्दुल्ला को प्रेस वार्ता कर बात को स्पष्ट करना पड़ा।



बहरहाल, अब महबूबा मुफ्ती ने पोस्ट कर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी गठबंधन के साथ है। हालांकि प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर क्या रणनीति बनाई जा रही है, अभी इस बारे में स्थिति साफ नहीं की गई है। इससे पहले नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला भी जम्मू कश्मीर में सभी सीटों पर स्वतंत्र चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं। उनके इस बयान के बाद उमर अब्दुल्ला ने पत्रकार वार्ता कर स्पष्ट किया था कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं का दृष्टिकोण है। उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ है। उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर में सीट बंटवारे की संभावना से इनकार किया है।

## बंजारा समुदाय के युवाओं को मिले उचित स्थान

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को नई दिल्ली में संत सेवालाल महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संत सेवालाल और रूप सिंह महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर बिरला ने शिवाजी जयंती के अवसर पर छत्रपति शिवाजी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

■ संत सेवालाल व रूप सिंह महाराज की जयंती पर किया संबोधित

■ बंजारा समुदाय के उत्थान के लिए संत सेवालाल के दूरदर्शी दृष्टिकोण का किया उल्लेख

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संत सेवालाल के चित्र पर भी पुष्पांजलि भी अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय इतिहास में शिवाजी के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन प्रतिकूल परिस्थितियों में शौर्य और त्याग का अनुपम उदाहरण है।



छत्रपति शिवाजी का जीवन सदियों से भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है : ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि छत्रपति शिवाजी का जीवन सदियों से भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। संत सेवालाल के जीवन के बारे में बात करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पारंपरिक रूप से खानाबदोश और समाज में सबसे अधिक उपेक्षित समुदायों में शामिल, बंजारा समुदाय के कल्याण के प्रति संत सेवालाल के अथक समर्पण का उल्लेख किया। बंजारा समुदाय के उत्थान के लिए संत सेवालाल के दूरदर्शी दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि उन्होंने अपने अथक प्रयासों से समाज के हाशिए पर रहने वाले इस वर्ग के जीवन को बदलने में मदद की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह भी कहा कि संत सेवालाल आयुर्वेद के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा के भी पक्षधर थे, जिससे उन्हें इन चिकित्सा प्रणालियों को लोकप्रिय बनाने में मदद मिली।

साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और विभाजनों को दूर करने के लिए भी प्रयास किए, जिससे बंजारा समुदाय को मुख्यधारा में शामिल करने में बहुत मदद मिली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उन्होंने बंजारों के व्यक्तित्व विकास का भी समर्थन किया ताकि उनकी अद्वितीय सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ ही उन्हें ऐसे मिथकों और अंधविश्वासों से छुटकारा दिलाया जा सके।

### अतीत की सामाजिक विभाजन की नीतियों को किया जाना चाहिए दूर

लोकसभा अध्यक्ष ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बंजारा समुदाय के योगदान के बारे में बात करते हुए उन कठिनाइयों का उल्लेख किया जिसका सामना इस समुदाय के लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किया। यह टिप्पणी करते हुए कि पूरे देश में मौजूद बंजारा समुदाय की संस्कृति साझा है और खानपान, भाषा और विरासत एक समान है। बिरला ने जोर दिया कि अतीत की सामाजिक विभाजन और भेदभाव की नीतियों को दूर किया जाना चाहिए और समाज का कायाकल्प किया जाना चाहिए ताकि बंजारा समुदाय के युवाओं की आशाएं और आकांक्षाएं पूरी हों व उन्हें विकसित भारत में अपना उचित स्थान मिले।

## सुशासन के साथ विकास करना नीतीश की है छवि : सम्राट चौधरी

**पटना,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर सवाल उठाने के बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने आरजेडी को धो डाला। सम्राट ने आरजेडी को लालू-राबड़ी राज की याद दिलाते हुए कहा कि बिहार के लोगों ने वह समय भी देखा है जब सुनियोजित तरीके से अपराध करने के बाद मुख्यमंत्री आवास में बैठकर उसकी वसूली की जाती थी।

आरजेडी के सदस्यों द्वारा सदन में अपराध को लेकर सवाल उठाने पर भड़के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि सदन में कुछ साथी विधायक क्राइम की बातें कर रहे थे लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि नीतीश कुमार की इमेज ही है सुशासन के साथ विकास करना। बिहार में अब ऑर्गनाइज क्राइम नहीं हो सकता है। नीतीश कुमार के राज में मुख्यमंत्री के आवास में बैठकर गुंडागर्दी और राजपाट नहीं चल सकता है, जिससे की अपराधीकरण हो। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने वह दिन भी देखा है जब बिहार में ऑर्गनाइज क्राइम होता था और बिहार के एक अणे मार्ग में बैठकर उसकी वसूली करने का काम किया जाता था। आज लोग जो सुसाशन पर सवाल उठा रहे हैं उन्हें इसकी जानकारी ले लेनी चाहिए। वहीं आरजेडी द्वारा सदन में विधायकों के पाला बदल का मामला उठाने पर जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि, कौन कह रहा था कि बिहार में खेला होने वाला है। खेला हो गया न.. हम लोगों ने तो कहा था कि खिलौना देंगे और बच्चे को खिलौना दे दिया गया। कोई अपने आधिकारिक मीडिया प्लेटफार्म पर यह कहे कि जेडीयू के 17 विधायक गायब हो गए तो उसके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए या नहीं होनी चाहिए।



■ बिहार में अपराध करने के बाद मुख्यमंत्री आवास में होती थी वसूली

## मप्र में गौशालाओं की राशि और मानदेय बढ़ेगा

**भोपाल,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में गायों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए खास कदम उठाए जाएंगे और मृत्यु पर सम्मानजनक तरीके से दाह संस्कार किया जाएगा। इसके साथ ही गौ-शालाओं को दी जाने वाली राशि और मानदेय में भी इजाफा किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले चर्चा में कहा कि प्रदेश में गौ-माता के सम्मान के लिए शीघ्र ही कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने हैं। अक्सर वर्षा काल में प्रमुख सड़कों और राजमार्गों पर गौ-माता के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरें सामने आती हैं। कई बार गौ-माता इन दुर्घटनाओं का शिकार होकर मृत्यु को प्राप्त हो जाती हैं। ऐसी व्यवस्था आवश्यक है कि गौ-माता सड़कों पर न दिखें और उन्हें गौशालाओं अथवा सुरक्षित स्थानों में स्थान मिले। गौशालाओं के लिए राशि और मानदेय वृद्धि का निर्णय लिया जाएगा।

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी उत्तर प्रदेश सरकार का दिखावा मात्र : अखिलेश

**लखनऊ,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में दस लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव नजदीक देख कर सरकार जनता को दिखाने के लिए निवेश का दिखावा कर रही है। यादव ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरमनी दिखावा है।



■ भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी बढ़ी

भाजपा यह सब चुनाव देखकर कर रही है। सरकार ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग का कार्यक्रम छह महीनें पहले क्यों नहीं किया। अगर निवेश के लिए कोई उद्योगपति आना चाहता है तो पहले भी आ सकता था। लेकिन अब चुनाव आ गया है। जनता में दिखावा करना है। इसलिए ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी बढ़ी है। गरीब और गरीब हो रहा है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। हालत यह है कि देश की 80 करोड़ जनसंख्या सरकारी राशन पर निर्भर है। महंगाई, बेरोजगारी से आम जनता का जीवन त्रस्त है। देश की सम्पत्ति के बड़े हिस्से पर कुछ पूंजीपतियों का कब्जा है। पूंजीपतियों की सम्पत्ति अंधाधुंध बढ़ रही है जबकि गरीब की हालत बिगड़ती जा रही है। किसान कर्जदार हो रहा है तो व्यापारी उत्पीड़न के शिकार हैं। भाजपा सरकार के दस साल में देश में गरीबी और आर्थिक तंगी से एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पांचवी अर्थव्यवस्था का दावा किया जा रहा है पर इसमें किसान कहां है। नौजवान की नौकरी, रोजगार कहां है। जिस विकसित भारत का सपना दिखाया जा रहा है उसका रोडमैप अब तक सामने क्यों नहीं रखा गया है। दावा तो यह भी किया गया है कि देश तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यह सपना कितना व्यावहारिक होगा।

योजना | *अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में बोले चम्पाई सोरेन*

# झारखंड के हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा व मकान देने को प्रतिबद्ध

**रांची, 19 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की बुनियादी जरूरत है और राज्य का कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहेगा, इसके लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री सोरेन ने सोमवार को हजारीबाग में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित।**

करते हुए कहा कि आज हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन मिल रहा है। 20 लाख से ज्यादा लाभुकों को हरा राशन कार्ड के जरिए मुफ्त अनाज दे रहे हैं।

गरीबों को वर्ष में दो बार धोती, साड़ी और लूंगी दिया जा रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख आवासविहीन, गरीब और जरूरतमंद को तीन कमरों का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में हमारी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। वर्ष 2027 तक इस राज्य में कोई भी व्यक्ति टूटे-फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। सभी का अपना पक्का मकान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार को पांच वर्षों के लिए जनादेश मिला था। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आज सरकार आपके दरवाजे पर सीधे पहुंच रही है। हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला। पिछले 4 वर्षों से वे अपने कुशल नेतृत्व में राज्य के विकास को नई दिशा देने का काम कर रहे थे। उन्होंने पिछले 4 वर्षों में जनता के हित में जो नीतियां और योजनाएं बनाई, उसे ही हम आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हेमन्त सोरेन की सोच और विजन के अनुरूप झारखंड को एक नई दिशा दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ आश्वासन नहीं देती है। हम जो कहते हैं उसे निश्चित तौर पर पूरा करते हैं। पिछले 4 वर्षों में सरकार की ओर से जो भी योजनाएं बनी है, वह जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब, जरूरतमंद, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, महिला, हर किसी के लिए योजनाएं हैं। आप इन योजनाओं से जुड़े और अपने को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड जल-जंगल-जमीन और खनिज संपदा से संपन्न राज्य है।



■ आपके दरवाजे पर सीधे पहुंच रही आज सरकार

यहां के खनिजों से देश-दुनिया जगमग कर रहा है। लेकिन, अफसोस की बात है कि यहां के आदिवासी-मूलवासी लगातार पिछड़ते गए। यहां के लोगों की किसी ने सुध नहीं ली। ना तो उनकी रोजगार की किसी को चिंता रही और ना ही स्वाभिमान की। उनकी गरीबी को दूर करने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं हुआ। लेकिन, हेमन्त सोरेन ने जब सत्ता संभाला तो यहां के आदिवासियों-मूलवासियों को उनका हक अधिकार देने का काम शुरू हुआ। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने का सिलसिला शुरू हुआ और आगे भी लगातार जारी रहेगा।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया। टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा ?

स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।

# काम करने नहीं दे रही केंद्र सरकार : केजरीवाल

## विधानसभा में दिल्ली जल बोर्ड की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर बोले मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर दिल्ली की चुनी हुई सरकार को काम नहीं करने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार हर हाल में दिल्ली जल बोर्ड की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू करा कर रहेगी। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी इन्होंने मोहल्ला क्लीनिक, सीसीटीवी, अस्पतालों की दवाइयां, फरिश्ते योजना और डीटीसी की पेंशन रोक दी थी, लेकिन हमने रूकने नहीं दी। सीएम, विधानसभा में बजट सत्र के दौरान स्कीम पर चर्चा के लिए पेश संकल्प पत्र पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ने स्कीम पास नहीं करने दिया तो इसके विरोध में दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन होगा। क्योंकि यह स्कीम लागू होने से 90 फीसद पानी उपभोक्ताओं का बिल माफ हो जाएगा। साथ ही, दिल्ली सरकार से सब्सिडी मिलने से जल बोर्ड को करोड़ों रुपए का राजस्व भी मिल जाएगा। फिर भी इस स्कीम को रोकने के लिए अफसरों को धमकी दी जा रही है कि अगर स्कीम पास की तो उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए मेरी एलजी साहब से हाथ जोड़कर विनती है कि वो अफसरों को स्कीम पास करने को कहें, अगर तब भी नहीं करते हैं तो उनको सस्पेंड करें।



अफसरों को धमकी दी जा रही है कि उन्होंने अगर दिल्ली सरकार की स्कीम पास की तो उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा : अरविंद केजरीवाल

दरअसल, विधानसभा में बजट सत्र के दौरान अध्यक्ष रामनिवास गोयल की अनुमति से लेकर सदस्यों ने डीजेबी की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर चर्चा करने के लिए सदन पलट पर संकल्प पत्र पेश किया। संकल्प पत्र का समर्थन करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार है। इसके बावजूद हमारी सरकार की एक पॉलिसी लागू नहीं हो रही है और पॉलिसी को लागू कराने के लिए दिल्ली विधानसभा के सदन में चर्चा हो रही है। दिल्ली के अंदर लोगों के गलत बिल आ रहे हैं और उन बिलों को ठीक कराने के लिए यह पॉलिसी लाई जा रही है। आज सदन में सत्ता पक्ष कह रहा है कि पानी उपभोक्ताओं के गलत बिल ठीक होने चाहिए ओर विपक्ष कह रहा है कि बिल ठीक नहीं होने चाहिए। दिल्ली को लेकर यह एक बड़ी विसंगति है। कहने के लिए तो दिल्ली आधा राज्य है, लेकिन हमें ऐसा लगता है कि 5 फीसद भी राज्य नहीं है। अगर दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो किसी ऑफिसर की हिम्मत नहीं थी कि वो मुख्यमंत्री या मंत्री द्वारा दिए गए आदेशों की अवहेलना करके दो मिनट भी अपने पद पर बना रह जाता।

### भाजपा ने जनता की समस्याओं पर केवल खुशी मनाई : मुख्यमंत्री

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार आम आदमी की सरकार है, जनता की सरकार है। हम जनता की भलाई देखते हैं। सदन को कई सदस्यों ने बताया कि अगर वो अपने कार्यालय में बैठे हैं तो गलत बिल ठीक कराने वालों का तांता लगा हुआ है। इसे कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है। आज तक इन लोगों ने जनता की समस्याओं को नजर अंदाज किया और खुशी मनाई। इसीलिए दिल्ली में आज इनकी यह हाल है कि कभी तीन तो कभी आठ सीट आती है। वहीं, हमारी सरकार दिल्ली की जनता के पानी बिल की समस्या का समाधान करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना लेकर आए। इस योजना के अंतर्गत कोई उपभोक्ता जब से अपने पानी का बिल नहीं जमा किया है, उस दौरान उसकी दो या दो से ज्यादा ओके रीडिंग मिलती है तो उस रीडिंग को सही मान लिया जाएगा और उसका औसत लेकर उस पर बचे महीने का बिल बना दिया जाएगा। मसलन, किसी उपभोक्ता की ओके मीटर रीडिंग 18 हजार लीटर आ रही है और दूसरी ओके रीडिंग 21 हजार लीटर आ रही है। इन दोनों ओके रीडिंग पर उपभोक्ता भी सहमत है तो 18 और 21 हजार की रीडिंग मिलकर 39 हजार हो जाएगी। इसको 2 बांट दिया तो प्रतिमाह की रीडिंग 19.5 लीटर पानी की हो जाएगी। इसी आधार पर बाकी महीनों का बिल बना दिया जाएगा।

# पानी के सेटलमेंट के नाम पर राजनीति कर रहे हैं केजरीवाल : वीरेन्द्र सचदेवा

## जल बोर्ड के उपयोक्ताओं को ठगने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार ने गत 9 साल में अपने भ्रष्टाचार के खेल से ना सिर्फ दिल्ली जल बोर्ड को आर्थिक रूप से पूरी तरह बर्बाद किया है बल्कि जल बोर्ड के लाखों उपयोक्ताओं को भी ठगा है।

सत्ता में आने से पूर्व अरविंद केजरीवाल दिल्ली की तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर जल बोर्ड के माध्यम से टैंकर घोटाला करने और हवा के दबाव से चलने वाले फूंक मीटर जिन्हे एयर फ्लो मीटर भी कहा जाता लगा कर उपभोक्ताओं को लूटने की कोशिश करने का आरोप लगाते थे पर सत्ता में आने के केजरीवाल अपना हर वादा भूल गए। दिल्ली को टैंकर माफिया मुक्त करने का दावा करने वाले केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड के माध्यम से अंधिकृत कॉलोनियों एवं क्लस्टरों में पाइप लाइन डलवा कर पानी सप्लाई का लाभ देने के बड़े बड़े वादे किये था पर नौ साल बाद भी टैंकर माफिया दिल्ली को लूट रहा है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के चलते आज दस लाख से अधिक दिल्ली जलबोर्ड उपभोक्ता फूंक वाले मीटर का आर्थिक दंश भोग रहे हैं।



एयर फ्लो मीटर के सताये उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए आवश्यक है की सरकार स्वीकारे की सरकार के मीटरों की गलती से अनाप शनाप बिल जारी हुए जिन्हे हम वापस ले रहे हैं।

साथ ही सरकार को अधिकारियों के साथ बैठ कर माफी नियम बनाने की भी जरूरत है जिस पर केजरीवाल सरकार कोई काम नही कर रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की यह खेदपूर्ण है की केजरीवाल सरकार बिना प्रशासनिक नियम पालन किये उपभोक्ताओं को पानी राहत बिल कम करने का असम्भव सपना दिखा रही है जो कभी ना पूरा होने वाला एक छलावा मात्र है।

**सार संक्षेप**

### अपनी हरियाली और टूरिज्म को प्रदर्शित करेगी झारखंड सरकार




**नई दिल्ली।** झारखंड सरकार 22 से 24 फरवरी तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में एसएटीटीई 2024 में देश और दुनिया के सामने अपनी हरियाली और इको टूरिज्म की संभावनाओं का प्रदर्शन करेगी। दक्षिण एशिया के ट्रैवल शो- एसएटीटीई 2024 में झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग की भागीदारी, झारखंड को एक पसंदीदा पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने, पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने और क्षेत्र में पर्यटन से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार के अधिकारियों ने कहा कि हमारी प्रदर्शनी स्टाल डिजाइन झारखंड की हरियाली और इसकी इको टूरिज्म संभावना को देश और दुनिया के सामने प्रदर्शित करने की अवधारणा से जुड़ी है। एसएटीटीई-2024 यात्रा और पर्यटन उद्योग के पेशेवरों के लिए दुनिया भर के संभावित खरीदारों और ग्राहकों की एक विस्तृत श्रृंखला के सामने अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। यह आयोजन भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बोर्डों और यात्रा संघों द्वारा समर्थित है, जो इसे नेटवर्किंग, ज्ञान साझा करने और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनाता है।

### शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मेट्रो से किया सफर

**नई दिल्ली।** विवेकानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज परिवार के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए उद्योग भवन से पीतमपुरा तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मेट्रो सफर किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि, स्वच्छ, आरामदायक, सुविधाजनक, कुशल, पर्यावरण और जेब के अनुकूल दिल्ली मेट्रो दिल्ली वासियों के लिए एक जीवन रेखा है। खुशी है कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिवहन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने हमारे शहरों में आराम और सुविधा के साथ-साथ शहरी जीवन को और अधिक आसान बना दिया है।

### व्यवसायी की हत्या व लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जामा मस्जिद इलाके में हत्या और डकैती के मामले में वांछित 35 वर्षीय एक व्यक्ति करीब एक दशक से फरार था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बड़े पैमाने पर तलाशी के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान देवेंदर कुमार के रूप में हुई है। उस की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस के अनुसार, एक शिकायतकर्ता ने नवंबर 2014 में रिपोर्ट दी थी कि उसके पिता, जो चांदनी चौक इलाके के एक प्रसिद्ध व्यवसायी हैं और गिर्राज टेक्सटाइल और अरुण साड़ी सेंटर के नाम से अपना व्यवसाय चलाते हैं, जामा मस्जिद इलाके में उनके छीपीवाड़ा घर में मृत पाए गए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनके ड्राइवर और उसके सहयोगियों ने उनका गला घोंट दिया था और बड़ी रकम लेकर भाग गए थे। जांच के दौरान, राजबीर और सर्वेश नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन उनका एक सहयोगी देवेंद्र तब से फरार था।

# हेमेंत सोरेन की तरह जेल जाएंगे केजरीवाल : भाजपा

## भाजपा ने केजरीवाल के ईडी के सामने पेश न होने पर साधा निशान

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजा था। आप ने ईडी के समन को गैर कानूनी बताया है। आप ने कहा कि ईडी के समन की वैधता का मामला अब कोर्ट में है। ईडी ने खुद कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

ईडी को बार-बार समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। यह 6ठी बार है, जब केजरीवाल ईडी के समन पर पेश नहीं हुए हैं। वही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फिर से बीजेपी के नेताओं ने निशाना साधा है और कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बार-बार कानून का उल्लंघन कर रहे हैं, कानून का मजाक बना रहे हैं। दिल्ली भाजपा सचिव बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वाहनों के चैंपियन बन गए हैं। 17 फरवरी को जब अरविंद केजरीवाल की कोर्ट में पेशी थी पूर्ण बहुमत की सरकार होने के बावजूद भी उन्होंने 16 फरवरी को दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव लेकर आए और कोर्ट के सामने बहाना बनाया कि 17 फरवरी को सदन में बहस लगी है इसलिए मैं कोर्ट के सामने आ नहीं सकता। साफ जाहिर होता है कि वह कानून का मजाक बना रहे हैं। मेरा दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से अनुरोध है कि आप जितने भी बहाने और पैंतरेबाजी खेल रहे हैं। यह बिल्कुल भी काम नहीं आने वाली है और इससे आप बचने वाले नहीं है इसलिए आप ईडी के सामने पेश हो जाएं। भाजपा नेता हरीश खुराना ने कहा है कि मुझे पूर्ण उम्मीद थी कि इस बार भी अरविंद केजरीवाल ईडी के समन का सम्मान नहीं करेंगे और हुआ भी यही। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कानून का मजाक बना रहे हैं। मामला कोर्ट के अंदर है जानबूझकर वह दिल्ली विधानसभा के अंदर विश्वास प्रस्ताव लेकर आए। ताकि आप ईडी के सामने न जाए और इस पूरे मामले को कैसे खींच सके। आपको हेमंत सोरेन भी याद होंगे 10 समन मिलने के बाद वह भी कोर्ट गए थे। लेकिन कोई राहत नहीं मिली और उन्हें जेल जाना पड़ा। इस प्रकार अगर आप भी ऐसे करेंगे तो आपको भी जेल जाना पड़ेगा। आपकी भी गिरफ्तारी होगी, कानून के तहत आपको भी गिरफ्तार किया जाएगा। आपको भी बहुत सारे सवालों के जवाब देने हैं। कैसे शराब घोटाला दिल्ली में हुआ, कैसे हुआ 5 फीसदी से 12 फीसदी कमीशन सब कुछ आपके सामने आपकी मौजूदगी में हुआ। इन सब सवालों का जवाब देना है 300 करोड रुपए मनी ट्रायल को सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है।

# म्यूजिक हवेली में आयोजित हुआ ब्रह्मपुरी जनपद का संस्कृत सम्मेलन

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर पूर्वी जिला घौंडा वार्ड 231 की निगम पार्षद प्रीति गुप्ता के पार्षद कार्यालय म्यूजिक हवेली में संस्कृत भारती की तरफ से ब्रह्मपुरी जनपद का संस्कृत सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें अनेक संस्कृत अनुरागियों ने भाग लिया। विभिन्न संस्थाएं जो संस्कृत उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं उनके प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। जिनमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जनपद कार्यवाह प्रवीण गौतम, बिहार नगर के नगर प्रचारक पवन, धर्म जागरण मंच के जनपद प्रभारी मनोज शर्मा, पतंजलि योगपीठ की तरफ से विनायक शर्मा, आर्य समाज गुरुकुल ब्रह्मपुरी की तरफ से सुंदर शास्त्री, भारत विकास परिषद की तरफ से रविकांत तिवारी, वहीं घौंडा वार्ड 231 की निगम पार्षद निगम पार्षद प्रीति गुप्ता एवं उनके पति




अभिनेता एवं निर्देशक नीरज गुप्ता, जग्गू की लालटेन फिल्म के निर्माता ने कार्यक्रम की सुंदरता बढ़ाई। संस्कृत भारती की तरफ से सह प्रांत मंत्री दिल्ली प्रांत सुशील एवं पत्राचार प्रांत प्रमुख संस्कृत भारती की तरफ से धनंजय, राकेश सेमवाल, यमुना विहार विभाग संयोजक तथा अमोल मणि, संयोजक करावल नगर जनपद पंकज, विस्तारक ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन संस्कृत भारती की जनपद संयोजिका डॉ रीना नियारिया एवं विवेक कुमार द्विवेदी ने किया। संजय भारद्वाज, बृज बिहारी पाल, राकेश रंजन, धर्मेंद्र कुमार, राहुल नागर, सुशील बंसल, रणधीर गौतम, गौरव, रीना सैनी, प्रीति गुप्ता टीम विजय भाटिया मीडिया, मनोज सैनी, उर्मिला शुक्ला, सोनम शर्मा एवं अन्य विदुषी तथा साथ-साथ में सुदामा पुरी बाल केंद्र के सभी बच्चे कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# प्रगति विचार साहित्य महोत्सव 2024 का आयोजन

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। प्रगति विचार साहित्य महोत्सव के तीसरे संस्करण ने एक प्रशंसापूर्ण सफलता हासिल की, जिसने 320 के से अधिक वोट्स का एक अद्वितीय रिकॉर्ड बनाया। यह छह दिवसीय महोत्सव दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर, प्रगति मैदान में आयोजित हुआ, जिसमें किताबों के शौकीनों, लेखकों, और इंडस्ट्री पेशेवरों का एक विविध समूह सम्मिलित हुआ।



पिछले संस्करणों की सफलता को और भी शानदार बनाते हुए पीवीएलएफ 2024 उत्सव और भी उत्कृष्ट और व्यापक रहा। पीवीएलएफ ऑथर्स मैराथन रहा जिसके अंतर्गत प्रसिद्ध लेखकों और नवोदित प्रतिभाओं को मानसिक स्वास्थ्य से लेकर स्थिरता तक के विषयों पर प्रेरक बातचीत में शामिल होते देखा गया, जिससे विचारोत्तेजक चर्चाएं हुईं। श्रोताओं ने इस उत्सव के दौरान शिव खेड़ा, अमी गंत्रा, कर्नल आरएसएन सिंह, कपिल कुमार और सागरिका चक्रवर्ती सहित अन्य प्रसिद्ध हस्तियों के विचारों का भरपूर आनंद लिया।

# पूर्व महापौर ने आनंद पर्वत स्लम एरिया में लगाया जनता दरबार

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व महापौर जय प्रकाश ने आनंद पर्वत औद्योगिक क्षेत्र के स्लम क्षेत्र में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। जयप्रकाश ने बताया की जनता दरबार में भारी संख्या में लोगो ने भागीदारी की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कूड़े का ढेर, गलियां टूटी हुई एवं गंदे पानी की भारी समस्या है।

लोगों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, क्षेत्रीय विधायक सोमदत्त एवं क्षेत्रीय पार्षद पूजा मानसिंह के खिलाफ भारी आक्रोश है। जयप्रकाश ने बताया की जनता की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग जैसे दिल्ली जल बोर्ड, डीयूएसआईबी और नगर निगम के अधिकारियों से बात की और समाधान के लिए आदेश दिया। जयप्रकाश ने लोगों को संबोधित करते हुए दिल्ली सरकार की नाकामियां पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरा और क्षेत्रीय



विधायक के नकारेपन के बारे में भी लोगों को बताया दिल्ली सरकार स्लम एरिया में लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने में नाकाम साबित हो रही है साथ ही पूर्व महापौर ने लोगों को मोदी सरकार की जन लाभकारी नीतियों के बारे में भी अवगत कराया एवं अगली बार कैंप लगाकर सबके फॉर्म भरने का आग्रह किया।

# विप्पा ने मनाया अपना 11वां स्थापना दिवस

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। विंड इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (WIPPA) ने नई दिल्ली में अपना 11वां स्थापना दिवस सम्मेलन मनाया। WIPPA भारत के पवन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए पवन ऊर्जा डेवलपर्स, स्वतंत्र बिजली उत्पादकों (WIPPA) और सरकारी हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में सहित प्रतिष्ठित नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग के हितधारक एक साथ आए। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के सचिव बी. एस. भल्ला, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और पवन उद्योग के नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। डब्ल्यूआईपीपीए एक अग्रणी राष्ट्रीय स्तर की पंजीकृत संस्था के रूप में उभरी है, जिसमें भारत के सैंतीस प्रमुख पवन डेवलपर्स और आईपीपीएस शामिल हैं। जनवरी 2013 में स्थापित, डब्ल्यूआईपीपीए पवन ऊर्जा क्षेत्र के हितों को आगे बढ़ाने वाले अनुकूल नियामक ढांचे और नीतियों को आकार देने के लिए नीति निर्माताओं के साथ रचनात्मक जुड़ाव की सुविधा प्रदान करता है। सम्मेलन में पवन ऊर्जा क्षेत्र के बारे में जागरुकता और दृश्यता बढ़ाने का प्रयास किया गया, जिससे इस क्षेत्र में त्वरित प्रगति हो सके। एमएनआरई के सचिव बी. एस. भल्ला ने ग्यारह साल पूरे होने पर प्रत्येक डब्ल्यूआईपीपीए सदस्य को बधाई देते हुए इस बात पर जोर दिया कि 'सरकार ने सरलीकृत नियामक प्रक्रियाओं के संदर्भ में आवश्यक हस्तक्षेप किया है, नौकरशाही बाधाओं को कम किया है, और पवन ऊर्जा क्षेत्र में घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल नीतियां पेश की हैं, जिन में में मानक बोली दिशानिर्देश, आईएसटीएस छूट, एलपीएस, बैंक योग्य पीपीए शामिल हैं। हमने ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के निर्बाध एकीकरण और निकासी को सुनिश्चित करने के लिए ग्रिड बुनियादी ढांचे और ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत करने में भी निवेश किया है। हमारा ध्यान पवन ऊर्जा की तैनाती में तेजी लाने और सहयोग, नवाचार और स्थिरता के लिए साझा प्रतिबद्धता के माध्यम से हमारे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने पर स्थिर है।' 'भारत का पवन ऊर्जा क्षेत्र 2030 तक देश के 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करने का एक मजबूत वादा दिखाता है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर बम की फर्जी कॉल करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस ने कथित तौर पर प्रचार पाने के लिए यहाँ इंदिरा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बम लगाए जाने की फर्जी कॉल करने के आरोप में 20 साल एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी निवासी कुशाग्र अग्रवाल के रूप में हुई है। आईजीआई एयरपोर्ट थाने को 18 फरवरी को रात 10-49 बजे एक पीसीआर कॉल आई। कॉल करने वाले ने दावा किया कि उसने एयरपोर्ट ग्राउंड में बम लगा दिया है। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाईअड्डा) उषा रंगनानी ने कहा कि कॉल की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए



**प्रचार पाने के दिया घटना को अंजाम**

दिल्ली हवाईअड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया और पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। हालांकि, हवाईअड्डे की गहन तलाशी के बाद बम की धमकी वाली कॉल अफवाह निकली। डीसीपी ने कहा कि उचित सत्यापन के बाद कॉल को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित उद्योग विहार थाने में स्थानांतरित कर दिया गया और आईपीसी की धारा 506 और 507 के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान फोन करने वाले का मोबाइल नंबर कई बार मिलाया गया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया और कुछ देर बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। डीसीपी ने कहा, आरोपी की तलाश में फर्जी कॉल करने वाले के नंबर का विवरण लेकर और उस पर तकनीकी निगरानी रखी गई, लेकिन कॉल करने वाले के बारे में पर्याप्त सुराग नहीं मिल सके। लगातार तकनीकी निगरानी पर, कथित मोबाइल नंबर कुशाग्र अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत पाया गया। छापेमारी की गई लेकिन अग्रवाल घर पर मौजूद नहीं था। डीसीपी ने कहा, उनके परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की गई लेकिन उन्होंने बताया कि अग्रवाल घर से बाहर हैं।

# बदमाशों ने किया लूटपाट का प्रयास

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में रविवार रात ज्वेलरी शोरूम बंद कर रहें पिता-पुत्र के साथ बदमाशों ने लूटपाट का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने पिस्टल के बट से दोनों के सिर पर हमला कर दिया। हमले में पिता राजेश पांडेय (58) और बेटा मोहित पांडेय (26) लहूलुहान हो गए। बदमाश बैग छीनने में कामयाब नहीं हुए तो हवाई फायरिंग की। लोगों की भीड़ जुटती देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। पुलिस को घटना स्थल से तीन खोखा, तीन कारतूस और एक मैगजीन मिली है। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपियों को दबोचने के लिए तीन टीमों का गठन कर दिया गया है। सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि राजेश पांडेय परिवार के साथ गली नंबर-5, सोनिया विहार में रहते हैं। तीसरे पुश्ते, मेन मार्केट में इनका ज्वेलरी शोरूम हैं।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रोजा याकूबपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटित आवंटन संख्या-आर.ओ.जे.01159सी, भूखण्ड संख्या-287डी, क्षेत्रफल-80 वर्ग मीटर श्री विजेन्द्र पुत्र श्री धर्मपाल, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री विजेन्द्र पुत्र श्री धर्मपाल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती मंजू पत्नी स्व० श्री विजेन्द्र, सर्वश्री कुनाल नागर, नवीन नागर पुत्रगण स्व० श्री विजेन्द्र, श्रीमती मोनिका (विवाहित), कु० शिखा (अविवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री विजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्रीमती मंजू पत्नी स्व० श्री विजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्रीमती मंजू पत्नी स्व० श्री विजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

वर्तमान सरकार अध्यात्म और आर्थिक क्षेत्र में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य कर रही हैं। जिसके चलते वह दिन दूर तक जब भारत विश्व गुरू बनेगा, क्योंकि दुनिया का कोई भी राष्ट्र नैतिक मूल्य स्थापित किए बिना आर्थिक, सामाजिक विकास में स्थायीत्व प्राप्त नहीं कर सकता।

इन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 आयोजित

## भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा : वीके सिंह

**गाजियाबाद,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के तत्वावधान में सोमवार को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 एवं प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण कार्यक्रम अवध पैलेस, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में किया गया। इस मौके पर 15 निवेशकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विश्वकर्मा टूल कीट से 42 महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, उद्योमियों, व्यापारियों सहित शहर की जानी मानी हस्तियां मौजूद रहीं।

सजीव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार मोदी के कुशल निर्देशन और नेतृत्व से देश प्रदेश विकास के हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। यह सब मोदी जी की दूरगामी सोच का ही परिणाम है। सजीव प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य हैं हर लाभार्थी को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ जरूरी सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। जब तक भारत का हर परिवार सुखी और सम्पन्न नहीं हो जाता है तब तक हम



■ सरकार अध्यात्म और आर्थिक क्षेत्र में समन्वय बनाकर कर रही हैं कार्य : इन्द्र विक्रम सिंह

चैन से नहीं बैठेगे। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि मोदी जी योगी जी के नेतृत्व में देश-प्रदेश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर हैं, भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। गाजियाबाद के हिण्डन एयरपोर्ट से जल्द ही सभी राज्यों के लिए हवाई जहाज उड़ान भरेंगे जिससे गाजियाबाद के उद्यमियों, व्यापारियों सहित अन्य लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा




कि अन्य देशों की अपेक्षा भारत में उद्योग लगाना ज्यादा आसान और सुरक्षित है। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार अध्यात्म और आर्थिक क्षेत्र में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य कर रही हैं। जिसके चलते वह दिन दूर तक जब भारत विश्व गुरू बनेगा, क्योंकि दुनिया का कोई भी राष्ट्र नैतिक मूल्य स्थापित किए बिना आर्थिक, सामाजिक विकास में स्थायीत्व प्राप्त नहीं कर सकता। कार्यक्रम में स्वागत सम्बोधन मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने किया। जिला पंचायत अध्यक्षा ममता त्यागी, विधायक अतुल गर्ग, एमएलसी दिनेश गोयल एमएलसी, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।



## टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त ने जोनल प्रभारीयों को 100 करोड़ वसूलने का दिया लक्ष्य

**गाजियाबाद,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा 31 मार्च 2024 तक टैक्स वसूली को लेकर 100 करोड़ का टारगेट बनाया गया है। जिसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स विभाग के अधिकारियों से बैठक की। बैठक के दौरान समस्त जोनल प्रभारी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, तथा सभी जोन के टैक्स सुपरिंटेंडेंट मौजूद रहे, बैठक के दौरान नगर आयुक्त द्वारा टीम की प्रशंसा करते हुए आगामी योजना तैयार की गई। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव ने बताया कि पिछले वर्ष के सापेक्ष बेहतर वसूली की गई है जिसकी प्रशंसा प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा भी की गई। फरवरी माह के बचे हुए दिनों में उपस्थित सभी जोनल प्रभारी को अलग-अलग टारगेट भी दिया गया है वसुंधरा जोन को 5 करोड़, कवि नगर को 3 करोड़, सिटी जोन को 3 करोड़, मोहन नगर जोन को 3 करोड़ तथा विजयनगर जोन को एक करोड़ वसूली का टारगेट दिया गया है।

■ कम टैक्स देने वाले क्षेत्रों में कराये प्रचार प्रसार : नगर आयुक्त

## निगम स्कूलों में बढ़ाई जाए खेल की गतिविधि : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम खिलाड़ियों प्रतिभा को आगे बढ़ता रहा है जिसके क्रम में जूडो प्लेयर रिया कश्यप नेशनल खिलाड़ी है जो की गाजियाबाद नगर निगम एमबी गर्ल्स स्कूल चंद्रपुरी की 12वीं कक्षा की छात्रा है जिसके द्वारा देश में अनेकों मेडल हासिल किए गए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने रिया कश्यप को पुरस्कृत करते हुए 31000 का चेक सोपा गया। साथ ही आगे बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धन किया। गाजियाबाद नगर निगम की अन्य स्कूलों में भी छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को निर्देशित किया गया। राकेश कुमार कश्यप की बेटी रिया कश्यप ने खेलो इंडिया जूडो में ब्राउन हासिल किया तथा नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडल हासिल किया गया, नगर आयुक्त रिया को पुरस्कृत करते हुए अपनी प्रतिभा को बिना रोक आगे बढ़ाने के लिए मोटिवेट किया गया। अभिभावकों को



■ निगम स्कूल की छात्राओं की प्रतिभाओं को नगर आयुक्त ने सराहा
■ नेशनल जूडो प्लेयर रिया कश्यप को किया पुरस्कृत

भी शुभकामनाएं दी तथा खेल जगत में शहर की बेटियां आगे आए और देश में अच्छा मुकाम हासिल करें इस प्रकार शुभकामनाएं भी दी।

गाजियाबाद नगर निगम के पांचो स्कूल में छात्राओं द्वारा बेहतर शिक्षा हासिल की जा रही है इसी बीच में कई छात्राएं खेल जगत में भी आगे बढ़ रही हैं संबंधित अधिकारी को निगम के स्कूलों में खेल से संबंधित व्यवस्था करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

## सार संक्षेप

### एल्विश ने अब यूपी पुलिस को बताया अच्छा

**नोएडा।** जयपुर से एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद नोएडा पुलिस को चुनौती देने वाले मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव ने अब एक वीडियो में यूपी पुलिस को अच्छा बताते हुए मामले में हर संभव सहयोग करने की बात कही है। शनिवार को एल्विश ने वीडियो जारी कर पीएफआई संस्था के सदस्यों पर उगाही करने का आरोप भी लगाया था। वीडियो में पुलिस को खुली चुनौती दी थी रेव पार्टी में शामिल होने की बात को साबित करे। एल्विश यादव व्लॉग्स चैनल पर उसका जो 14 मिनट 26 सेकेंड का अब वीडियो आया है उसमें वह मां से बातचीत करते हुए कहा रहा कि यह नया साल उसके लिए अच्छा नहीं है। मार्च के बाद सब अच्छा होगा। पुलिस ने मुझे सहयोग करने के लिए बुलाया था और मैं गया भी था। अपनी बात कहकर चले आए। इस केस से उसका कोई वास्ता नहीं है। एफएसएल रिपोर्ट में सांपों का ही जहर होने की पुष्टि होने के बाद नोएडा पुलिस अब एल्विश से दोबारा पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि इस मामले में साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### निवेश प्रस्ताव को धरातल पर लाने हेतु जिलाधिकारी विधायकों द्वारा कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ



बुलन्दशहर। सोमवार को निवेश का महाकुंभ, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 का प्रदेश में 10 लाख करोड़ से अधिक निवेश परियोजनाओं का का शुभारम्भ लखनऊ में प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इसी क्रम में बुलंदशहर नगर के निकुंज हाल में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह व सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह, खुर्जा बिधायक मीनाक्षी सिंह द्वारा 164 एम0ओ0यू0 में 12157 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर लगने हेतु दीप प्रज्वलित कर सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। उपस्थित उद्योग बंधुओं को जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 को धरातल पर लाने हेतु शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में कार्य कर इस योजना को धरातल पर लाया गया है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित उद्योग बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना सिटी मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश प्रियदर्शी व जीएम0डीआईसी आशुतोष कुमार तथा उद्यमी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या में वांछित पति व देवर गिरफ्तार

**नोएडा।** महिला को मारकर शव हिंडन नदी में फेंकने के मामले में पुलिस ने महिला के पति और देवर को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने महिला से शादी के चार साल बाद दहेज में 2 लाख रुपए देने की डिमांड की थी। पैसा नहीं मिलने पर ये लोग महिला को प्रताड़ित कर रहे थे। इसके बाद दोनों ने महिला की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों गाढ़ी गोलचक्कर से गिरफ्तार किया है।

## नोएडा में हुआ जीबीसी का आयोजन



■ 10 करोड़ से कम निवेश करने वाले 65 निवेशकों को किया गया सम्मानित

**नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। लखनऊ में 10 लाख करोड़ के निवेश परियोजना का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर सेक्टर-6 इंदिरा गांधी कलाकेंद्र ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद डॉ. महेश शर्मा, प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम 10 करोड़ से कम निवेश करने वाली 65 निवेशकों और 50 अभियार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस सभी टूलिकट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 19 से 21 फरवरी तक होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में उद्यमियों, व्यवसायियों और विभिन्न कंपनियों से 483 एमओयू हस्ताक्षरित कराए गए है। जिसके सापेक्ष 1 लाख करोड़ का निवेश और 4 लाख 39 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 में कुल 302 परियोजनाओं को शामिल किया गया। इन परियोजनाओं से करीब 75 हजार करोड़ का निवेश और 3 लाख 52 हजार 993 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आइकिया, गोदरेज प्रापर्टीस लिमिटेड, हल्दीराम स्नेक्स प्राइवेट लिमिटेट, धर्मपाल सतपाल लिमिटेड के अलावा कई बड़ी निवेश कंपनियां शामिल है। इन कंपनियों को आगामी पांच साल में यहां निर्माण करना होगा। साथ ही प्राधिकरण से फंक्शनल सर्टिफिकेट लेना होगा।

बता दे इससे पहले हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 के तहत इस साल 67 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए कंपनियां धरातल पर उतर चुकी है। इन कंपनियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में भूमि आवंटन किया गया था। इस दौरान प्राधिकरण की सभी श्रेणियो में कुल 4 लाख 82 हजार 801 वर्गमीटर जमीन 414 कंपनियों को आवंटित की गई। इससे प्राधिकरण को कुल 3456 करोड़ का राजस्व और 20783 करोड़ का निवेश मिलेगा।

## किसानों का नारा ‘संपूर्ण समाधान या समाधि’

**नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में गौतमबुद्ध नगर के किसान 23 फरवरी को दिल्ली कूच करेंगे। इसकी रणनीति तैयार करते हुए किसानों ने ‘संपूर्ण समाधान या समाधि’ का नारा दिया है। किसानों ने आरोप लगाया कि उनके साथ 2019 से वादाखिलाफी की जा रही है। प्रशासन ने 13 फरवरी को बैठक की। इस बैठक में डीएम, पुलिस कमिश्नर, तीनों प्राधिकरण के सीईओ, डीएम ने आश्वत किया था कि 18 फरवरी को हाइपर कमेटी के साथ बैठक होगी। जिसमें मांगों को रखा जाएगा। ऐसा हुआ नहीं किसानों के साथ वादाखिलाफी की गई।

इसको लेकर ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के बाहर चल रहे धरना प्रदर्शन में पंचायत की गई। इस ऐलान के बाद जिला प्रशासन ने किसानों से संपर्क किया। और तीन दिन का समय मांगा। किसानों ने 3 दिन का समय दिया और कहा कि 23 फरवरी को दिल्ली कूच किया जाएगा। क्योंकि अधिकारियों की फितरत ही वादाखिलाफी करने की है। इसलिए हम समय तो दे रहे है कि लेकिन हमारी तैयारी पूरी है।

इस संयुक्त किसान मोर्चा में भारतीय किसान परिषद, अखिल भारतीय किसान सभा, जय जवान जय किसान मोर्चा शामिल है। जिनके समर्थन में नोएडा के हजारों किसान है। भारतीय किसान संगठन के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि 23 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे सभी किसान ट्रैक्टर ट्राली के साथ महामाया फ्लाईओवर के नीचे एकत्रित होंगे। वहां से दिल्ली के रवाना होंगे। दिल्ली में चिल्ला बॉर्डर से प्रवेश किया जाएगा। इसके बाद संसद भवन जाएंगे।

बता दे 8 फरवरी को किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया था। लेकिन वो इसमें सफल नहीं हो पाए थे। नोएडा पुलिस ने उन्हें सेक्टर-18 फ्लाईओवर के पास ही रोक लिया था। साथ कई घंटों तक दिल्ली लिंक रोड बंद होने से पूरे शहर में लाखों वाहन जाम में फंसे थे। वाहन चालकों को सात घंटे तक जाम झेलना पड़ा था। इसके बाद कमिश्नर ऑफ पुलिस के आश्वासन के किसान दिल्ली लिंक रोड से उठे थे।

**23 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान, अब तक नहीं बनी हाई पावर कमेटी**

### 21 को एक और संगठन करेगा दिल्ली कूच

21 फरवरी को भारतीय किसान यूनियन-बलराज के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने कहा कि नोएडा विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2005 मे गांव शहदरा की जमीन खसरा नंबर 169 का लिखित इकरारनामा के माध्यम से अधिग्रहण किया था। जिसमें लिखित में दिया गया था कि किसान को दस प्रतिशत अविकसित भूखंड एवं 64.7 अतिरिक्त मुआवजा और पुनर्वास योजना का लाभ देना तय हुआ था। लेकिन प्राधिकरण ने जब किसान को जमीन के इकरारनामे का कोई लाभ नहीं दिया तो किसान ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद की शरण ली। जिसमें न्यायालय ने किसान की सुनवाई करते हुए 2013 में जमीन पर स्टे दे दिया। जिस पर उनकी खुद की वर्षों पुरानी दुकानें बनी थीं। स्टे होने के बावजूद नोएडा प्राधिकरण ने इनको ध्वस्त कर दिया। ऐसे में यहां किसान यूनियन ने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ऐसे में किसानों ने अब 21 फरवरी को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दिल्ली आवास को घेरने का निर्णय लिया है।

#### हाइपावर कमेटी में इनको किया जाना है शामिल

पुलिस व किसानों के मध्य यह प्रस्ताव पास हुआ था कि एक हाई पावर कमेटी जिसमें जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, कमिश्नर, तीनों सीईओ, अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, एनटीपीसी सीएमडी, औद्योगिक विकास मंत्री व नोएडा चेयरमैन रहेंगे। इनके साथ बैठक कर कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। हालांकि 19 फरवरी बीत जाने के बाद भी ये कमेटी नहीं बन सकी।

## ईएसआईसी के 73वें स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य मेले व प्रदर्शनी का आयोजन

**नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा 73वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनईए भवन बी-110ए में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक स्वास्थ्य मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सेक्टर-24 के विशेषज्ञ डाक्टर जिसमें एलोपेथिक, होम्योपेथिक एवं आयुर्वेद द्वारा इकाईयों में कार्यरत लगभग 200 श्रमिकों व उनके आश्रितों की जांच की गई। साथ ही दवा वितरित की गई। इसके अलावा विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा विभिन्न बिमारियों से बचाव व सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई। नुक्कड़ नाटक के जरिए ईएसआई अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे जानकारी दी गई। इस अवसर पर चिकित्सा आयुक्त डॉ. दीपिका गोविल ने नई पालिसी के बारे में जानकारी दी। अवगत कराया कि कर्मचारी राज्य



बीमा निगम द्वारा सारी सुविधाएं ऑन लाइन कर दी गई है। जिसका लाभ काफी श्रमिक उठा रहे हैं। ईएसआई अस्पताल में स्वास्थ्य से संबधित मेडीकल सुविधाएं उपलब्ध है। गंभीर रूप से बीमार लोगों जिनका उपचार ईएसआई अस्पताल में उपलब्ध नहीं है ऐसे मरीजों को प्राइवेट अस्पताल जहां पर उचित उपचार उपलब्ध है। वहां रेफर किया जाता है। साथ ही सभी उद्यमियों से अपील की कि अपनी इकाई में कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा एंव स्वास्थ्य के प्रति अवश्य जागरूक करें। एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने चिकित्सा आयुक्त डाक्टर दीपिका गोविल, निदेशक मेडिकल ईएसआई अस्पताल डाक्टर सोना बेदी व उनकी पूरी टीम को एनईए भवन में आकर स्वास्थ्य मेला एंव प्रदर्शनी लगाने पर धन्यवाद दिया।

## 5 लाख में साल्वर बनकर पेपर देने का हुआ था सौदा

**नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। यूपी पुलिस भर्ती में परीक्षा देने आए एक फर्जी साल्वर और असली परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया। परीक्षा देने का सौदा 5 लाख रुपए में तया हुआ थ। साल्वर फर्जी दस्तावेज लेकर नोएडा के सेक्टर-71 ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल गया। परीक्षा केंद्र के अंदर चेकिंग के दौरान उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने पुलिस को सब बता दिया। इसके बाद पुलिस ने असली परीक्षार्थी को भी गिरफ्तार किया। फर्जी साल्वर की पहचान बादल चौधरी हुई वो बुलंदशहर का रहने वाला है। वहीं असली परीक्षार्थी हरीशपाल है। बादल चौधरी को हरीशपाल के स्थान पर परीक्षा



देनी थी। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि हरीशपाल अत्री का भाई आकाश ने मुझसे कहा था कि मेरे भाई के बदले में परीक्षा केन्द्र पर आप परीक्षा दे दो तो आपको 5 लाख रुपए दूंगा। लालच में आकर हां कर दी। आकाश ने मुझे 6 फरवरी 2024 को 20 हजार रुपए पेटीएम किए। 18 फरवरी 2024 को 99,999 रुपए फोन-पे यूपीआई माध्मय से दिये। बाकी पैसे पेपर होने के बाद देना तय हुआ था। जिसके बाद आकाश और हरीशपाल ने मिलकर हरीश अत्री के आधारकार्ड पर फोटो लगाकर फर्जी आधार कार्ड तैयार किया। उसके बाद रविवार को द्वितीय पाली की परीक्षा देने ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-71 परीक्षार्थी हरीशअत्री के साथ आया था। परीक्षा के दौरान परीक्षा में बैठे बादल चौधरी को गिरफ्तार किया गया और बाहर इंतजार कर रहा हरीशअत्री भी गिरफ्तार किया गया। इसके पास से एक फर्जी आधार कार्ड, एक फर्जी प्रवेश पत्र आदि बरामद किया गया।

## नोएडा में हुआ सरस मेले का औपचारिक उद्घाटन

**नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में केंद्र सरकार का चौथा सरस आजीविका मेला 16 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 4 मार्च तक रोजाना सुबह 11 से रात साढ़े नौ बजे तक चल रहा है। मेले का विधिवत उद्घाटन

■ दीप प्रज्जवल किया गया, स्टॉलों का निरीक्षण किया, महिला उद्यमियों से की बातचीत

सोमवार को दोपहर 3 बजे किया गया। उद्घाटन अवसर पर यहां ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह, अपर सचिव चरणजीत सिंह, संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने दीप प्रज्जवल किया। इसके बाद राष्ट्रगान किया। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने सरस मेले में लगे स्टॉल का निरीक्षण किया और उनसे बातचीत की।



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। सरस आजीविका मेले में सोमवार को नोएडावासियों ने जमकर खरीदारी की। राजस्थान के रूपन स्वयं सहायता समूह की सोनू माली ने बताया उनके उत्पादों में गुलाब जल पान मुखवास अजवाइन अर्क जीरा अर्क एवं आंवला कैंडी शामिल हैं।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश तमिलनाडु मध्य प्रदेश बिहार, पंजाब के उत्पाद भी लोगों को खासे पसंद आये। सरस मेले में सोमवार रात को मशहूर पंजाबी सिंगर जस्सी गिल, बब्बल राय का लाइव कॉन्सर्ट भी आयोजित होगा। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि केंद्र सरकार के सरस आजीविका मेले का आयोजन प्रतिवर्ष देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। इसी कड़ी में नोएडा में यह चौथा आयोजन है।

उन्होंने बताया कि 16 फरवरी से 04 मार्च 2024 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद करीब 29 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, अपनी कला का प्रदर्शन कर रही हैं। इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। राजस्थानी कैर सागरी गट्टे की सब्ज़ी से लेकर बंगाल की फिश करी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व जम्मू कश्मीर के ड्राई फ्रूट सहित पूरे भारत के पकवान मौजूद हैं ।

## गाजियाबाद का नाम बदलकर महाराज अग्रसेन नगर किया जाए : रूपचंद नागर

**गाजियाबाद,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद का नाम बदलने को लेकर सोमवार को गाजियाबाद में एक बार फिर हलचल दिखाई दी। जनपद महाराजा अग्रसेन नगर नाम परिवर्तन संघर्ष समिति ने कहा कि गाजियाबाद का नाम महाराजा अग्रसेन नगर ही होना चाहिए क्योंकि महाराजा अग्रसेन किसी एक जाति व धर्म के नहीं बल्कि सर्व समाज के हैं । इसलिए गाजियाबाद का नाम अग्रसेन नगर रखा जाना चाहिए। इसको लेकर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रूपचंद नागत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ तौर पर कहा कि गाजियाबाद का नाम किसी और के नाम पर बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली से सटे गाजियाबाद एक महत्वपूर्ण जिला है। जहां पर सर्व समाज के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद नाम होने से उन्हें आज भी मुगलिया सल्तनत संस्कृति की गुलामी का आभास हो रहा है। उन्होंने कहा कि उल गाजियाबाद जिले से भी मुगलिया आक्रांत गाजी के नाम से आभासित गाजियाबाद का नाम जिला महाराजा अग्रसेन नगर लिखा जाए। जिससे गाजियाबाद के लोगों के मन और सम्मान में और स्वाभिमान की रक्षा की जा सके। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि महाराजा अग्रसेन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के पुत्र महाराज कुश के वंशज थे। जिन्होंने




■ मुख्यमंत्री की लिखा अनुरोध पत्र

लगभग 108 वर्ष भारत पर शासन किया। जो एक महाराज होते हुए भी राज्य को लोकतांत्रिक ढंग से चलाते थे। साथ ही वह देव उपासक भी थे, बलि प्रथा के कठोर विरोधी तथा अहिंसा के पुजारी थे। वह सदैव धार्मिक सामाजिक पुरोधा यज्ञ प्रेमी, शाकाहार के उपदेशक, अनुशासन ईमानदारी सत्य और करते हुए निष्ठा के पक्षधर एवं सनातन धर्मी हिंदू धर्म के प्रवर्तक व्यापार प्रेरक और कुशल व्यापार संचालक थे। गाजियाबाद का नाम इन्हीं के नाम पर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली और गाजियाबाद भारत का व्यापारिक केंद्र है। जिनमें प्रतिशत 25 प्रतिशत आबादी अग्रवाल समाज की है। आपको बता दें कि इससे पहले गाजियाबाद का नाम बदलने को लेकर नगर निगम में प्रस्ताव पास हो चुका है। जो शासन को भेजा जा चुका है। प्रेस वार्ता में सांसद प्रतिनिधि देंवेंद्र हितकारी, सराफा एसोसिएशन के संरक्षक राजकिशोर अग्रवाल, वीके अग्रवाल तथा बाबा रामदास त्यागी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

ग्रुप हाउसिंग के छह भूखंडों की योजना लॉन्च कर दी गई है। इस योजना में 18 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। भूखंडों का आवंटन ई- ऑक्शन के माध्यम से 26 अप्रैल को किया जाएगा।

**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

# फिल्म सिटी की छवि देख प्रसन्न हुए मोदी, सीएम योगी के प्रयासों को सराहा

**ग्रेटर नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के शुभारंभ के अवसर पर पीएम मोदी ने यहां प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान वो सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी के काउंटर पर भी पहुंचे और वहां उन्होंने पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी ली और संतुष्ट होने के बाद सीएम योगी द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा भी की। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) क्षेत्र में प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी बनने जा रही है। दिग्गज बॉलीवुड डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप मिलकर इसका निर्माण करने जा रहे हैं। जब पीएम फिल्म सिटी के स्टाल पर पहुंचे तो खुद बोनी कपूर ने उन्हें फिल्म सिटी की खासियत के विषय में पूरी जानकारी दी। पीएम मोदी इस स्टाल पर 3 से 4 मिनट तक रहे। उनके साथ सीएम योगी भी मौजूद थे।




### फिल्मेकर्स को मिलें वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि पीएम मोदी ने चुनिंदा स्टाल पर ही समय दिया। इस दौरान वो फिल्म सिटी के स्टाल पर भी आए, जहां उन्हें बोनी कपूर ने फिल्म सिटी के हर पहलू के विषय में जानकारी। बोनी कपूर ने बताया कि उन्होंने दुनिया भर की फिल्म सिटी का अध्ययन कर यूपी में नई फिल्म सिटी के कॉन्सेप्ट को तैयार किया है। यह फिल्म सिटी ऐसी होगी जहां फिल्ममेकर्स सिर्फ अपना आइडिया लेकर आएंगे और पूरी फिल्म बनाकर यहां से जाएंगे। बाकी सभी संसाधन उन्हें फिल्म सिटी में ही मिल जाएंगे। इस फिल्म सिटी में प्रदेश और देश ही नहीं बल्कि विदेशी लोकेशंस के भी सेट लगाए जाएंगे। पीएम मोदी इन जानकारियों से प्रसन्न नजर आए। उन्होंने सीएम योगी को ऐसा प्रोजेक्ट यूपी में लाने के लिए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई की जैसा बताया जा रहा है, फिल्म सिटी बनने के बाद यह उससे भी बेहतर होगी और यहां आने वालों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान बोनी कपूर के प्रेजेंटेशन से सीएम योगी भी खुश नजर आए। उन्होंने भी पीएम मोदी को फिल्म सिटी के बारे में ब्रीफ किया।

- जीबीसी 4.0 में पीएम मोदी ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन, फिल्म सिटी के स्टॉल पर भी बिताया समय
- इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक देखने के बाद प्रोजेक्ट से संतुष्ट नजर आए पीएम और सीएम
- दिग्गज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने खुद स्टाल पर पीएम और सीएम को बताई फिल्म सिटी की खूबियां

### भविष्य के प्रोजेक्ट की दिख रही झलक

राजीव अरोड़ा ने बताया कि जीबीसी के लिए बनाए गए फिल्म सिटी के स्टॉल में हमने फिल्म सिटी की खूबियों को दिखाने का प्रयास किया है। फिल्म सिटी में हम थीम पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, स्टूडियोज, गोल्फ क्लब, प्रमुख मंदिर समेत कई तरह के पर्मानेंट सेट लगाने जा रहे हैं, जिसकी प्रतिकृति इस स्टॉल पर देखने को मिलेगी। कर्व स्क्रीन के माध्यम से भविष्य में फिल्म सिटी कैसी होगी इसकी अनुभूति की जा सकती है। अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर, उत्तराखंड के चार धामों में शामिल केदारनाथ धाम समेत देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ स्टेटवाइज प्रमुख लोकेशंस के सेट भी इसका हिस्सा होंगे। फिल्म सिटी में लंदन, कनाडा, स्विट्जरलैंड जैसी प्राइम लोकेशंस के भी सेट्स होंगे, जबकि फाइव स्टार होटल, फाउंटेन और अन्य बहुत सारी चीजों का समावेश होगा। यहां एक साथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में छाया नोएडा एयरपोर्ट, निवेशकों ने संभावनाओं की ली जानकारी

**ग्रेटर नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में 45,148 करोड़ की 280 परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ। जिसमें करीब 1.32 लाख से ज्यादा लोगो को रोजगार मिलेगा। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की परियोजनाएं पर ज्यादा फोकस रहा। जिसमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट छाया रहा। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए पवेलियन में भी नोएडा एयरपोर्ट, अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क को प्रमुख स्थान दिया गया है। समारोह में शामिल देश-विदेश के उद्यमियों व उनके प्रतिनिधियों को एयरपोर्ट के आसपास निवेश की संभावनाओं से अवगत करा भविष्य की परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। एविएशन हब, डाटा सेंटर, फिनटेक सिटी, लॉजिस्टिक पार्क और सेमीकंडक्टर के लिए निवेशकों की तलाश जारी है।

- यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 45,148 करोड़ की 280 परियोजनाएं आईं धरातल पर, 1.32 लाख को मिलेगा रोजगार
- नोएडा एयरपोर्ट, अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी व मेडिकल डिवाइस पार्क के पवेलियन में पहुंच रहे उद्यमी डाटा सेंटर
- फिनटेक सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क व एविएशन हब में संभावनाओं को दर्शाया गया



**तीन दिवसीय जीबीसी में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क का पवेलियन बनाया गया है। समारोह में शामिल उद्यमियों व उनके प्रतिनिधियों को इन परियोजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ यीडा सिटी में निवेश की संभावनाओं के बारे में बताया जा रहा है।**

**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

दरअसल यीडा सिटी के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में प्रस्तावित फिल्म सिटी का प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। इसके लिए विकाकर्ता कंपनी का चयन कर लिया गया है। दूसरे चरण में मनोरंजन पार्क व इससे संबंधित अन्य परियोजनाएं लॉन्च की जाएगी। लखनऊ में 19- 21 फरवरी तक आयोजित जीबीसी में फिल्म सिटी की विकासकर्ता कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी और भूटानी ग्रुप द्वारा परियोजना के प्रचार- प्रसार के लिए पवेलियन बनाया गया है, जहां पूरी परियोजना को प्रमुखता के आधार पर दर्शाया गया है। फिल्म सिटी को किस तरह से विकसित किया जाएगा, इसकी जानकारी दी जा रही है। वहीं यीडा सिटी के सेक्टर-28 में विकसित होने वाले मेडिकल डिवाइस पार्क में अब तक 74 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। इस परियोजना में भी निवेश की अपार संभावनाएं हैं। इसमें विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए जीबीसी में विशेष स्थान दिया गया है। मेडिकल डिवाइस पार्क के प्रचार प्रसार के लिए विदेश में रोड शो की तैयारी है। ऐसे में जीबीसी के रूप में प्रचार प्रसार का बड़ा मंच मिल गया है। वहीं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार के तहत 1365 हेक्टेयर में एमआरओ (मेंटिनेंस, रिपेयर एंड ऑपेरेशंस) और एविएशन हब के लिए 1365 हेक्टेयर जमीन आरक्षित की गई है। साथ ही एयरपोर्ट के पास ही फिनटेक सिटी विकसित की जाएगी, जहां वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को जमीन आवंटित की जाएगी।

## यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग के छह भूखंडों की योजना की लॉन्च

**ग्रेटर नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग के छह भूखंडों की योजना लॉन्च की है। इसमें आज यानी 19 फरवरी से लेकर 18 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। भूखंडों का आवंटन ई- ऑक्शन के माध्यम से 26 अप्रैल को किया जाना प्रस्तावित है। 20 से 40 हजार वर्गमीटर तक के सभी भूखंड सेक्टर-22डी में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक होंगे। जेवर के पास निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चलते आज यीडा सिटी में औद्योगिक, व्यवसायिक व आवासीय सहित सभी श्रेणी के भूखंडों की मांग तेजी से बढ़ी है। हर कोई यहां अपना आशियाना बनाना चाहता है। इसको देखते हुए यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग के 6 भूखंडों की योजना लॉन्च की है, जो सेक्टर- 22डी में होंगे। इनकी आवंटन दर 30,750 वर्गमीटर रखी गई है। इस योजना में शामिल सभी भूखंड नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास होंगे। साथ ही अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी, एफ-1 ट्रैक, मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर आदि सुविधाएं मिलेंगी। ग्रुप हाउसिंग के छह भूखंडों की योजना लॉन्च कर दी गई है।

- यीडा सिटी के सेक्टर- 22डी में होंगे भूखंड, ई- ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा आवंटन
- 20 से 40 हजार वर्गमीटर के हैं भूखंड, 26 अप्रैल को प्रस्तावित है आवंटन

**इस योजना में 18 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। भूखंडों का आवंटन ई- ऑक्शन के माध्यम से 26 अप्रैल को किया जाएगा।**

**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

## बृजपाल तालान इंटरनेशनल एडवोकेट आर्गेनाइजेशन के सिविल कोर्ट अध्यक्ष मनोनीत

**जेवर,** 19 फरवरी (देशबन्धु)।। कस्बे के मोहल्ला माडलपुरिया के रहने वाले एडवोकेट बृजपाल सिंह तालान को इंटरनेशनल एडवोकेट आर्गेनाइजेशन का जेवर सिविल कोर्ट का अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल है। तहसील जेवर व सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन के अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी। एडवोकेट बृजपाल सिंह तालान ने बताया कि अधिवक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए बनाए गए संगठन इंटरनेशनल एडवोकेट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर शर्मा अपनी टीम के साथ शुक्रवार को जेवर पहुचे तथा अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। जिसमे सर्वसम्मति से उन्हें संगठन का जेवर सिविल कोर्ट का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में विजेंद्र अत्री, मनोज जन्मेजय, अरुण अत्री, महेश अत्री व हरचरन लाल शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# ग्रेनो प्राधिकरण के 44 औद्योगिक भूखंडों की योजना में अब 27 तक कर सकेंगे आवेदन

**ग्रेटर नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी एक पत्र से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 44 औद्योगिक भूखंडों की योजना अधर में लटक गई थी। अब लगता है कि मुख्यमंत्री स्तर मामला जाने के बाद विवाद का पटाक्षेप हो गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार को औद्योगिक भूखंड की योजना में आवेदन करने की तिथि 27 फरवरी तक बढ़ा दी है। आवंटन साक्षात्कार या ई-आक्षन से होगा इस पर अभी संशय बरकरार है। प्राधिकरण ने 30 जनवरी को भूखंड़ों की योजना लांच की थी। इस स्कीम के ब्रोशर 30 जनवरी से ऑनलाइन उपलब्ध हो गए थे। इन 44 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 500 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। इन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिए हो रहा है। इनका आवंटन होने से 5000 करोड़ रुपए का निवेश और 10 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है।

प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी ने 3 फरवरी को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को पत्र जारी कर कहा कि औद्योगिक भूखंड़ों का आवंटन ई-ऑक्षन के स्थान पर अन्य पद्धति से न किया जाए।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर उद्योग विभाग ने 44 भूखंडों की योजना लांच की थी। इस योजना के जरिए लगभग 50 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी। इन 44 भूखंडों में से 8 भूखंड सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में, सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन में 1 भूखंड, इकोटेक चार में एक, ईकोटेक छह बी में दो, ईकोटेक छह में 23 भूखंड और उद्योग केंद्र एक्सटेंशन वन में 7 और उद्योग विहार एक्सटेंशन में दो भूखंड हैं। ये भूखंड 135 वर्ग मीटर से लेकर 20354 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। दो फरवरी से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greaternoidaauthority.in पर इनके ब्रोशर उपलब्ध हो गए थे। काफी उद्यमियों ने आवेदन डाउनलोड कर लिया था। इन भूखंडों के लिए निवेश मित्रा www.niveshmitra.up.nic.in पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। 30 जनवरी 2024 से ब्रोशर डाउनलोड करने व पंजीकरण शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण कराने की सुविधा शुरू हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 फरवरी थी। पंजीकरण शुल्क, ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपोजिट) और प्रोसेसिंग फीस भी 19 फरवरी तक ही जमा करनी थी। आवंटन के पश्चात इन भूखंडों पर एक माह में ही पजेशन मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश के केंद्र के रूप में उभरा है। उद्यमियों की मांग व जरूरत को देखते हुए स्कीम लांच कर दी गई है। तय समयसीमा में प्लॉट पर पजेशन दे दिए जाएंगे। इससे निवेश के साथ ही हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।



- पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 19 फरवरी थी, साक्षात्कार से ही हो सकता है आवंटन
- इन भूखंडों पर 5000 करोड़ के निवेश और 10 हजार रोजगार के अवसर मिलेंगे
- ग्रेनो प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंड योजना में 30 जनवरी से ब्रोशर उपलब्ध
- प्लॉट की कुल कीमत का 10 फीसदी रकम देकर करा सकते हैं पंजीकरण

# दादरी नगर पालिका के भाजपा समेत 15 सभासदों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। दादरी नगर पालिका के भ्रष्टाचार के खिलाफ चुने हुए सभासदों ने मोर्चा खोल दिया, पालिका के 25 सभासदों में से 15 सभासदों ने मिलकर सामूहिक रूप से सूरजपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंचकर जिलाधिकारी को अपना इस्तीफा सौंपा है। इस दौरान सभासद आदेश भाटी ने दादरी नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित और अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### अधिकारियों पर गंभीर आरोप

सभासद आदेश भाटी ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला पर भ्रष्टाचारी नीतियों और नगरपालिका के कार्यों में पारदर्शिता न होने का गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही सभासदो का दावा है कि अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी, लखनऊ मुख्य सचिव, मेरठ मंडल आयुक्त को कई बार लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया है। मामले में जिलाधिकारी द्वारा एक कमेटी का भी गठन किया। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर न होने पर इस्तीफा दिया है।



### भाजपा के 8 सभासदों ने भी दिया इस्तीफा

नगर पालिका दादरी के 7 निर्दलीय सभासदों और 8 भारतीय जनता पार्टी के सभासदों ने भी इस्तीफा दिया है। सभासदों ने अपना इस्तीफा 18 फरवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ के पोर्टल पर भी डाल दिया है।

- सभासदों ने ज्ञापन में नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

### इस्तीफा देने वाले सभासदों का नाम

दादरी नगर पालिका की भ्रष्टाचारी नीतियों से त्रस्त आकर इस्तीफा देने वाले सभासदों में वार्ड-16 के आदेश भाटी (भाजपा), वार्ड- 12 के रामनिवास (भाजपा), वार्ड-13 के सनी रावल (भाजपा), वार्ड-15 की निकिता विकल (भाजपा), वार्ड- 2 के हरिश रावल (भाजपा), वार्ड- 5 की सीमा (भाजपा), वार्ड- 8 के सचिन नागर (भाजपा) और वार्ड- 15 की रेशू गर्ग (भाजपा) ने इस्तीफा दिया। वहीं निर्दलीय सभासदों में वार्ड-4 के प्रमोद कुमार, वार्ड-7 के सरजीत, वार्ड-14 के आरिफ, वार्ड-22 के कृष्ण शर्मा, वार्ड-3 के संजय रावल और वार्ड-1 के सुमित कुमार वाल्मिकी शामिल हैं ।

## केन्द्रीय विद्यालय भवन का प्रधानमंत्री आभाषी माध्यम से करेंगे उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। केन्द्रीय विद्यालय एसएसजी सीआईएसएफ सूरजपुर ग्रेटर नोएडा की स्थापना वर्ष 2018 में हुई थी, विद्यालय का भवन 5 एकड़ भूमि पर 20 करोड़ रूपए की लागत से वर्ष 2024 में बनकर तैयार हुआ। विद्यालय भवन में कक्षा पहली से बारहवीं के विद्यार्थी ज्ञानार्जन कर अपना सर्वांगीण विकास कर सकेंगे। इसमें खेलकूद, संगीत तथा उच्च तकनीक युक्त सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां लगभग एक हजार विद्यार्थी पठन-पाठन कर सकेंगे। यह विद्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में स्थित अर्धसैनिक बलों जैसे -सी आई एसएफ, सी आर पीएफ, आई टी बी पी, बी एस एफ आदि के लिए अत्यंत लाभकारी है। विद्यालय भवन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 फरवरी को आभासी माध्यम से करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. महेश शर्मा, लोकसभा सांसद तथा तेजपाल सिंह नागर, विधायक, दादरी तथा सरोजकांत मलिक, उपमहानिरीक्षक एस एसजी सीआईएसएफ सूरजपुर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति केन्द्रीय विद्यालय सूरजपुर तथा ताजुद्दीन शेक, उपायुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा सम्भाग मौजूद रहे।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पचोकरा में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 408/एस0टी0-एस0डी0एम0/2019 दिनांक 25.01.2019 मृतक स्व0 श्यामलाल शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 574/एस0टी0/एस0डी0एम0/2023 दिनांक 21.08.2023 मृतक स्व0 श्री विजेन्द्र कुमार पुत्र श्यामलाल शर्मा व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 562/एस0टी0/एस0डी0एम0/2023 दिनांक 16.08.2023 मृतक श्री रविन्द्र पुत्र श्यामलाल शर्मा एवं परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 564/एस0टी0/एस0डी0एम0/2023 दिनांक 21.08.2023 मृतक श्री नरेश पुत्र श्यामलाल शर्मा नि0 ग्राम पचोकरा परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक कमशः 30.12.2019, 31.12.2020, 23.09.2021 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पचोकरा | 48 | स्व0 श्यामलाल शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद व स्व0 श्री रविन्द्र व श्री विजेन्द्र कुमार व श्री नरेश पुत्रगण श्यामलाल शर्मा नि0 ग्राम पचोकरा परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | कमलेश पत्नी स्व0 श्री रविन्द्र | पत्नी | 60 वर्ष | विधवा |
| | | | गणेश पुत्र स्व0 श्री रविन्द्र | पुत्र | 37 वर्ष | विवाहित |
| | | | पवन शर्मा पुत्र स्व0 श्री रविन्द्र | पुत्र | 32 वर्ष | विवाहित |
| | | | मीनू शर्मा पुत्री पुत्र स्व0 श्री रविन्द्र | पुत्री | 29 वर्ष | विवाहित |
| | | | सुमन देवी पत्नी स्व0 श्री विजेन्द्र कुमार | पत्नी | 55 वर्ष | विधवा |
| | | | शिवोम शर्मा पुत्र स्व0 श्री विजेन्द्र कुमार | पुत्र | 25 वर्ष | विवाहित |
| | | | मंगेराम शर्मा पुत्र स्व0 श्री विजेन्द्र कुमार | पुत्र | 28 वर्ष | विवाहित |
| | | | शीला पत्नी स्व0 श्री नरेश | पत्नी | 39 वर्ष | विधवा |
| | | | राम अवतार शर्मा पुत्र स्व0 श्यामलाल शर्मा | पुत्र | 60 वर्ष | विवाहित |
| | | | सुभाष पुत्र स्व0 श्यानलाल शर्मा | पुत्र | 53 वर्ष | विवाहित |
| | | | राजवती पुत्री स्व0 श्यामलाल शर्मा | पुत्री | 70 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम उटरावली में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 218/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 06.01.2023 श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम उटरावली परगना-जेवर तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 15.03.2018 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उटरावली | 196म 196म | श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम उटरावली परगना-जेवर तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | अंजू | पुत्री | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | शशी | पुत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | मनोज कुमार | पुत्र | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | इन्द्रेश | पुत्री | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | अनुज | पुत्र | 29 वर्ष | विवाहित |
| | | | अरूण कुमार | पुत्र | 28 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# शहर में पहली बार स्विस फूड फेस्टिवल का हो रहा है आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। एक्सपो इन सुइट्स एंड कन्वेंशन ने स्विस पाक अनुभव के लिए आरआईजी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी प्रकट की है। स्विस फूड फेस्टिवल को मेहमानों को स्विट्जरलैंड के केंद्र में ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें विश्व स्तरीय शेफ द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किए गए प्रामाणिक स्विस व्यंजनों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया गया है। एक्सपो इन सुइट्स एंड कंवेंशन के महाप्रबंधक वरुण गुप्ता ने कहा कि आरआईजी के साथ सहयोग करके और स्विट्जरलैंड के स्वाद को ग्रेटर नोएडा में लाकर हमें खुशी हो रही है। स्विस फूड फेस्टिवल मेहमानों के लिए स्विट्जरलैंड की समृद्ध पाक विरासत का स्वाद लेने और उद्योग के कुछ बेहतरीन शेफ द्वारा तैयार की गई गैस्ट्रोनोमिक यात्रा में शामिल होने का एक अवसर है। रोहित भाटिया, चेयरमैन, सीईओ आरआईजी संस्थान ने बताया कि 21 फरवरी को स्विस फेस्टिवल के तहत डिनर का आयोजन होगा, जिसमें स्विटजरलैंड के पाक कला का लुफ्त उठा सकेंगे। इसी के साथ 27 फरवरी को नॉलेज पार्क स्थित रिग संस्थान में स्विस फेस्टिवल के तहत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें होटल मैनेजमेन्ट से जुड़े विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। रोहित भाटिया ने बताया कि स्विस फूड फेस्टिवल एक विशाल पाक अनुभव का वादा करता है, जो मेहमानों को स्विस व्यंजनों की विविध और जीवंत दुनिया की एक झलक प्रदान करता है। फेस्टिवल के शेफ रेने फालेट, स्विस व्यंजनों में अपनी महारत के साथ स्वाद और प्रामाणिकता से भरपूर पारंपरिक व्यंजनों के साथ स्वाद को स्वादिष्ट बनाने का वादा करते हैं, शेफ कोच वोल्फगैंग अपने अभिनव दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध हैं, अपनी सरलता और अपनी पाक कलात्मकता का प्रदर्शन करेंगे और शेफ पीटर ऐप, एक अनुभवी पेस्ट्री शेफ हैं। अपनी स्वादिष्ट मिठाइयों के लिए जाना जाने वाला, उत्सव में एक मधुर समापन जोड़ देगा। इस दौरान यज्ञदत्त शर्मा, एक्जक्यूटिव सेफ एक्सपो इन, कुलमोहन सिंह एचआर हेड सहित कई लोग मौजूद रहे।



- आरआईजी संस्थान एक्सपोइन सुइट्स एंड कन्वेशन के साथ मिलकर हो रहा है आयोजन
- होटल मैनेजमेन्ट के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला व प्रतियोगिता का होगा आयोजन

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 20 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## इजरायल के विरोध का सराहनीय फैसला

7 अक्टूबर 2023 से शुरु हुए गज़ा पर इजरायल के हमले किसी भी तरह नहीं रुक रहे हैं। पिछले 4 साढ़े 4 महीनों में लाखों जिंदगियां तबाह हो चुकी हैं। हमास को खत्म करने के नाम पर गज़ा के लोगों पर इजरायल की क्रूरता किसी तरह न कम हो रही है, न थम रही है। अमेरिका जैसे देशों के समर्थन से इजरायल नरसंहार को बेखौफ जारी रखे हुए है, हालांकि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अल्जीरिया जैसे कुछ देश हैं, जो इजरायल के खूनी खेल के खिलाफ बोल रहे हैं, मगर ताकतवर देश मिलकर न्याय के लिए उठती इन आवाजों को दबा रहे हैं। सत्ता पर बैठे लोगों का रुख जो भी हो, लेकिन दुनिया भर में आम जनता इजरायल की आलोचना कर रही है और गज़ा में मासूम लोगों के कत्लेआम को रोकने के लिए विरोध-प्रदर्शन, बहिष्कार ऐसे तमाम उपायों को आजमाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब भारत के वॉटर ट्रांसपोर्ट्स वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई) के सदस्य भी जुड़ गए हैं। देश के 11 बड़े बंदरगाहों पर काम करने वाले करीब 35 सौ कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली इस संस्था ने इजरायल भेजे जाने वाले उन जहाजों पर माल ढुलाई से इंकार कर दिया है, जिनमें हथियार और अन्य सैन्य सामग्री की आपूर्ति हो रही है।

संस्था के महासचिव टी नरेन्द्र राव ने कहा कि हमारा संघ हर तरह के युद्ध और मासूम लोगों पर हिंसा के खिलाफ है। इजरायल ने इस वक्त गज़ा पर जो युद्ध छेड़ा है, उसने हजारों फिलिस्तीनियों को असह्य पीड़ा दी है। इस युद्ध में महिलाओं और बच्चों के चिथड़े उड़ रहे हैं। ऐसे में हमारे संघ ने निर्णय लिया है कि हथियारों से लदे सभी तरह के जहाजों पर हम काम नहीं करेंगे। उनमें माल चढ़ाने या उतारने का काम नहीं करेंगे, क्योंकि इससे उन लोगों को मदद होगी जो मासूमों को मारने में लगे हैं। टी नरेन्द्र राव ने सभी भारतीय बंदरगाहों के कर्मचारियों से हथियारों वाले उन जहाजों पर काम न करने की अपील की जो फिलिस्तीन या इजरायल के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल से तुरंत युद्ध रोकने का आग्रह भी संघ ने किया है। डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने एक जवाबदेह श्रमिक संघ के तौर पर उन लोगों के साथ अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता दर्शाई है, जो शांति के लिए काम कर रहे हैं।

भारत में बंदरगाह कर्मचारियों के पांच संगठन है, जिनमें से डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने सैन्य मालवाहक जहाजों पर काम का बहिष्कार किया है। हो सकता है अब बाकी के संगठन भी ऐसा ही फैसला ले लें। 7 अक्टूबर से अब तक एक भी सैन्य मालवाहक जहाज इजरायल नहीं गया है, लेकिन हाल ही में भारत के मुंद्रा बंदरगाह से इजरायल के लिए सामान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई का यह फैसला खास मायने रखता है। गौरतलब है कि लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने इजरायल तक जहाजों के पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। अगर यह अवरोध बरकरार रहता तो इजरायल थोड़ा कमजोर पड़ सकता था। मगर मोदी सरकार में इजरायल से दोस्ती निभाने के लिए नया रास्ता खोज निकाला है। अब भारत के मुंद्रा बंदरगाह से यूएई के बंदरगाह तक मालवाहक जहाज भेजा जा रहा है, इसके बाद सड़क मार्ग से सऊदी अरब और जॉर्डन के रास्ते इजरायल तक सामान पहुंच रहा है।

भारत इस तरह इजरायल से अपनी दोस्ती तो निभा रहा है, लेकिन ऐसा करके मानवता, विश्व शांति और अहिंसा के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं पर कितना खरा उतर रहा है, यह भी परखने की जरूरत है। बेशक इजरायल से भारत के व्यापार, वाणिज्य, रक्षा, संचार, विज्ञान इन तमाम क्षेत्रों में गहरे दोतरफा संबंध हैं। इजरायल ने भारत की कई मौकों पर सहायता भी की है। मगर इस वजह से उसकी ओर से हो रहे अनाचार पर आंखें नहीं मूंदी जा सकतीं। हमास के खात्मे के नाम पर इजरायल की नेतन्याहू सरकार गज़ा में जितना तीव्र युद्ध छेड़े हुए हैं, उसके खिलाफ इजरायल समेत दुनिया भर के शांतिप्रिय लोग आवाज उठा रहे हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने हाल ही में एक प्रेस वार्ता में कहा है कि गजा में जो कुछ हो रहा है वह युद्ध नहीं है। वह सिर्फ नरसंहार है। यह दो सेनाओं के बीच युद्ध नहीं है। यह अत्याधुनिक सेना और महिलाओं और बच्चों के बीच जारी युद्ध है। इतिहास में इस तरह की कार्रवाई हिटलर के अलावा किसी और देश ने नहीं की है। हालांकि इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने लूला डी सिल्वा के इस बयान पर भड़कते हुए इसे शर्मनाक, चिंताजनक और राजनीति से प्रेरित बताया है। उनका कहना है कि लूला के शब्द यहूदी लोगों और इजरायल के रक्षा के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। इजरायल अपनी सुरक्षा के लिए लड़ रहा है।

अपनी सुरक्षा और नागरिकों के भविष्य की रक्षा की आड़ में ही इजरायल ने 7 अक्टूबर को युद्ध का ऐलान किया था और तब से अब तक वह कम से कम 30 हजार लोगों का खून बहा चुका है। हालांकि इसके बाद भी हमास कितना कमजोर पड़ा या हमास खत्म हो जाएगा, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। इजरायल के तर्क वैसे ही हैं, जैसे व्यापक हिंसा के हथियारों का हवाला देते हुए अमेरिका ने इराक पर हमला किया था और सब कुछ तबाह करने के बाद कहा कि उसे हथियार नहीं मिले। अमेरिका की राह पर ही उसका बनाया हुआ देश इजरायल भी चल रहा है। अमेरिका में भले सत्ता परिवर्तन हो गया है, लेकिन लोकतंत्र, विश्वशांति और सुरक्षा के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों के धनी देशों को लूटने-खसोटने का आर्थिक उपनिवेशवादी खेल बिल्कुल नहीं बदला है। अमेरिका को ग्रेट बनाते हुए पूरी दुनिया को तबाही के रास्ते पर धकेला जा चुका है। ऐसे में लूला डी सिल्वा जैसे नेता अगर विरोध की आवाज उठाते हैं, तो उसे सुना जाना चाहिए। अगर डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई जैसे श्रमिक संगठन युद्ध सामग्री ढोने से इंकार करते हैं, तो उस फैसले की सराहना की जानी चाहिए।

# मोदी जी के 'राम राज्य' में स्वागत है!

सिर्फ (राम) मंदिर ही नहीं बना है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस साल में व्यावहारिक रूप से राम राज्य की अवधारणा को लागू कर दिया है।' ये शब्द हैं, नई-दिल्ली में 17-18 को हुई भाजपा की भीमकाय राष्ट्रीय कन्वेंशन में पेश किए गए और स्वीकार किए गए राजनीतिक प्रस्ताव के, जो पूर्व-भाजपा अध्यक्ष व वर्तमान रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने पेश किया। नई-दिल्ली में, जी-20 के लिए विशेष रूप से निर्मित, भारत मंडपम में हुई इस कन्वेंशन में करीब बारह हजार भाजपा नेताओं ने हिस्सा लिया बताया जाता है। इसी कन्वेंशन ने एक अन्य निर्णय में जिस प्रकार भाजपा के संविधान में संशोधन किया है और वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल चुनाव के बाद तक के लिए बढ़ाने के अलावा, अध्यक्ष के चुनाव की व्यवस्था में ही संशोधन कर, संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष का चयन करने का अधिकार दे दिया है, उससे कम से कम इतना तो निश्चयपूर्वक कहा ही जा सकता है कि इस तरह की राष्ट्रीय कन्वेंशन का औपचारिक दर्जा, इस पार्टी के सर्वोच्च निकाय का होना चाहिए। इस तरह, अब भाजपा के सर्वोच्च निकाय ने बाकायदा प्रस्ताव पारित कर यह ऐलान कर दिया है कि अपने राज के दस साल में नरेंद्र मोदी, भारत में 'राम राज्य' ले आए हैं। यहां से खुद मोदी जी का नया राम या राम का अवतार घोषित किया जाना, सिर्फ आधा कदम की दूरी पर रह जाता है।

यह भाषण के प्रवाह में कोई अतिशयोक्ति हो जाने का मामला नहीं है। यह सत्ताधारी पार्टी की शीर्ष कन्वेंशन के अति-महत्वपूर्ण प्रस्ताव के सूत्रीकरण का मामला है। और ऐसा लगता है कि यह सिर्फ एक प्रस्ताव तक सीमित मामला भी नहीं है। भाजपा अध्यक्ष, जेपी नड्डा द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में भी यही दावा किया गया था। हां! उसमें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को 'भारत में अगले एक हजार साल के लिए 'राम राज्य' की स्थापना का अग्रदूत' बताया गया था। और यह भी कि 'भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करते हुए, प्रधानमंत्री ने देश में सुशासन की स्थापना कर के सच्चे अर्थ में 'राम राज्य' की भावना को लागू किया है।' इस तरह, नरेंद्र मोदी के हाथों राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के रास्ते, संघ-भाजपा तेजी से, मोदी के देश में 'राम राज्य' ले आने के दावे की ओर छलांग लगाते नजर आते हैं। बेशक, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और पहले मंदिर के शिला पूजन और अंततः मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के केंद्र में नरेंद्र मोदी के खुद को स्थापित करने से, इतना तो पहले ही पूरी तरह से स्पष्ट था कि 'नरेंद्र मोदी के अयोध्या में मंदिर बनवाने' के दावों का, 2024 के आम चुनाव में संघ-भाजपा द्वारा खुलकर दोहन किया जाएगा। फिर भी, उनके इतनी तेजी से 'राम राज्य' कायम कर चुके होने के दावे पर पहुंच जाने से उनके आलोचकों ही नहीं, गैर-अंधभक्त समर्थकों को भी कुछ हैरानी जरूर हुई होगी।

इस हैरानी की वजह यह है कि 'राम राज्य' कायम कर देने का दावा, सिर्फ धर्म तथा विशेष रूप से बहुसंख्यक समुदाय के धर्म और राजनीति के गड्डमड्ड कर दिए जाने का ही मामला नहीं है। बेशक, वर्तमान संघ-भाजपा निजाम में, बहुसंख्यक समुदाय के धर्म और राजनीति को गड्डमड्ड किए जाने को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया गया है। यह खासतौर पर मोदी के राज के दस साल में हुआ है और जैसा कि हमने पहले कहा, राम मंदिर के बहाने से इसे बहुत तेजी से आगे बढ़ाया गया है। उसमें भी प्राण प्रतिष्ठा ईवेंट के बहाने से, जिस तरह से सिर्फ प्रधानमंत्री को ही नहीं बल्कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति समेत, समूचे शासन तथा प्रशासकीय तंत्र को, एक बहुसंख्यक धार्मिक आयोजन में खींचा गया है और जैसे 'राष्ट्र' और 'राम' को समकक्ष के रूप में आपस में जोड़ने की कोशिश की गयी है, उसने इस सिलसिले को नयी ऊंचाई पर पहुंचा दिया। बाद में संसद से प्रस्ताव पारित कराने के जरिए, राम और राष्ट्र के पर्याय बनाए जाने पर, राज्य के सर्वोच्च निकाय की भी मोहर लगवा दी गयी। लेकिन, बहुसंख्यक धार्मिक विश्वासों तथा आचारों को काफी हद तक 'राष्ट्रीय' की मान्यता दिलाने के इस मुकाम के बाद भी, 'राम राज्य' की घोषणा से कुछ झटका तो लगता ही है।

यह झटका लगने की एक बड़ी वजह यह है कि आम भारतीय के लिए और जाहिर है कि आम हिंदू के लिए भी, 'राम राज्य' कम से कम एक 'धर्म-आधारित राज्य' का मामला किसी भी तरह नहीं है। राम बेशक, धार्मिक प्रतीक हैं, लेकिन उनसे जुड़े राज्य की आम भारतीय की संकल्पना, ऐसे धर्म-आधारित राज्य की किसी भी तरह से नहीं है, जो समुदायों के बीच और जाहिर है कि व्यक्तियों के बीच भी, किसी भी तरह से भेदभाव करता हो। राम राज्य की संकल्पना, मूलतः धार्मिक आस्था का मामला है, जबकि धर्म-आधारित राज्य की संकल्पना मूलतः सांप्रदायिक भेदभाव बल्कि ऊंच-नीच का मामला है, जो समुदायों में, शासक और शासित समुदाय बनाती है। भारत जैसे मिली-जुली रहनी की परंपरा के देश में, राम राज्य की भी ऐसी धर्म-आधारित राज्य की संकल्पना, लोगों को आसानी से स्वीकार नहीं होगी। इसके अलावा इसका एक कारण और है। हमारे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान, जिसमें धर्म-आधारित राज्य की ऐसी किसी भी संकल्पना को बलपूर्वक खारिज किया गया था, इसी आंदोलन की सबसे प्रभावशाली आवाज के रूप में महात्मा गांधी ने 'राम राज्य' की कल्पना का सबसे ज्यादा उपयोग किया था और सचेत रूप से इसे एक धर्मनिरपेक्ष रूप दिया था।



राजेंद्र शर्मा

**गांधी की कल्पना का राम राज्य, राम से जुड़ी कथाओं से भी ज्यादा, न्याय-अन्याय, पुण्य-पाप, सही-गलत की उनके नैतिक विवेक से बना था, जिसके केंद्र में थी मनुष्य की बराबरी। और यह बराबरी इसकी मांग करती थी कि जो सबसे पीछे है, सबसे कमजोर है, उसे बराबरी पर लाने के लिए, सबसे ज्यादा मदद दी जाए। 'कतार के आखिरी आदमी' की चिंता का गांधी का ताबीज इसी से निकला था।**

गांधी की कल्पना का राम राज्य, राम से जुड़ी कथाओं से भी ज्यादा, न्याय-अन्याय, पुण्य-पाप, सही-गलत की उनके नैतिक विवेक से बना था, जिसके केंद्र में थी मनुष्य की बराबरी। और यह बराबरी इसकी मांग करती थी कि जो सबसे पीछे है, सबसे कमजोर है, उसे बराबरी पर लाने के लिए, सबसे ज्यादा मदद दी जाए। 'कतार के आखिरी आदमी' की चिंता का गांधी का ताबीज इसी से निकला था और यही उनके लिए राम राज्य की भी असली निशानी थी। राम राज्य की गांधी की संकल्पना का असर, अब भी भारतीयों के बड़े हिस्से के बीच बना हुआ है। राम राज्य की ऐसी संकल्पना के संदर्भ में, दस साल में मोदी राज में जो भारत में बना है, उसे क्या किसी भी तरह से 'राम राज्य' कहा जा सकता है? ठीक इसीलिए, मोदी राज के 'राम राज्य' होने के दावे आम भारतीयों को चौंकाने ही वाले हैं। राम राज्य के परोक्ष या प्रत्यक्ष इशारों से मोदी राज कोई खास राजनीतिक-चुनावी लाभ शायद ही मिल सकेगा।

विडंबना यह है कि मोदी-शाही के असल में 'राम राज्य' होने के दावे तब किए जा रहे हैं, जब सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बांड के जरिए चंदे की समूची व्यवस्था को, संस्थागत भ्रष्टाचार की गोपनीय व्यवस्था मानकर खारिज किया ही है। याद रहे कि मोदी-शाही ने ही धनपतियों से अपारदर्शी तरीके से चंदे लिए जाने की यह व्यवस्था खड़ी की थी और भारी राजनीतिक विरोध को तरह-तरह की तिकड़मों से धता बताकर, देश पर यह व्यवस्था थोपी थी। और अब तक आई सारी जानकारियों के अनुसार, मोदी-शाही ही इस व्यवस्था की सबसे बड़ी लाभार्थी थी, जिसे इस रास्ते से प्राप्त हुए दसियों हजार करोड़ रुपए में से, अस्सी फीसद के करीब हिस्सा मिला था। यानी यह सीधे-सीधे सत्ताधारियों और अरबपतियों के बीच, भ्रष्ट लेन-देन का मामला था। सुप्रीम कोर्ट के इस भ्रष्टाचार पर साफ तौर पर उंगली रखने के बाद, अगर सत्ताधारी पार्टी अपने निजाम को 'राम राज्य' बताए, तो इसे उसकी हिमाकत ही कहा जाएगा।

फिर भी मोदी की भाजपा यह हिमाकत कर रही है। बेशक, इसके पीछे आला दर्जे की चाटुकारिता भी है, लेकिन इस सोच पर टिकी हिमाकत भी है कि पब्लिक से और उसमें भी खासतौर पर आम हिंदुओं से, राम के नाम पर और सिर्फ प्रचार के बल पर, वे कुछ भी मनवा सकते हैं। आम देशवासी इस खेल को समझ रहा है और उम्मीद की जानी चाहिए कि संघ-भाजपा की इस गलतफहमी को पहले मौके पर ही दूर कर देगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# विश्व अर्थव्यवस्था में नई अराजकता का दौर

■ अंजन रॉय

जापान, जो एक समय सबसे ऊंची रेटिंग वाली अर्थव्यवस्था थी, आधिकारिक तौर पर मंदी में है तथा इसकी जीडीपी लगातार दो तिमाहियों से घट रही है। यूनाइटेड किंगडम, जो वर्तमान में अपने अतीत के गौरव की छाया में है और एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में लंबे समय से वंचित है, भी हाल ही में मंदी में आ गया है, जिससे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं।

जापान की सभी समस्याओं का मूल कारण उसकी घटती जनसंख्या है। जब जनसंख्या तेजी से घट रही है तो जापान उन परिवर्तनों को दिखा रहा है जो एक देश को अपने काबू में करते हैं। इस समय प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों को कार्य करने वाले हाथों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती उम्र की वजह से घरेलू मांग में भी गिरावट देखी जा रही है। पिछली तिमाही में घरेलू खपत में साल दर साल करीब 1 प्रतिशत की गिरावट आई है।

जापानी येन कमजोर हो रहा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले साल की तुलना में इसमें 6.6प्रतिशत की गिरावट आई है। चूंकि देश आयातित तेल और गैस पर निर्भर है, इसलिए लागत बढ़ गई है, भले ही वैश्विक कीमतें समान बनी हुई हैं। इसी तरह कुल खपत में आयातित खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 63 फीसदी है। बढ़ती येन उपभोक्ताओं पर नई लागत लगायेगी।

जर्मनी, जो वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था है, कई मोर्चों पर गहरी अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है। जर्मन अर्थव्यवस्था अपने अस्तित्व के लिए असुविधाजनक रूप से निर्यात पर निर्भर है। इसका बेंचमार्क उद्योग ऑटो मोबाइल अब चीनी ऑटो निर्माताओं की प्रतिस्पर्धा में अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहा है।

**दक्षिण चीन सागर और ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच झड़पें चल रही हैं। कभी-कभी ये आराम के बहुत करीब दिखते हैं। दो महाशक्तियों के बीच कोई भी युद्ध विनाशकारी हो सकता है। रूस-चीन गठजोड़ ईरान के लिए एक राहत और समर्थन है, जो हमेशा अमेरिका और पश्चिम के साथ हिसाब बराबर करने के रास्ते तलाशता रहता है। कोई भी तीव्र झड़प बड़े टकराव में बदल सकती है।**

ये देश तेजी से बूढ़े हो रहे हैं और परिणामस्वरूप, इन्हें श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोग आप्रवासन को उदार बनाकर इन कमियों को दूर करना चाह रहे हैं। पूर्व जर्मन चांसलर, एंजेला मर्केल ने विशेष रूप से उदार आव्रजन नीति का पालन किया था, लेकिन लोकप्रिय भावनाएं प्रतिकूल हो गईं, जिससे अतिवादी दक्षिणपंथी राजनीतिक दल उभरकर आगे आ गये। जर्मनी, विशेष रूप से, अब दूसरों की तुलना में जनमानस में बढ़ती ऐसी भावनाओं में बदलाव का अधिक तीव्रता से सामना कर रहा है।

चीन, जो लंबे समय से खुद को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित कर चुका था और कम से कम समय में नंबर एक बनने की संभावना देख रहा था, अचानक एक गहरे स्व-निर्मित संकट से जूझ रहा है। इसका संपत्ति क्षेत्र पूरे आर्थिक ढांचे को नीचे गिरा रहा है।

जैसे कि करने के लिए कुछ भी बेहतर नहीं था, चीन के सर्वोच्च नेता, शी जिनपिंग को अपनी अर्थव्यवस्था में दबदबा रखने वाले धनिकों के आकार में कटौती करने का विचार आया है। जैकमा से लेकर चीन के व्यापक रूप से सफल प्रौद्योगिकी उद्यमियों का चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने वस्तुतः गला घोंट दिया है। जैकमा ने सबसे बड़े आईपीओ का प्रस्ताव रखा था, जिसे उनकी टिप्पणियों के कारण खारिज करना पड़ा था, जो चीनी कम्युनिस्ट नेतृत्व को पसंद नहीं थी।

कई अन्य कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को शीर्ष नेतृत्व द्वारा दंडित किया गया है। समय-समय पर, शीर्ष कंपनियों के मुख्य कार्यकारी गायब हो गये और फिर, लंबे समय बाद, अपने पूर्व प्रभारों का नेतृत्व करने में असमर्थ व्यक्तित्वों के रूप में फिर से उभरे।

चीन के सज़ा कार्यक्रम में नवीनतम प्रमुख क्षेत्र है प्रतिभूति बाज़ार। चीनी शेयर बाज़ार खराब दौर से गुजर रहा था और बाज़ार में गिरावट आई। इससे अर्थव्यवस्था में गहरी अनिश्चितताएं पैदा हो गईं। विदेशी निवेशकों ने भी चीनी बाज़ारों से पैसा निकाल लिया था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि बाजार में मंदी आ जाये।

हालांकि, दोष बाज़ार नियामक पर पड़ा। निवेशकों को शांत करने के लिए शी जिनपिंग ने खुद एक बैठक की थी। इसके बजाय, नियामक को अचानक बर्खास्त करने से निवेश की संभावनाएं और खराब हो गईं। बाजार को सरकार से कुछ बड़ी रियायतों की उम्मीद है। लेकिन अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अब तक बहुत कम काम किया गया है और जो कदम उठाये गये उनसे भी कोई खास फर्क नहीं पड़ा।

चीनी सरकार, बल्कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की चूक और कमीशन के कृत्यों ने चीन में विदेशी निवेशकों का विश्वास खराब कर दिया है और धन वापस लिया जा रहा है।

चीन इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था है और औद्योगिक कच्चे माल और वस्तुओं के लिए एक बड़ा बाजार है, इसकी गंभीर स्थिति दुनिया भर की कई अर्थव्यवस्थाओं के लिए बुरी खबर है।

फिर भी विश्व अर्थव्यवस्था लगातार और काफी तेजी से बढ़ रही है। 2023 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 3 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो वर्तमान संदर्भ में उल्लेखनीय है। बेरोजगारी दर भी बेवजह कम है और संयुक्त राज्य अमेरिका में रोजगार वृद्धि मजबूत है। नवीनतम अनुमान के अनुसार अमेरिका में 355,000 नये रोजगार का सृजन होगा।

प्रारंभिक मंदी के बीच भी, पर्यवेक्षकों का मानना है कि जापानी अर्थव्यवस्था शीघ्र ही मंदी से बाहर आ जायेगी। जापानी शेयर बाज़ार सूचकांक निक्केई 38 हजार के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है और सूचकांक अभी भी बढ़ रहा है।

वर्तमान में हर कारण है जो वैश्विक आर्थिक स्थिति को और अधिक गिरावट की ओर ले जा सकता है। आखिरकार, यूरोप और मध्य पूर्व में युद्ध चल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर हौथी विद्रोहियों के खतरे को देखते हुए वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग, लाल सागर के माध्यम से और स्वेज नहर के माध्यम से, तेजी से अनुपयोगी होता जा रहा है।

दक्षिण चीन सागर और ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच झड़पें चल रही हैं। कभी-कभी ये आराम के बहुत करीब दिखते हैं। दो महाशक्तियों के बीच कोई भी युद्ध विनाशकारी हो सकता है। रूस-चीन गठजोड़ ईरान के लिए एक राहत और समर्थन है, जो हमेशा अमेरिका और पश्चिम के साथ हिसाब बराबर करने के रास्ते तलाशता रहता है। कोई भी तीव्र झड़प बड़े टकराव में बदल सकती है।

इस परिदृश्य के कुछ विश्लेषक बता रहे हैं कि दुनिया 'पॉलीक्राइसिस' (बहुसंकट) का सामना कर रही है, कुछ इसे 'न्यूग्लोबल डिसऑर्डर' (नई विश्व अव्यवस्था) आदि बता रहे हैं।

विश्व की निराशाजनक वृद्धि एक पहेली है जिसे कुछ अर्थशास्त्री अब समझाने की कोशिश कर रहे हैं। एक अध्ययन से संकेत मिलता है कि कोई भी प्रतिकूल समाचार कुछ महीनों के भीतर समाप्त हो जाता है और प्रमुख खिलाड़ी इसके नकारात्मक प्रभावों के साथ तालमेल बिठा लेते हैं। ऐसा लगता है कि जीवित रहने का यही रास्ता है और शायद हम एक नई अराजकता भरी अर्थव्यवस्था के युग में प्रवेश कर रहे हैं।

## पावन प्रसंग

# हम दूसरों के लिए जिएं

केवल अपने लिए ही जीना मानव जीवन का निकृष्टतम दुरुपयोग है। जो केवल अपने लिए ही पैदा हुआ, अपने लिए ही बढ़ा और आप ही खा-खेलकर चला गया, ऐसा व्यक्ति अपनी दृष्टि में सफल भले ही बनता रहे पर वह असफल ही माना जाएगा। इस सृष्टि में सफल जीवन उसका है, जो दूसरों के काम आ सके। बादल समुद्र से जल ढोकर लाते हैं और प्यासी धरती को परितृप्त करने में लगे रहते हैं। समुद्र की महानता को सुरक्षित रखने के लिए नदियां उसमें अपनी आत्मसमर्पण करते रहने की परंपरा को तोड़ती नहीं। फूल खिलते हैं खुद पफुल्लित होकर दूसरों को भी खुश करने के लिए, फलों के पेड़-पौधे उगते हैं दूसरों के प्रयोजन पूर्ण करने के लिए। वायु चंवर डुलाते रहने की अपनी पुण्य प्रक्रिया से समस्त जड़-चेतन को प्रमुदित करती रहती है। इसमें इनका अपना क्या स्वार्थ? सूर्य, चंद्रमा और नक्षत्र इस जगत को अहर्निश प्रकाश प्रदान करते हुए भ्रमण करते हैं; यही जीवन की उपयोगिता एवं सार्थकता है। सृष्टि का प्रत्येक जड़ परमाणु और कीट-पतंग जैसा प्रत्येक जीवधारी अपनी स्थिति से दूसरों का हित साधन करता है। पशु दूध देते और परिश्रम से हमारी सुविधाएं बढ़ाते हैं। जब छोटे-छोटे जीव-जंतु तक परोपकार का व्रत लेकर जीवनयापन करते हैं, तब क्या मनुष्य जैसे बुद्धिमान और विकसित प्राणी के लिए यही उचित है कि वह अपने लिए ही जिएं?

अच्छाई अपनाएं ताकि अच्छाई फैले- आत्मशोधन में निरत होना, संसार-शोधन में लगने का एक प्रकार है। एक व्यक्ति अपनी अच्छाई से केवल अपने आप ही लाभान्वित नहीं होता, बल्कि अन्य लोगों की सुख-शांति बढ़ाने में भी सहायक होता है। जिस प्रकार एक बुरा आदमी अपनी बुराई का प्रभाव दूसरों तक पहुंचाता है और इस प्रकार उनके दुखों में वृद्धि करता है। उसी प्रकार एक अच्छा आदमी भी अपनी अच्छाई का प्रभाव दूसरों पर डालता है और वे उसके व्यवहार से लाभान्वित ही नहीं, प्रेरित भी होते हैं। उनके शोक-संतापों की संख्या घटती और सुख-शांति की वृद्धि होती है। इसलिए विश्व कल्याण का सबसे सरल और सही तरीका आत्मकल्याण ही मानना चाहिए।

आत्मसुधार अथवा आत्मकल्याण की भावना को किसी प्रकार भी स्वार्थ मानना भारी भूल होगी। अपने चरित्र को ऊपर उठाना अथवा आत्मा की उन्नति करना, स्वार्थ नहीं माना जा सकता, वह विशुद्ध परमार्थ है। परमार्थ के कार्यों से न केवल अपना ही मंगल होता है, बल्कि सारे संसार, सारे मनुष्यों और सारे जीव, प्राणिमात्र को भी लाभ मिलता है। संसार का सुधार करने के लिए हमें जीवन में आध्यात्मिक दृष्टिकोण को विकसित और आध्यात्मिक गतिविधि को अपनाकर चलना चाहिए। प्रत्येक अच्छी-बुरी परिस्थिति का उत्तरदायी हम स्वयं अपने को मानें। बाह्य प्रलृत्तियों का कारण अपने अंदर खोजें और उनका निवारण करें, अपने गुण-कम-स्वभाव को उन्नत एवं उदात्त बनाएं, तब हमें संसार से कोई शिकायत न रहेगी और इस प्रकार सारा संसार ही सुधार की ओर चल पड़ेगा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# मानवीय शक्ति की क्रांति और प्राकृतिक ऊर्जा की जुगलबंदी विकास की कसौटी

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई-नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनियों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कलकल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो किनारे कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कांक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 131 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## तुर्की में पश्चिमी देशों की छुट्टियां मनाने पर प्रतिबंध

**अंकारा।** तुर्की सरकार ने निजी स्कूलों में हैलोवीन, क्रिसमस और ईस्टर सहित सभी पश्चिमी देशों की (ईसाई त्योहारों की) छुट्टियां मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो देश के राष्ट्रीय, नैतिक, मानवीय, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के विपरीत हैं। तुर्की अखबार सबा ने रविवार को बताया कि इस प्रतिबंधात्मक आदेश से हैलोवीन, कैथोलिक क्रिसमस, ईस्टर और अन्य पश्चिमी छुट्टियां प्रभावित होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की का राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय निजी स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों और अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक कार्यक्रमों का निरीक्षण करेगा।

# पीएमएल-एल के तीन नेशनल असेंबली उम्मीदवारों की जीत निरस्त



- इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने जारी किया आदेश
- तारिक फजल, अंजुम अकील व राजा खुर्रम के खिलाफ आदेश जारी

**इस्लामाबाद,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के तीन नेशनल असेंबली के उम्मीदवारों की जीत की अधिसूचना को निरस्त कर दिया। जियो टीवी ने अपनी एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ में न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब और न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर शामिल हैं। पीठ ने पीएमएल-एन के उम्मीदवार तारिक फजल चौधरी, अंजुम अकील और राजा खुर्रम नवाज के खिलाफ यह आदेश जारी किया है। श्री चौधरी ने आधिकारिक नतीजों के अनुसार नेशनल असेंबली की सीट 47 से अपने प्रतिद्वंदी को 1,02,502 मतों से पराजित किया, लेकिन श्री चौधरी के प्रतिद्वंदी ने उनकी इस जीत को चुनौती दी है। पीएमएल-एन के दूसरे उम्मीदवार अकील ने नेशनल असेंबली-46 निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार आमिर मुगल को 81,958 मतों से हराया था, हालांकि श्री मुगल ने इसे अदालत में चुनौती दी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने राजा खुर्रम इस्लामाबाद के नेशनल असेंबली-48 निर्वाचन क्षेत्र की जीत की अधिसूचना को भी रद्द कर दिया, जिसे पीटीआई समर्थित उम्मीदवार अली बुखारी ने चुनौती दी थी। पाकिस्तान में आम चुनाव में जमबर धांधली के आरोप लगे हैं और रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की देखरेख में हुई कथित धांधली के बारे में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं।

## वेस्ट बैंक में दो फिलिस्तीनी मारे गए

रामल्लाह। वेस्ट बैंक में एक शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले के दौरान गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और एक इजरायली सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलिस्तीनी और इजरायली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतकों की पहचान 19 वर्षीय नबील आमेर और 36 वर्षीय मोहम्मद अल-अवफी के रूप में की है, जिन्हें तुल्कर्म शिविर में इजरायली सैनिकों ने गोली मार दी थी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इजराइल ने अल-अवफी के शव को जब्त कर लिया है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इज़रायली सेना ने शिविर में प्रवेश किया और उसे घेर लिया, जिससे स्थानीय युवाओं के साथ झड़पें हुईं।

## फ्रांस के सीनेट अध्यक्ष लार्चर भारत की यात्रा पर



आपसी समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। फ्रांसीसी सीनेट के अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर, पांच अन्य सीनेटर के प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय संबंधों और संसदीय सहयोग को बढ़ाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हुए हैं। यह उनकी भारत में पहली आधिकारिक यात्रा है। फ्रांसीसी दूतावास ने सोमवार को बताया कि श्री लार्चर और उनका प्रतिनिधिमंडल 19 और 20 फरवरी को अपनी यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करेगा। फ्रांसीसी सीनेट और भारत की संसद के बीच एक समर्पित समझौते सहित सहयोग और आपसी समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी।

इस दौरान, श्री लार्चर को नए संसद भवन का निर्देशित दौरा भी कराया जाएगा। श्री लार्चर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले, उन्होंने गत वर्ष 14 जुलाई को श्री मोदी की पेरिस यात्रा के दौरान उनसे तब मुलाकात की थी, जब उन्होंने और सभी प्रमुख संसदीय समूहों के नेताओं ने फ्रांसीसी सीनेट में प्रधानमंत्री का स्वागत किया था। फ्रांसीसी सीनेट के अध्यक्ष द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा परिदृश्य पर चर्चा करने और भारत की बढ़ती भू-राजनीतिक भूमिका की बेहतर समझ हासिल करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, श्री लार्चर यात्रा के दौरान, भारत में मौजूद फ्रांसीसी कंपनियों, खास तौर पर एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों में काम कर रही प्रमुख कंपनियों के मालिकों से मिलेंगे।

## सुडोकू 6472

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | | 2 | 4 |
| | | | 1 | 4 | | | | |
| | | | | 9 | | | 5 | 7 |
| 7 | 3 | | | | | 4 | | 5 |
| 8 | | | | | | | | 3 |
| 5 | | 4 | | | | | 8 | 2 |
| 9 | 1 | | | 5 | | | | |
| | | | | 8 | 2 | | | |
| 4 | 7 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6472

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. दुखभरी कहानी
३. रेल का सिंग्नल
५. प्रधान, सरदार
६. निवासी (उर्दू)
७. समान दरजे का, बराबर
९. नियंत्रित, संयमित, दबाया हुआ
१०. निर्दयी (उर्दू)
१२. बदसूरत
१३. मौलिक, वास्तविक
१४. पानी का बुल्ला, क्षणभंगुर वस्तु
१६. झुका हुआ
१८. कमीशन लेकर दूसरे का माल बिकवा देने का व्यवसाय
२०. माथा, ललाट
२१. नया आया हुआ, अतिथि
२२. भेदभरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. रोजगार, व्यापार
२. सेना का एक अफ़सर (उर्दू)
३. राजनीति, शासन प्रबंध (उर्दू)
४. प्रेक्षक, देखने वाला
५. नरम, कोमल (उर्दू)
८. माफ करना
१०. दुर्दशाग्रस्त, बुरी हालत (उर्दू)
११. पते या प्रमाण के लिए किया गया उल्लेख, सुपुर्दगी (उर्दू)
१२. खानदानी
१३. निरक्षर
१४. होशियारी, चतुराई
१५. जुलाहा
१७. लहर
१८. सुस्ती, अकर्मण्यता
१९. पुत्र
२२. रीति, शैली

### वर्ग पहेली-6471

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ आ | बे | २ ह | या | ३ त | ■ | ४ प | द | ५ चा | प |
| जी | ■ | म | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | त | ■ |
| ७ वि | ध्वं | स | ■ | स | ■ | ८ व | न | क | ९ रि |
| का | ■ | फ | ■ | १० खा | मो | श | ■ | ■ | पु |
| ■ | ११ ह | र | १२ जा | ना | ■ | ■ | १३ शा | य | द |
| ■ | म | ■ | य | ■ | १४ वि | का | स | ■ | म |
| १५ चा | ल | १६ बा | ज | ■ | श्व | ■ | १७ क | १८ मा | न |
| टु | ■ | ल्य | ■ | १९ पु | स्त | २० क | ■ | हि | ■ |
| २१ का | लि | का | ■ | ल | ■ | २२ ठि | ठु | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ ल | ड़ | क | प | न | ■ | ■ | मी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 20 फरवरी, 2024 माघ शुक्ल पक्ष 10

### राशिफल

मेष -आज आप का दिन शुभ फलदायी होगा। विचारों में अति शीघ्र परिवर्तन आने की वजह से महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में थोड़ी दिक्कत होगी। व्यापार या नौकरी के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

वृषभ -आज आपको मन को स्थिर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। मनोदशा कमज़ोर रहेगी। समझौतावादी प्रवृत्ति रखने से आपको नुकसान नहीं होगा। आज संभव हो, तो प्रवास को टालें।

मिथुन -आज भाग्यवृद्धि का दिन है। स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। आज आप अपने लिए नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में व्यस्त रहने वाले हैं। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। धन का अधिक व्यय न हो, इसका ध्यान रखें।

कर्क -आज आपका मन अस्वस्थ और बेचैन रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से घर में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न हो जाएगी। आपकी निर्णय शक्ति कुंठित होने से दिशा नहीं दिखाई देगी।

सिंह -आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। कन्फ्यूजन की स्थिति में रहेंगे। अति महत्वपूर्णनिर्णय आप टाल दें।

कन्या -आज का दिन शुभ फलदायी है। नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है। व्यापार में लाभ एवं नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होने की संभावना है।

तुला -व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। लंबी यात्रा और किसी धार्मिक स्थल पर जाने कार्यक्रम बन सकता है। लेखनकार्य एवं बौद्धिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

वृश्चिक -आज का दिन शांतिपूर्वक और सावधानीपूर्वक गुजारने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम में असफलता के योग हैं, इसलिए कोई नया काम शुरू ना करें। क्रोध पर संयम रखें। नियम विरोधी एक्टिविटी से दूर रहें।

धनु -आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मनोरंजन के प्रसंग से आपका मन खुश रहेगा। नए मित्रों के मिलने से आपको आनंद मिलेगा। मित्रों के साथ प्रवास, पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

मकर -आपके व्यापार के लिए दिन अच्छा है। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आप कोई विशेष प्रयास करेंगे। धन के लेन-देन में सरलता रहेगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। आवश्यक कारणों के पीछे धन खर्च होगा।


कुंभ -आज कोई भी नया काम शुरू ना करें। जल्दी-जल्दी काम करने से आप नुकसान उठा सकते हैं। महिलाओं को अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा। संतान की चिंता रहेगी।

मीन -आज का दिन अरुचिकर घटनाओं के कारण उत्साहजनक नहीं रहेगा। घर में परिवारवालों के साथ वाद-विवाद होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी। किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अफगानिस्तान में भूस्खलन से 25 लोगों की मौत

**काबुल,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के पूर्वी नूरिस्तान प्रांत के नोरगाराम जिले के एक गांव में हुए भूस्खलन में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है और 10 अन्य घायल हो गए हैं। जिले के गवर्नर कारी हबीबुल्लाह साबिर ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात नोर्गाराम



जिले के तातिन दारा इलाके में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण यह आपदा आई। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि बचाव अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि मलबों में कई और लोगों के फंसे होने की आशंका है। भूस्खलन के कारण कम से कम 20 घर भी नष्ट हो गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हताहतों की संख्या में बदलाव होगा। राजधानी काबुल समेत अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में रविवार दोपहर से बारिश और हिमपात हो रहा है।

## अदन की खाड़ी में हाउती का ब्रिटेन के जहाज पर हमला

**सना,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। यमन के हाउती आंदोलन, जिसे अंसार अल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, ने अदन की खाड़ी में ब्रिटेन के रूबीमार मालवाहक जहाज पर हमला किया जिससे जहाज क्षतिग्रस्त हो गया है। हाउती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने सोमवार को इस आशय का दावा किया। उन्होंने टेलीग्राम में एक बयान में कहा, यमनी सशस्त्र बलों की नौसेना बलों ने एक विशिष्ट सैन्य अभियान चलाया जिसमें कई उपयुक्त नौसैनिक मिसाइलों के साथ अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश जहाज 'रूबीमार' को निशाना बनाया गया। हमले में जहाज को विनाशकारी क्षति हुई और पूरी तरह से रुक गया। जहाज को हुई व्यापक क्षति के परिणामस्वरूप, अब इसके अदन की खाड़ी में डूबने का खतरा है।



■ हाउती सैन्य प्रवक्ता का जहाज क्षतिग्रस्त होने का दावा

प्रवक्ता ने कहा, यमनी हवाई सुरक्षा एक उपयुक्त मिसाइल के साथ अमेरिका निर्मित ड्रोन, एमक्यू 9 को भी मार गिराने में सक्षम थी, जब यह जायोनी इकाई की ओर से हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण अभियानों को अंजाम दे रहा था।

## फिलीपींस में मुठभेड़ में छह सैनिकों की मौत

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन में सैनिकों और संदिग्ध आतंकवादियों के बीच हुयी मुठभेड़ में छह सैनिकों की मौत हो गयी, जबकि दो संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। इस दौरान चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सेना की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के एक गांव में रविवार को अपराह्न में सैनिकों और दौला इस्लामिया-माउते समूह के कथित सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुयी।

## वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल में सुधार पर नीति आयोग ने जारी किया स्थिति पत्र

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। नीति आयोग ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल में सुधार पर एक स्थिति पत्र जारी किया है जिसमें उनके सम्मान, गरिमा और प्रतिष्ठापूर्ण जीवन पर जोर दिया गया है।

■ बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और देखभाल पर अधिक जोर देने की जरूरत बताई

NITI Aayog (National Institution for Transforming India)

नीति आयोग ने सोमवार को यहां बताया कि भारत में नागरिकों की देखभाल में सुधार करना वरिष्ठ नागरिक देखभाल प्रतिमान की कल्पना शीर्षक से एक स्थिति पत्र जारी किया गया है। इस स्थिति पत्र को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद के. पॉल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी वी आर सुब्रमण्यम और सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव सौरभ गर्ग की उपस्थिति में जारी किया गया। श्री बेरी ने कहा कि इस स्थिति पत्र का जारी होना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता की दिशा में उठाया गया एक कदम है। वरिष्ठ नागरिक देखभाल के लिए प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग को व्यापक रूप से प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और सामाजिक आयामों के अलावा वरिष्ठ नागरिक देखभाल के विशेष आयामों के बारे में सोचना शुरू करने का समय आ गया है।

डॉ पाल ने कहा कि बढ़ती उम्र को गरिमापूर्ण, सुरक्षित और सकारात्मक बनाने पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी भलाई तथा देखभाल पर अधिक जोर देने की जरूरत है।

## अमेरिका के मिनेसोटा में गोलीबारी में चार की मौत

**वाशिंगटन,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के मिनेसोटा प्रांत की राजधानी मिनियापोलिस के पास बर्न्सविले में गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों और अग्निशमन विभाग के एक अर्धसैनिक सहित चार लोगों की मौत हो गई। स्टार ट्रिब्यून समाचार पत्र ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट बताया कि एक हमलावर ने एक घर में घुसकर एक महिला और सात बच्चों के साथ खुद को बंद कर लिया। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थानीय समयानुसार रविवार तड़के करीब पांच बजे हमलावर तथा पुलिस के बीच गोलीबारी शुरू हुयी। इसमें दो अधिकारियों और एक अग्निशमन विभाग के एक अर्धसैनिक की मौत हो गयी और एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गया। इस गोलीबारी में हमलावर भी मारा गया। मिनेसोटा ब्यूरो ऑफ क्रिमिनल अपीयरेंस के अधीक्षक ड्रू इवांस ने रविवार शाम संवाददाताओं से कहा कि हमलावर के पास कई बंदूकें और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद था और उसने घर के भीतर पुलिस अधिकारियों पर गोलियां चलाईं। इसके बाद अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की। इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है।

## आज का इतिहास

1707 – मुगल शासक औरंगजेब का अहमदनगर में निधन हुआ।
1710 – जोहान विलेम फ्रिसो ग्रोनिंगन को नीदरलैंड का वाइसराय बनाया गया।
1737 – फ्रांस के वित्त मंत्री चौवेलिन ने इस्तीफा दिया।
1745 – जेकोबिक सैनिकों ने फोर्ट ऑगस्टस, स्कॉटलैंड पर कब्जा कर लिया।
1768 – पहली अमेरिकी चार्टर्ड फायर बीमा कंपनी खुली।
1792 – डाक सेवा अधिनियम, संयुक्त राज्य डाकघर विभाग की स्थापना, राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन द्वारा हस्ताक्षर किए गए।
1810 – टाइरोलियन विद्रोही नेता एंड्रियास हॉफर को निष्पादित किया गया।
1811 – ऑस्ट्रिया को दिवालिया घोषित किया गया।
1827 – इटुजिंगो की लड़ाई (पेसो दो रोजारियो) में ब्राजील के इंपीरियल आर्मी के एक दल ने अर्जेंटीना-उरुग्वेयन सैनिकों से युद्ध में भाग लिया।
1835 – स्टूडेंट्स के एडमिशन के साथ कोलकाता मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई। इस कॉलेज की स्थापना 28 जनवरी 1835 को हुई थी।
1846– सोबरॉन के युद्ध में सिखों की हार के बाद अंग्रेजों ने लाहौर पर कब्जा कर लिया।
1868 – अमृत बाजार पत्रिका का पहला साप्ताहिक अंक बंगाली में प्रकाशित हुआ।
1869 – टेनेसी के गवर्नर डब्ल्यू सी ब्राउनलो ने कु क्लक्स क्लान संकट में मार्शल लॉ की घोषणा की।

**परेशानी** दो साल में अर्थव्यवस्था में आई पहली गिरावट

## हमास के साथ युद्ध के कारण इजरायल की अर्थव्यवस्था में गिरावट

**लंदन,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही में इजरायल का उत्पादन तेजी से घटा है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लगभग दो साल में पहली गिरावट है। हमास के साथ युद्ध से अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ा है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने सोमवार को अपने प्रारंभिक अनुमान में कहा कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक साल पहले की समान तिमाही की तुलना में 19.4 प्रतिशत घट गया जबकि संशोधित आँकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी 1.8 प्रतिशत बढ़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में संकुचन इजरायल के लिए आर्थिक मोर्चे पर नई बुरी खबर है। यहूदी राष्ट्र ने 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास को नष्ट करने के लिए गाजा में युद्ध छेड़ रखा है। अपेक्षा से बदतर गिरावट के लिए निजी खपत में 26.9 प्रतिशत गिरावट जिम्मेदार है क्योंकि हमलों के बाद आत्मविश्वास कम हो गया और लोगों ने खर्च में कटौती कर दी।



कैपिटल इकोनॉमिक्स के वरिष्ठ उभरते बाजारों के अर्थशास्त्री लियाम पीच के अनुसार, सेना से बुलावे के परिणामस्वरूप आवासीय इलाकों में गतिविधियाँ लगभग रुकने से और फिलिस्तीनी श्रमिकों में कमी के कारण व्यवसायों द्वारा स्थिर निवेश में 67.8 प्रतिशत की गिरावट आई। निर्यात में 18.3 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पीच ने सोमवार को एक नोट में कहा, हालांकि 2024 की (पहली तिमाही में) सुधार की संभावना दिख रही है, लेकिन इस साल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर रिकॉर्ड निचले स्तर के आसपास रहने की संभावना है। बैंक ऑफ इज़रायल के अनुसार, इस संघर्ष से 2025 के अंत तक इज़रायल को लगभग 255 अरब शेकेल (करीब 70.3 अरब डॉलर) का नुकसान होने की आशंका है, जो सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 13 प्रतिशत के बराबर है।

## वेस्ट बैंक में दो फिलिस्तीनी मारे गए

रामल्लाह। वेस्ट बैंक में एक शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले के दौरान गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और एक इजरायली सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलिस्तीनी और इजरायली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतकों की पहचान 19 वर्षीय नबील आमेर और 36 वर्षीय मोहम्मद अल-अवफी के रूप में की है, जिन्हें तुल्कर्म शिविर में इजरायली सैनिकों ने गोली मार दी थी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इजराइल ने अल-अवफी के शव को जब्त कर लिया है।

## दुनिया को जानें

### ब्रिटेन सरकार ने स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाया

**लंदन,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए प्रत्येक स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि मंत्रालय ने प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी किया है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने संबंधी निर्देश शामिल हैं। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया, हम इस बात के लिए दृढ़ हैं कि सभी स्कूलों को स्कूल के दौरान दिन भर मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी दस्तावेज में कहा गया, स्कूल में मोबाइल फोन अध्ययन और मौज-मस्ती में व्यवधान का कारण बनते हैं। इसीलिये, स्कूल के दिनों से मोबाइल फोन को हटाकर, हम विद्यार्थियों के लिये एक सुरक्षित वातावरण बना सकते हैं जहां विद्यार्थियों को सोशल मीडिया और साइबरबुलिंग से जुड़े जोखिमों तथा खतरों से बचाया जा सके।

# प्रादेशिकी

## पंजाब में स्टांप बिक्री, पंजीकरण राजस्व में 16 प्रतिशत की वृद्धिः जिम्पा

चंडीगढ़। पंजाब के राजस्व मंत्री ब्रहम शंकर जिम्पा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ने केवल एक महीने में 'स्टांप और पंजीकरण' की मद के तहत 16.83 प्रतिशत अधिक आय अर्जित की है। श्री जिंपा ने बताया कि इस साल जनवरी में राज्य के खजाने को स्टांप और रजिस्ट्रेशन के तहत 376.16 करोड़ रुपये की आय हुई है, जो जनवरी 2023 से 16.83 फीसदी ज्यादा है। पिछले वर्ष इसी माह में 321.96 करोड़ रुपये अर्जित किए थे। उन्होंने कहा कि राज्य की आय लगातार बढ़ रही है। श्री जिम्पा ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने सत्ता संभाली है, पहले दिन से ही कई फैसले लिए गए हैं, जिससे राज्य में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही राज्य से भ्रष्टाचार खत्म करने के प्रयास शुरू कर दिये गये।

## सीएम धामी ने हिमालयन बास्केट का किया शुभारंभ

**देहरादून,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में हिमालयन बास्केट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने चंपावत से वर्चुअल रूप से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरुआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। उन्होंने कहा कि सुमित पेशे से एक इंजीनियर हैं और स्नेहा एक मार्केटिंग पेशेवर हैं। देवभूमि से होने के कारण, दोनों हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों ने डेयरी, खेती और उनके पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया। हिमालयन बास्केट के तहत दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग-अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में सप्लाई करते हैं।



उत्पाद बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध से बनने वाले उत्पाद 'चुरपी' और 'घी' की अधिक डिमांड है। क्योंकि चुरपी गाय के दूध से बना एक विशेष कठोर पनीर है और दोनों ने उत्तराखंड में इसके उत्पादन का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकार और

**दूध से बनने वाले उत्पाद 'चुरपी' और 'घी' की अधिक डिमांड है। क्योंकि चुरपी गाय के दूध से बना एक विशेष कठोर पनीर है और दोनों ने उत्तराखंड में इसके उत्पादन का बीड़ा उठाया :- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

जिला प्रशासन की मदद से दोनों को बागवानी कोल्ड स्टोर लीज पर मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भी इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं हमारी सरकार उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा स्वप्न और संकल्प है कि एक आदर्श चंपावत बनाएं। इसके लिए हमें चाहिए कि चंपावत के जो भी उत्पाद हैं, वो सभी आदर्श होने चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा आदि उपस्थित रहे।

## पिथौरागढ़ में 158 प्राथमिक विद्यालय व 25 उच्च प्राथमिक विद्यालय हुए बंद

- सीमांत जनपद में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल
- छात्र संख्या शून्य होने के कारण करने पड़े बंद
- 445 विद्यालय चल रहे एकल अध्यापक के सहारे

**पिथौरागढ़,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। सरकार जहां एक ओर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का दावा और वादा कर रही है, वहीं सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में कई विद्यालयों पर ताला लटक चुका है. साथ ही कई और विद्यालय बंदी की कगार पर हैं। छात्र संख्या शून्य होने से जनपद में 158 प्राथमिक विद्यालय और 25 उच्च प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। गौर हो कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की बात तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत ठीक उलट दिखाई दे रहे है। पिथौरागढ़ जनपद के विद्यालयों की हालात दिनों दिन बद से बदत्तर होती नजर आ रही है। सीमांत जिला मुख्यालय में छात्र संख्या शून्य होने से जनपद में 158 प्राथमिक विद्यालय और 25 उच्च प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। अभिभावकों का रुझान भी निजी स्कूलों की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। निजी स्कूलों में जहा छात्र संख्या बढ़ती जा रही है, वही सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या लगातार गिर



रही है, जिस कारण विद्यालय बंद होते जा रहे हैं। कई विद्यालय तो ऐसे हैं, जहां छात्र तो हैं, लेकिन छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षक तक नहीं हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक जुकरिया का कहना कि बीते तीन सालों में छात्र संख्या शून्य होने से जनपद में 158 प्राथमिक विद्यालय 25 उच्च प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। कई और दूरस्थ क्षेत्रों में जैसे धारचूला, मुनस्यारी, बेरीनाग, गंगोलीहाट में 445 एकल अध्यापक वाले विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

जिसमें से भी 28 विद्यालय में कोई भी अध्यापक कार्यरत नहीं हैं। जहां की शिक्षण व्यवस्था इधर उधर के अध्यापकों से चलाई जा रही है। 20 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 2 उच्च प्राथमिक विद्यालय भी व्यवस्थापक शिक्षकों के सहारे चल रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लूंठी ने स्कूल बंद होने पर सवाल खड़े किए हैं। कहा कि सरकार बेहतर शिक्षा देने के बजाय स्कूलों को बंद करा रही है। एक ओर पलायन को कम करने की बात होती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण स्कूलों को बंद करना चिंताजनक बना हुआ है।

## सीएम धामी के प्रस्तावित दौरों से पहले मजबूत होगी सुरक्षा व्यवस्था

**बिना वर्दी के तैनात होंगे पुलिसकर्मी**

देहरादून। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधेयक विधानसभा में पारित हो चुका है। जिसके बाद एहतियात के तौर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित दौरों और कार्यक्रमों में विशेष सावधानी बरती जा रही है। जिसे लेकर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने रेंज और जिलों के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। बकायदा इसके लिए सादे लिबास में पुलिस कर्मियों को तैनात करने के निर्देश दिए।दरअसल, उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पर मंजूरी मिलने के बाद विरोध के सुर भी कहीं न कहीं सुनाई दे रहे हैं। लिहाजा, उत्तराखंड डीजीपी अभिनव कुमार ने रेंज और जिलों के पुलिस अधिकारियों को हाल ही में यूसीसी बिल पारित होने के मद्देनजर सीएम धामी के सुरक्षा को पुख्ता करने को कहा है। डीजीपी ने सभी जिलों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित दौरे और कार्यक्रमों के दौरान विशेष सावधानी बरतते हुए त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य में सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मियों की नियुक्ति करने को भी कहा है। डीजीपी अभिनव कुमार ने निर्देश दिया है कि चुनाव के दौरान राज्य में आने वाले वीवीआईपी को सुरक्षा श्रेणी के अनुसार त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा चुनाव के मद्देनजर प्रस्तावित रैलियों में भी सुरक्षा मानकों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि, वीवीआईपी की सुरक्षा में कोई सेंध न लगा सके। उधर, हल्द्वानी में हुए हिंसा को लेकर पुलिस अलर्ट नजर आ रही है। हर संदिग्ध व्यक्तियों का चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## आदर्श प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी से अभिभावक नाराज

बागेश्वर। जिला मुख्यालय के आदर्श प्राथमिक विद्यालय में हिंदी और अंग्रेजी जैसे अहम शिक्षकों के पद रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों की कमी से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। लिहाजा, नाराज अभिभावकों ने विद्यालय गेट पर प्रदर्शन कर जल्द शिक्षकों की तैनाती की मांग की। साथ ही रिक्त पद नहीं भरे जाने पर बच्चों सहित आंदोलन में बैठने की चेतावनी भी दी। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय के गेट पर महिला अभिभावकों ने प्रदर्शन शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि आदर्श विद्यालय के नाम पर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यालय में शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिसके कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने कई बार विद्यालय में इस समस्या को रखा लेकिन अब तक शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। उनका कहना है कि कोरोना काल में कई लोगों ने निजी विद्यालयों से भी अपने बच्चों के नाम कटवाकर प्राइमरी विद्यालय में दाखिला करवाया था, लेकिन अब उन बच्चों के भविष्य पर भी असर पड़ रहा है। अभिभावकों ने जल्द शिक्षकों की तैनाती नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**सार संक्षेप**

### शुभमन गिल को लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब का 'स्टेट आइकान' बनाया गयाः सिबिन सी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी ने भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को 'स्टेट आइकन' बनाया है। मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने सोमवार को बताया कि पंजाब निवासी शुभमन गिल क्रिकेट प्रेमियों, विशेषकर युवाओं में काफी लोकप्रिय है और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 दौरान 70 फीसदी से ज्यादा वोट का लक्ष्य हासिल करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल के माध्यम से वोटर जागरूकता के लिये विभिन्न अभियान चलाये जायेंगे, ताकि 'इस बार 70 पार' का लक्ष्य हासिल किया जा सके। इससे पहले लोकप्रिय पंजाबी गायक तरसेम जस्सड को भी 'स्टेट आइकान' बनाया गया था। सिबिन सी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को पंजाब के सभी उपायुक्तों के साथ हुई बैठक में ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने को कहा गया था, जहां पिछले चुनाव के दौरान वोट प्रतिशत कम रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में जागरूकता अभियान साथ ही शुभमन गिल और तरसेम जस्सड के माध्यम से अपील करवा कर मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डालने के लिये प्रेरित किया जायेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी ने आशा व्यक्त की कि पहली बार मतदान करने वाले लड़के-लड़कियां शुभमन गिल और तरसेम जस्सड से प्रभावित होकर अपने वोट अधिकार का प्रयोग करेंगे, वहीं उन्होंने अन्य आयु वर्ग के लोगों से भी अधिक वोट करने की अपील की।

### उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम फिर लोगों को ठंड का एहसास कराने जा रहा है। सोमवार को मौसम विभाग ने राज्य भर में हल्की बारिश और बर्फबारी को लेकर पूर्वानुमान दिया था जिसके चलते प्रदेश पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई है। हालांकि बारिश और बर्फबारी का असर राज्य के पांच जिलों में दिखा। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया। उत्तराखंड में सोमवार को एक बार फिर बारिश और बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया। हालांकि इस बार राज्य में बारिश और बर्फबारी बेहद कम देखने को मिली है, लेकिन माना जा रहा है कि प्रदेश में आने वाले दो से तीन दिनों के भीतर प्रदेशवासियों को अच्छी बारिश और बर्फबारी देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के पांच जिलों के लिए बारिश और बर्फबारी ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपद में कई जगह पर भारी बर्फबारी हो सकती है।


### सुडोकू 6472 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 8 |

## राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को विभाग ने लिया कब्जे मेंः रेखा आर्य

**देहरादून,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। रायपुर में स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। खेल मंत्री ने कहा कि राज्य के लिए यह बड़ी सौगात है। जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में स्टेडियम को निविदा के आधार पर मेर्सस आईटीयूएएल को दिया गया था जिसके लिए उन्होंने देहरादून इन्टीग्रेटेड अरीना लिमिटेड कम्पनी को निर्मित कर राज्य सरकार के साथ मई, 2018 में अनुरक्षण एवं संचालन के लिए अनुबन्ध गठित किया गया था। जब कोरोना काल आया तो कंपनी ने स्टेडियम के संचालन के लिए प्रर्याप्त वित्तीय संसाधन के अभाव में इन्सोल्वेन्सी के लिए एनसीएलटी में वाद दायर किया था।

एनसीएलटी ने इसके लिए आईआरपी अंशुल पठानिया को रिजोल्यूशन पलान के लिए नियुक्त किया गया था। माह नवम्बर, 2023 में एनसीएलटी ने मेर्सस ट्राइवर इन्टरप्राइजेज के रिजोल्यूशन प्लान को स्वीकार करते हुये आदेश निर्गत किये गये थे। लेकिन कम्पनी द्वारा नई संचालन एजेन्सी के रूप मे राज्य सरकार से ना तो अनुमोदन प्राप्त किया गया ना ही मूल अनुबंधी शर्तों के अनुरूप एस्क्रो खाता खोला गया और ना ही अपेक्षित बैंक गारन्टी



■ राष्ट्रीय खेलों के लिए होगा इस्तेमाल

उपलब्ध करायी गई, बल्कि स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजन के लिए विभिन्न संस्थाओं से धनराशि बुकिग के लिए ली गई।

इस दौरान कंपनी को नियमो का पालन करने के लिए नोटिस कारी किया गया लेकिन कंपनी ने ना तो नोटिस का जवाब दिया गया और ना ही उनके प्रतिनिधि बैठक में आये। ऐसे में नई संस्था की जा रही बुकिंग के विरुद्ध रायपुर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है जिसकी जांच जारी है। ऐसे में सोमवार को संस्था ने परिसर को रिक्त कर दिया है एवं राज्य सरकार ने जन हित में स्टेडियम को अपने नियंत्रण में ले लिया है।

## मजबूत प्रत्याशियों के चयन पर जुटीं कांग्रेस

**देहरादून,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज कर दिया है। कुमारी शैलजा के उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी बनने और उत्तराखंड में कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद न सिर्फ कांग्रेस में हलचल बढ़ी है बल्कि चुनावी रणनीतियों पर काम भी शुरू हो गया है। हालांकि, वो बात अलग है कि पिछले कुछ समय में कोटद्वार और देहरादून में कांग्रेस के पूर्व नेताओं ने पार्टी का दामन छोड़ा हो लेकिन वर्तमान समय में कांग्रेस अपनी स्थितियों को मजबूत करने के साथ ही पांचों लोकसभा सीटों के लिए मजबूत प्रत्याशी के चयन पर विशेष जोर दे रही है।

उत्तराखंड में सभी राजनीतिक दलों ने



■ उत्तराखण्ड दौरे पर पहुंची प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा

चुनावी तैयारियां तेज कर दी है। प्रदेश की दोनों मुख्य पार्टी भाजपा और कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांचों सीटों को जीतने के लिए रणनीतियों पर काम कर रही है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का फोकस कुनबा बढ़ाने पर है। जबकि कांग्रेस कुनबा बढ़ाने के साथ ही चुनाव के लिए मजबूत प्रत्याशी के चयन की कवायद में जुटी हुई है। यही कारण है कि चुनावी रणनीतियों को धार देने को लेकर कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा कई बार उत्तराखंड दौरे पर आ चुकी हैं।

हाल ही में कुमारी शैलजा के देहरादून दौरे के दौरान कांग्रेस में बड़ी हलचल देखी गई। दौरे के दौरान कुमारी शैलजा ने प्रदेश के लगभग सभी वरिष्ठ नेताओं से वन-टू-वन बातचीत कर न सिर्फ उनकी राय जानी बल्कि प्रदेश की स्तिथियों को परखा और जाना भी है। मुख्य रूप से कुमारी शैलजा का हाल ही में हुआ दौरा आगामी चुनाव के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि इस दौरे के दौरान शैलजा ने नेताओं की नब्ज टटोली।

## लोकसभा चुनाव लड़ेंगी उत्तराखंड कांग्रेस की तीन महिला नेत्रियां

■ स्क्रीनिंग कमेटी के सामने महिला कांग्रेस ने रखा पक्ष

देहरादून। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की पक्षधर रही है। इस बात को महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा कहती आई हैं। ऐसे में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस से भी तीन महिला नेत्रियों ने स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर अपनी दावेदारी जताई है। इसमें टिहरी लोकसभा सीट से सुनीता प्रकाश, अल्मोड़ा लोक सभा सीट से आशा टम्टा और पौड़ी लोकसभा सीट से महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। ज्योति रौतेला ने कहा वह एक पॉलिटिकल वर्कर हैं। उन्होंने लंबे समय तक संगठन के लिए निष्ठापूर्वक काम किया है। इसलिए उन्होंने पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जताई है। ज्योति रौतेला ने कहा अगर पार्टी उन्हें मौका देती है तो वह पौड़ी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहेंगी।

## 26 से होगा उत्तराखंड का बजट सत्र

■ विधानसभा को मिले अब तक 250 से अधिक सवाल

**देहरादून,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। सरकार की तरफ से उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र 2024 की तैयारियां चल रही हैं। यह बजट सत्र देहरादून स्थित विधानसभा भवन में आहूत किया जाएगा। तय तिथियां के मुताबिक, 26 फरवरी से 1 मार्च तक विधानसभा का बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा सचिवालय स्तर से तमाम तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है। विधानसभा बजट सत्र को लेकर विधायकों की ओर से विधानसभा सचिवालय को 250 से अधिक प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। इस पर संबंधित विभागीय स्तर से प्रश्नों का उत्तर तैयार किया जा रहा है।

उत्तराखंड सरकार ये बजट सत्र देहरादून स्थित विधानसभा भवन में आहूत होने जा रहा है। हालांकि, ये बजट सत्र पहले ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में आहूत होना था। लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई





विधायकों ने गैरसैंण में विधानसभा सत्र आहूत न करके देहरादून में आहूत करने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था। इसके बाद हाल ही में हुए मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान देहरादून विधानसभा में ही बजट सत्र आहूत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सत्र की तिथियों के ऐलान के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया गया था।

संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के मुताबिक, विधानसभा बजट सत्र 26 फरवरी से एक मार्च तक देहरादून विधानसभा में आयोजित किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन यानी 26 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक कर आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए यह बजट, जेंडर बजट होगा, जिससे विकास की गतिविधियां बढ़ेगी। साथ ही हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया गया है। क्योंकि यह बजट तमाम लोगों से सुझाव लेने के बाद तैयार किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन है कि साल 2025 तक उत्तराखंड देश के अन्य राज्यों की तुलना में श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में शुमार हो सके, इस दिशा में यह बजट काफी कारागार साबित होगा।

## दून में सचिवालय कार्मिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस शुरू

**देहरादून,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय कार्मिकों के लिए सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम से सचिवालय तक इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन किया। यह बस सेवा शुरू होने के बाद अब सचिवालय कर्मी आसानी से आ जा सकेंगे। उन्हें आवाजाही में कोई परेशानी नहीं होगी। दरअसल, उत्तराखंड सचिवालय कार्मिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू कर दी गई है। जिसका शुभारंभ मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह बस सेवा सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम से सचिवालय तक चलेगी। जिसके जरिए सचिवालय कार्मिक आराम से आ जा सकेंगे। यह बस सेवा रोजाना सुबह कार्यालय समय में सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम से सुभाष रोड सचिवालय तक आएगी। जबकि, शाम को सचिवालय से सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम तक सचिवालय कार्मिकों को पहुंचाने का काम करेगी। यह ग्रीन एनर्जी और पर्यावरण को ध्यान में रखकर शुरू की गई खास पहल है। बता दें कि देहरादून में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इलेक्ट्रिक बसें



■ सीएस राधा रतूड़ी ने दिखाई हरी झंडी


चलाई जा रही है। जो पर्यावरण को किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाती है। देहरादून की बात करें तो इलेक्ट्रिक बसें आईएसबीटी से लेकर घंटाघर, राजपुर रोड तक चलाई जा रही है। इतना ही नहीं देहरादून से सेलाकुई रूट पर भी स्मार्ट इलेक्ट्रिक बसें दौड़ रही है। रायपुर-सेलाकुई रूट पर इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने किया था। उस दौरान उन्होंने खुद बस का सफर किया था। इन बसों की खासियत है कि पहाड़ी बोली में अनाउंसमेंट भी किया जाता है। साथ ही कम समय और किफायती दाम में सुविधाजनक सफर का आनंद लोग ले रहे हैं। ऐसे में लोगों का सफर भी आसान हो गया है।

## आबकारी नीति से राजस्व जुटाने के मुद्दे को लेकर जयराम ने सरकार को घेरा

■ हिमकिरण मांटा

■ दिल्ली सरकार की आबकारी नीति से मिलती हिमाचल की आबकारी नीति

**शिमला,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। रविवार के अवकाश के बाद हिमाचल विधान सभा का बजट सत्र आज फिर शुरू हुआ। सदन में सोमवार को प्रश्नकाल के बाद बजट पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा का आगाज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने किया। चर्चा की शुरूआत करते हुए जयराम ठाकुर ने सरकार पर एक के बाद एक कई हमले बोले। खासतौर पर कांग्रेस की चुनावी गारंटियों का



जिक्र बजट में न होने, माली साल 2023-24 के बजट में की गई घोषणाओं पर काम न होने, हैली टैक्सी सेवा के बंद होने तथा संसाधन जुटाने के नाम पर सरकार की घोषणाओं के बावजूद पूंजीगत खर्चों में कटौती व आबकारी नीति से राजस्व जुटाने के मुद्दे को लेकर जयराम ने सरकार को घेरा।

आबकारी नीति का उल्लेख करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार चालू माली साल की आबकारी नीति के लागू होने के बाद राजस्व में 40 फीसद का इजाफा होने का दावा कर रही है, मगर इस वित्तीय वर्ष में अब तक आबकारी नीति के जरिए खजाने में सिर्फ 1855 करोड़ की रकम आई है, जबकि 2500 करोड़ की रकम आनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि ठेकेदार अँग्रेजी शराब व बीयर का कोटा नहीं उठा रहे। लिहाजा सरकार 700 करोड़ के राजस्व के अंतर को कैसे पाटेगी। उन्होंने कहा कि यह आबकारी नीति दिल्ली की पॉलिसी की तर्ज पर ही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ठेकेदारों के बिलों का भुगतान नहीं कर रही है। ठेकेदारों से धन की मांग की जा रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट में बेरोजगारों, कर्मचारियों, बागवानों व किसानों के लिए कुछ नहीं। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आउट सोर्स, करुणा मूलक समेत कई वर्ग सडकों पर हैं। हमीरपुर स्थित कर्मचारी चयन आयोग को भंग करने के एक साल बाद सरकार जेओए आईटी भर्तियों की परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं कर पा रही। परिणाम की मांग कर रहे अभ्यर्थी भी सडकों पर हैं। उन्होंने सरकार से भर्ती परीक्षाओं के परिणामों को जल्द घोषित करने की मांग भी की।

उन्होंने कहा कि सरकार के राजस्व प्राप्तियों व खर्चों के आंकड़े तथ्यों पर नहीं हैं। सरकार ने चालू माली साल के बजट में की गई घोषणाओं को धरातल पर नहीं उतारा। बेशक सत्ता परिवर्तन के बाद कुछ लोग आत्म निर्भर हुए होंगे, मगर प्रदेश नहीं। उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण में दर्शाई प्रदेश की आर्थिक विकास दर पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार बजट में आत्म र्भिर हिमाचल की बात कर रही है, दूसरी ओर अनुदानों, पूंजीगत निवेश के बजट में कटौती की गई है। कांगड़ा जिला को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने की बात सरकार कह रही है, मगर इसके लिए धन कहां। एडीबी के 2100 करोड़ के प्रोजेक्ट को सरकार यहां खर्च करेगी। प्रोजेक्ट भाजपा सरकार के वक्त है। पर्यटन राजधानी के नाम पर चिड़ियाघर बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ओपीएस बहाली का दावा सरकार कर रही है, इसके लिए केंद्र के पास जमा 9 हजार करोड़ लौटाने की बात की जा रही है। मगर य.ह पैसा कर्मचारियों का है। कर्मचारियों के एरियर के भुगतान के लिए बजट में धन का प्रावधान नहीं। सरकार कर्ज पर कर्ज ले री है, मगर कर्ज व इसके ब्याज के भुगतान के लिए बजट में धनराशि कम हो रही है। उन्होंने बजट की खामियां गिनाते हुए कहा कि वह इसका समर्थन नहीं कर सकते।

### जयराम के भाषण के मुख्य बिंदु

- विकास दर में 7.1 फीसदी का दावा व बजट के तथ्य झूठे
- पिछले बजट पर नहीं हुआ अमलए ग्रीन एनर्जी के दावे खोखले
- पहले बजट में 30 हजार नौकरी का दावा किया, इस बार कुछ नहीं कहा
- हिमाचल में उद्योग व निवेश आते नहीं जाते दिख रहा है
- सिर्फ केंद्रीय योजनाओं से चल रहा कामए प्रदेश में तो सब काम ठप्प
- कांगड़ा को टूरिज्म कैप्टिल बनाने का दावा खोखला
- महिलाओं को 1500 रुपए देने का दावा झूठा

### मुख्यमंत्री बोले पैसे मांगने के सबूत दे विपक्ष, करेंगे कार्रवाई

नेता प्रतिपक्ष द्वारा सदन में ठेकेदारों से पैसे मांगने का आरोप लगाए जाने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को दो बातें सरकार के समक्ष लानी होंगी। एक तो किस ठेकेदार के बिलों का भुगतान नहीं हुआ तथा दूसरा किससे पैसे मांगे गए। इस पर भाजपा के विक्रम ठाकुर ने कहा कि कांगड़ा जिला के डाडासिबा में ठेकेदार से रकम की मांग की गई। बाकायदा इस बारे मामला सरकार के संज्ञान में लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक इस बारे उन्हें लिख कर दें वह कार्रवाई करेंगे।

# प्रादेशिकी

## अभिलेखों में हेरफेर कर परीक्षा देने के मामले में युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। सिपाही बनने की परीक्षा देनें आए एक 'मुन्नाभाई' को पुलिस नें अभिलेखों में हेरफेर कर परीक्षा देनें के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे जांच-पड़ताल कर रही है। थाना जहानगंज के अजीजजलपुर निवासी महमूद पुत्र कुर्रार खान नें पीडी महिला डिग्री कालेज में प्रथम पाली में 11:30 बजे पुलिस भर्ती परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान ही प्राचार्य डॉ. विनीता मिश्रा के मोबाइल पर अभ्यर्थी महमूद के संदिग्ध होनें की सूचना मिली जिससे परीक्षा समाप्त होने के बाद प्राचार्य नें जब महमूद के आधार कार्ड की जांच की तो मामला पकड़ में आ गया। पूछताछ में महमूद नें बताया कि उसने पुलिस भर्ती परीक्षा देनें के लिए उसने आधार कार्ड में नाम व जन्मतिथि में बदलाव किया था। उसने दोबारा हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा दी।

# उत्तर प्रदेश में बना व्यापार व विकास का माहौल : मोदी

**लखनऊ,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। मुझे यूपी के सामर्थ और डबल इंजन सरकार के परिश्रम पर पूरा विश्वास है। मैं योगी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दल से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। उद्योग जगत के साथियों के लिए यूपी में अनंत अवसर की बेला है।

आपने कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से यूपी अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि यूपी में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में हजारों



- **ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह को किया संबोधित**
- **प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर दस लाख करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ**

प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं। उत्तर प्रदेश में बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में ना केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। बीते सात साल में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। यहां आए सभी निवेशकों के बीच आशावाद दिख रहा है। डबल इंजन सरकार ने दिखाया है कि अगर बदलाव की सच्ची नीयत है तो उसे कोई रोक नहीं सकता। बीते कुछ वर्षों में यूपी से होने वाला एक्सपोर्ट दोगुना हो चुका है। यूपी वो राज्य है जहां देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे हैं। यहां सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। यहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है। वेस्टर्न और ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का बड़ा नेटवर्क यूपी से गुजरता है। नदियों के नेटवर्क का भी मालवाहक जहाजों के लिए उपयोग किया जा रहा है।

ट्रांसपोर्टेशन सस्ता हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को लेकर पूरी दुनिया में अभूतपूर्व पॉजिटिविटी दिख रही है। पीएम मोदी ने कतर और यूएई की यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि हर देश भारत के विकास को लेकर आश्वस्त और भरोसे से भरा हुआ है। पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि चुनाव नजदीक होने पर लोग नये निवेश से बचते हैं। लेकिन आज उत्तर प्रदेश में सोच भी तोड़ दी है। दुनियाभर के इन्वेस्टर्स को सरकार की पॉलिसी और स्टेबिलिटी पर पूरा भरोसा है। ये विश्वास लखनऊ में झलक रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में जिस प्रकार की सोच आजादी के बाद से अनेक दशकों तक रही है उसपर चलते हुए ये परिवर्तन संभव ही नहीं था। तब की सरकारों की सोच थी कि देश के नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ। उन्हे हर मूलभूत सुविधा के लिए तरसा के रखो। पहले की सरकारें केवल चुनिंदा शहरों में अवसर उपलब्ध कराती थीं, जिसके कारण देश का बड़ा हिस्सा विकास से वंचित रह गया। डबल इंजन सरकार ने पुरानी राजनीतिक सोच को बदल कर रख दिया है। हम हर नागरिक के जीवन को आसान बनाने में जुटे हैं।

जीवन आसान होगा तो निवेश और कारोबार करना भी आसान होगा। प्रधानमंत्री ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार जब अपनी तरफ से लाभार्थियों को लाभ पहुचाती है, तो यही सच्चा अर्थ में सामाजिक न्याय और सच्चा सेक्युलरिज्म होता है। पहले भ्रष्टाचार और भेदभाव के चलते लोगों को योजनाओं का लाभ पाने के लिए लंबी लाइन लगानी होती थी।

### भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझता है विपक्ष

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यमियों का आह्वान किया कि उन्हें संकल्प लेना चाहिए कि दुनिया के हर डायनिंग टेबल पर मेक इंन इंडिया का प्रोडक्ट जरूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिलेट्स को लेकर नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। इस सुपर फूड में इन्वेस्टमेंट का अच्छा अवसर है। सरकार छोटे-छोटे किसानों को बाजार की बड़ी ताकत बनाना चाहती है। जितना फायदा किसान और मिट्टी को होगा उतना ही फायदा फूड प्रॉसेसिंग से जुड़े उद्यम को भी होगा।

# अपनी प्रतिभा को पहचान कर विकास से जुड़ा प्रदेश : योगी



**इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आए निवेशकों व उद्यमियों का किया स्वागत**

**लखनऊ,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के लिए प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह भूमि भगवान श्रीराम की है, गोपेश्वर श्रीकृष्ण की है, बाबा विश्वनाथ की है, ऋषि मुनियों की कृपा भूमि है, मां गंगा, यमुना और सरयू जैसी नदियों का आशीर्वाद भी इसको प्राप्त हुआ है, यह धन्य भूमि है, पुण्य भूमि है, यह उद्यम और उद्यमता की भी भूमि है। आज उत्तर प्रदेश भारत के श्रम शक्ति पुंज को एक अर्थशक्ति पुंज के रूप में बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है।

इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उप्र ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हमने स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा। योगी ने सबसे पहले अयोध्या में 5 सदी के बाद प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा और अबुधाबी में पहले हिंदु मंदिर की स्थापना के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की।

## सार संक्षेप

### कुश्ती प्रतियोगिता में मेरठ के पहलवानों का दबदबा



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर के 49वीं अन्तरक्षेत्रीय परियोजना कुश्ती, पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता दिनांक 19.02.2024 से 20.02.2024 तक आयोजित की जा रही हैं जिसका आयोजन पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., मेरठ द्वारा रुस्तम-ए-जमा दारा सिंह कुश्ती स्टेडियम चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ (कैम्पस) में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि चैत्रा वी. प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल डिस्कॉम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रबंध निदेशक ने बाहर से आये खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एस. के. पुरवार निदेशक (कार्मिक एवं प्रबंधन), संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), एनके मिश्र निदेशक (तकनीकी) एवं स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त), एमएम गर्ग मुख्य अभियन्ता (एचआरए), धीरज सिन्हा ,मुख्य अभियंता-प्रथम मेरठ क्षेत्र मेरठ, राघवेन्द्र मुख्य अभियंता-द्वितीय, मेरठ क्षेत्र मेरठ। विनय कुमार क्रीड़ा अधिकारी, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि., शक्ति भवन, लखनऊ, राजेन्द्र बहादुर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल मेरठ, संजीव वर्मा, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल-मेरठ, एवं अलका तोमर क्रीड़ा अधिकारी एवं संयोजक आदि उपस्थित रहे।

### भद्रकाली मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मवाना।** वन आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मध्य गंग नहर किनारे स्थित मां भद्रकाली मंदिर पर पर माघ माह के प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले मेले में अंतिम सोमवार आयोजित मेले में आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। मंदिर परिसर के आस पास आयोजित मेले में कई जनपदों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में मां भद्रकाली के दर्शन कर मत्था टेका धर्मलाभ अर्जित किया। वन आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मध्य गंग नहर किनारे स्थित मां भद्रकाली मंदिर पर आस्था के उमडे सैलाब में लाखों लोगों में मंदिर में मत्था टेक धर्मलभा अर्जित किया। मरेठ सहित आसपास के जनपद मुजफ्फनगर, बिजनौर, हापुड आदि से आये हजारों श्रद्धालुओं में मत्था टेक धर्मलाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में आने का सिलसिला रविवार देर रात से शुरू होकर सोमवार देर शाम तक चलता रहा। अंतिम सोमवार के चलते सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। मेले में अधिकांश श्रद्धालु देहात क्षेत्र के किसान एवं पशुपालक शामिल होते हैं और मां भद्रकाली, भगवान शिव, मां काली एवं हनुमान की पूजा-अर्चना पर प्रसाद चढ़ाते हैं। अधिकांश श्रद्धालु यहां अपने पशु गाय, भैंस के दूध व घी से तैयार व्यंजनों का प्रसाद चढ़ाते हैं। मान्यता है कि मां के मंदिर में ऐसा करने से उनके पशु, फसलों आदि में वृद्धि होने के साथ साथ परिवार में सुख-शांति रहती है। मेले में आई 65 वर्षीय रामवती का कहना है कि वे कई दश्कों से माघ माह में भद्रकाली मंदिर पर आयोजित होने वाले मेलें में परिवार के साथ आ रही है। उन्होंने जब से मंदिर में आना शुरू किया तभी से उनके परिवार में सुख समृध्द्धि का वास है।

# दो पक्षों के बीच मारपीट को लेकर मुकदमा दर्ज

**मवाना/हस्तिनापुर,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर में दो पक्षों का विवाद इतना बढ़ गया कि थाना पुलिस के सामने दोनों पक्षों में जमकर लाटी डडे चले। पुलिस मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। काफी देर बाद पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को अलग कर दोनों के खिलाफसरकारी कार्य में बाधा डालने जैसी कई गंभीर धाराओं में मामला पजीकृत कर दिया। आपसी मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायल हो उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया। जहां दो की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने थाने पर मुकदमा पजीकृत करत हुए बताया कि सलमू पुत्र वसीर, आस मौहम्मद पुत्र सलमू कल्लू और सौरभ पुत्र कुसमपाल, सुमित पुत्र पप्पू, अमरपाल पुत्र तेजपाल और प्रवीन पुत्र गजेंद्र काफी लोगों के साथ एक दूसरे के साथ मारपीट कर रहे थे। मौके पर मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों के

- **सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा**

समझाने एवं रोकने पर दोनों पक्षों के लोग उग्र होकर लाठी डंडों से एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए पथराव करने लगे। पुलिस बल दोनों पक्षों को नियंत्रित के करने की कोशिश की तो दोनों पक्षों ने पुलिस बल के साथ भी धक्का मुक्की करते हुए पथराव किया। घटना के दौरान भयभीत ग्रामवासियों ने अपने अपने घरो के दरवाजे बन्द करने लगे जिससे मैन रोड का यातायात पूणत: बाधित हो गया।

# रोजगार मेले में 118 प्रतिभागियों को मिली नौकरी



- **एएस पीजी कॉलेज मवाना में आयोजित हुआ मेला**
- **रोजगार मेले में दस कम्पनियों ने किया प्रतिभाग**

**मवाना,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कालेज मवाना में सोमवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अर्न्तगत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हस्तिनापुर के संयुक्त तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आयोजित विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला 2024 आयोजित किया गया। एएस (पीजी) कालेज मवाना में आयोजित रोजगार मेले में मेरठ, मानेसर, गुरूग्राम, हिमाचल प्रदेश, मुरादाबाद, साहिबाबाद, एनसीआर आदि की कुल 10 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व बाहर के आगन्तुक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोजगार मेले के बारे में समस्त जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हस्तिनापुर के प्रवक्ता कुलदीप कुमार ने देते हुए बताया कि मेले में सबसे पहले छात्र-छात्राओं ने कालेज परिसर में अपना पंजीकरण कराया। इसके बाद अपनी मनपसंद वाली कम्पनी में जाकर अपना रिज्यूम दिया। बाद में मेले में आई कम्पनियों के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले में कुल 275 प्रतिभागियों में से 118 प्रतिभागियों को रोजगार दिया गया। रोजगार पाने वाले छात्र-छात्राओं को मासिक वेतन दस हजार रुपए से 18 हजार रुपए तक दिया जाएगा।

# ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। कादरी गेट थाना प्रभारी विनोद प्रकाश शुक्ला की टीम ने जस्ट डायल अप के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना कादरी गेट के मोहल्ला बालाजीपुरम निवासी वरूण उर्फ सुबोध मिश्रा पुत्र वेद प्रकाश मिश्रा मोहल्ला अंबेडकर नगर नरकसा निवासी संजय मिश्रा उर्फ छोटू पुत्र बालकृष्ण मिश्रा, संदीप मिश्रा उर्फ पिन्टू पुत्र सत्य प्रकाश एवं मोहल्ला मैमरान निवासी रजत पुत्र हरिओम यादव को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों ने पूछने पर पुलिस को बताया कि हम चारों लोग मिलकर मोबाइल पर जस्ट डायल एप पर ट्रान्सपोर्ट के लिए डील करते है। उनको कम्प्यूटर के माध्यम से फर्जी कूटरचित दस्तावेज को एप व व्हाट्सएप के माध्यम से दिखाकर फर्जी खुलवाये गए खातो में रुपए डलवाते है। जिनके एटीएम कार्ड हम लोग रखते है एटीएम कार्ड के माध्यम से पैसा निकाल कर आपस में बांट लेते है। फर्जी खातो के एटीएम कार्ड हम लोगो के पास है जब किसी का काम नही होता है और वह बार-बार पैसे मांगता है तो हम लोग कम्प्यूटर से आरटीजीएस की फर्जी कूटरचित रसीद बनाकर उसको व्हाट्सएप कर देते है।

# शोभित यूनिवर्सिटी में स्पेशल एक्सल सर्टिफिकेशन कोर्स की शुरुआत



**विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.जयानंद ने किया संबोधित**

**मेरठ,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित यूनिवर्सिटी, मेरठ, में सोमवार को स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने 15 दिन का एक्सल सर्टिफिकेशन कोर्स की शुरुआत की है। यह कोर्स एनसीसी ग्रुप हेडक्वाटर, मेरठ, के अंतर्गत आने वाली सभी बटालियन के पीआई एवं ऑफिस स्टाफ को एक्सेल में माहिर बनाने का उद्देश्य रखता है। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर, लेफ्टिनेंट डॉक्टर कुलदीप कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को विधिवत रूप से की गई है। पहली क्लास के दौरान सभी का इंट्रोडक्शन हुआ और इस सर्टिफिकेशन कोर्स के कोऑर्डिनेटर, प्रोफेसर जितेंद्र जादौन, प्रोफेसर विजय महेश्वरी, और प्रोफेसर सुरभि सरोहा ने इंट्रोडक्शन लेक्चर दिया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर डॉ.जयानंद ने सभी को सुभाषित देते हुए कहा कि शोभित विश्वविद्यालय ने हमेशा से देश के जवानों के लिए कार्य करने का काम किया है। देश के जवानों को और अधिक कौशल युक्त एवं सशक्त बनाने के लिए इस स्किल्ड कोर्स की शुरुआत की है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। सीसीएसयू यूनिवर्सिटी के वाणिज्य विभाग में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयंसेवक हर्षित चौधरी एवं कुणाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना का पंचम लहराया। और इतना ही नहीं, इन स्वयंसेवकों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मेरठ महाविद्यालय, मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की शोभा बढ़ाते हुए एनएसएस क्लैप से वाणिज्य विभाग में उपस्थित सभी आदरणीय शिक्षकगण एवं अतिथिगण का अभिवादन किया। हमें गर्व है कि हर्षित चौधरी और कुणाल जैसे होनहार और हमेशा समाज सेवा की एक नई इच्छा लिए, समाज सेवा में अपना योगदान देने वाले छात्र हमारे मेरठ महाविद्यालय, मेरठ का हिस्सा है।

# परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे बोर्ड के पेपर, स्टॉग रूम में रखवाए



**एएस इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण**

**मवाना,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार को मवाना में बनाये परीक्षा केन्द्रों पर पेपर पहुंच गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर उनको स्टॉग रूम डबल लॉक अलमारी में कड़ी सुरक्षा के बीच रखवा दिये गये है। स्टॉग रूम बाहर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। उधर सोमवार को एएस इंटर कॉलेज मवाना में बोर्ड परीक्षा केन्द्र का एसडीएम अखिलेश यादव ने निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी मवाना अखिलेश यादव की उपस्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. सुनील देशवाल, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक राजेन्द्र सिंह, पुलिस गार्द अविनाश कुमार, विमलेश यादव के साथ केंद्र व्यवस्थापक डॉक्टर मेघराज सिंह के द्वारा स्टॉग रूम सील कराया गया। उप जिलाधिकारी ने केंद्र पर परीक्षा के दौरान समस्त सुविधाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा प्रभारी सचिन कुमार व सह प्रभारी डॉ.अरविंद यादव एवं निशिकांत शर्मा ने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी भी छात्र-छात्रा को कोई सुविधा उत्पन्न नहीं होगी। सीटिंग प्लान इत्यादि सभी तैयार कर लिए गए हैं। केंद्र पर तैनात होने वाले कक्ष निरीक्षकों की बैठक भी आहूत की गई। उन्हें जानकारी दी गई कि परीक्षा केंद्र के आसपास किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से घूमने की अनुमति नहीं रहेगी। छात्र-छात्राओं को परीक्षा के समय कैलकुलेटर व डिजीटल वॉच नहीं ला सकेंगे। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति नहीं है।

# आरोपियों से साठ-गांठ कर लीपापोती में लगी किठौर पुलिस



**मेरठ,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी मुस्लिम महिलाओं के लिए बनाए गए तीन तलाक कानून को लेकर तारीफ करती रहती है और मुस्लिम महिलाओं के समर्थन के दावे भी ठोकती नहीं थकती। वहीं दूसरी ओर कई जगह तीन तलाक पीड़िता इंसाफके लिए दर दर भटकती हुई नजर आने लगी हैं। कारण पुलिस की लापरवाही बन रही हैं और भाजपा की छवि भी धूमिल हो रही है।

- **दूसरी तहरीर लिखवाकर मामूली धाराओं में दर्ज किया मुकदमा**
- **आईजी से शिकायत, विवाहिता ने लगाई गुहार**
- **निष्पक्ष जांच व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग, दिया आश्वासन**
- **दहेज उत्पीड़न का मामला**

इसकी बानगी तब देखने को मिली जब थाना किठौर पुलिस पीड़िता को इंसाफ दिलाने के बजाए आरोपियों को संरक्षण देने में सक्रिय दिखी। पीड़िता ने आईजी रेंज को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। आईजी नचिकेता झा ने मामले का संज्ञान लेते हुए विवाहिता को कार्यवाही का आश्वासन दिया। सोमवार को श्यामनगर निवासी विवाहिता प्रार्थना पत्र लेकर आईजी कार्यालय पहुंची। विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी शोएब पुत्र ओसाफ निवासी ग्राम असीलपुर थाना किठौर से 21 जुलाई 2018 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ माह बाद से दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न किया जाने लगा। विवाहिता ने सन् 2018 में महिला थाने में दहेज अधिनियम का मुकदमा लिखवाया। कुछ माह बाद ससुरालियों ने समझौता कर लिया और विवाहिता को ससुराल ले गए। जिसके बाद ससुरालियों ने विवाहिता पर दबाव बनाकर उक्त मुकदमा खत्म करा लिया।

मुकदमे खत्म होने के कुछ दिन बाद से ससुरालियों का व्यवहार बदल गया और फिर से मारपीट करने लगे। विगत 13 दिसंबर 2023 को विवाहिता के ससुर ओसाफके कहने पर पति मौ. शोएब ने तीन तलाक दे दी। 10 जनवरी 2024 को ससुराल वालों के खिलाफ थाना किठौर में तीन तलाक समेत कई धाराओं में मुकदमा लिखवाया। विवाहिता ने बताया कि उसके तीनों जेठ गांव में ही अलग-अलग मकानों में रहते हैं और मुकदमा दर्ज होने के बाद सास ससुर भी जेठ बिलाल के घर रहने लगे व पति मौ.शोएब भी कही चला गया। उसके बाद से विवाहिता तीन छोटे छोटे बच्चो समेत ससुराल के मकान में अकेली रह रही थी। विवाहिता ने बताया कि ससुरालियों ने उसे घर से निकालने के लिए बिजली पानी सब बंद कर दिया। जिससे विवाहिता परेशान होकर घर से निकलने को मजबूर हो जाए। जब इससे भी बात नहीं बनी तो विगत 21 जनवरी 2024 को जेठ अब्दुलरब, बिलाल, ससुर ओसाफव सास हाजरा समेत कई लोगों ने घर मे घुसकर मारपीट कर दी, जब विवाहिता ने कंट्रोल रूम पर शिकायत करने के लिए मोबाईल निकाला तो उससे मोबाईल भी छीन लिया। पीड़िता किसी तरह जान बचाकर थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। घंटों बाद पुलिस ने दूसरी तहरीर लिखवाई और डाक्टरी के लिए भेजा। विवाहिता ने बताया कि आरोपियों को लाभ देने के उद्देश्य से पुलिस ने मामूली धाराओं में केस दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज हुए 1 माह बीत चुका है, लेकिन विवेचना अधिकारी रजत सिंह ने आज तक प्रार्थनी के बयान भी दर्ज नहीं किए। विवाहिता ने आईजी नचिकेता झा से उक्त मामले में निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों की शीर्ध गिरफ्तारी करने की गुहार लगाई है। आईजी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### किठौर थाने में हमेशा से रहा है दलालों का बोलबाला

थाना किठौर में दलाल तंत्र का हमेशा हावी रही है। चाहे पूर्व की सरकारें हों या मौजूदा भाजपा सरकार दलाल तंत्र की सक्रियता का हमेशा बोलबाला रहा। जिस समय विवाहिता तहरीर लेकर थाने पहुंची थी तो उसी दौरान एक दलाल की एंट्री होती है, जो पुलिस के सामने ही विवाहिता को धमकाने का प्रयास करने लगा। विवाहिता ने बताया कि जब वह तहरीर लेकर घायल अवस्था में थाना प्रभारी सुनील कुमार के पास पहुंची तो उसी दौरान ललियाना निवासी बदर पुत्र इंतजार भी वहीं बेठा हुआ था। जिसने पुलिस के सामने ही विवाहिता को धमकाया और तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया। जब विवाहिता ने महिला हैल्पलाईन से लेकर एसएसपी को फोन के माध्यम से मामले को अवगत कराया तब जाकर पुलिस ने तहरीर ली और पीड़िता को डाक्टरी के लिए भिजवाया। यहां भी पुलिस ने मनमर्जी की तहरीर लेकर केस को मामूली धाराओं में दर्ज किया।

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

दुनिया रंग-बिरंगी

**नवनीत मलिक ने 'आंख मिचौली' में आयुष्मान खुराना को किया कॉपी**

**मुंबई।** वर्तमान में 'आंख मिचौली' में अभिनय करने वाले एक्टर नवनीत मलिक ने शो में 2015 की फिल्म 'दम लगा के हईशा' में आयुष्मान खुराना जैसा सीन फिल्माया है। यह शो का खास सीन है, जहां नवनीत का किरदार सुमेध अपनी ऑनस्क्रीन मां एक्ट्रेस भक्ति राठौड़ को उठाता है और दौड़ लगाता है। शो का यह सीक्वेंस दर्शकों को आयुष्मान द्वारा 'दम लगा के हईशा' में भूमि पेडनेकर को उठाने की याद दिलाएगा। फिल्म में प्रेम की भूमिका निभा रहे आयुष्मान अपनी पत्नी संध्या (भूमि) को उठाते हैं और रेस जीत जाते हैं। नवनीत ने कहा कि मुझे यकीन है कि तुलनाएं होंगी। उस सीन में आयुष्मान आइकॉनिक थे और हमने इसे अलग बनाने की पूरी कोशिश की है। इस तरह के दौड़ की काफी सराहना की जाती है।

# महिलाओं में स्तन कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम कर सकती है 'मास्टेक्टॉमी' सर्जरी

■ मास्टेक्टॉमी ने स्तन कैंसर के खतरे को 80 प्रतिशत तक किया कम ■ 15 साल बाद स्तन कैंसर से मरने की संभावना एक प्रतिशत से भी कम



**टोरंटो,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि बीआरसीए1 या बीआरसीए2 जेनेटिक वेरिएंट वाली महिलाओं की अगर मास्टेक्टॉमी (एक सर्जिकल प्रक्रिया जिसमें पूरे स्तन या उसके कुछ हिस्से को हटा दिया जाता है) की जाए तो उनकी मृत्यु की संभावना कम हो सकती है।

ब्रिटिश जर्नल ऑफ कैंसर में प्रकाशित अध्ययन बताया गया कि जोखिम को कम करने वाली मास्टेक्टॉमी उन महिलाओं की मृत्यु दर को कैसे प्रभावित करती है।

जिन महिलाओं में वंशानुगत बीआरसीए1 या बीआरसीए2 वेरिएंट होता है, उनको जीवनकाल में स्तन कैंसर विकसित होने का 80 प्रतिशत जोखिम होता है। शोध से पता चला है कि 'मास्टेक्टॉमी' स्तन कैंसर के खतरे को 90 प्रतिशत तक कम कर देता है।

कनाडा के टोरंटो विश्वविद्यालय से लॉरेंस ब्लूमबर्ग नर्सिंग संकाय के प्रोफेसर केली मेटकाफ ने कहा कि जोखिम को कम करने वाली मास्टेक्टॉमी का निर्णय लेना अक्सर एक महिला के लिए कठिन होता है और जब वे यह निर्णय ले रही होती हैं तो हम उन्हें अधिक जानकारी उपलब्ध कराते हैं,जिससे वह अपनी देखभाल अच्छे से कर सकें।

मेटकाफ ने कहा कि कनाडा में रोगजनक वेरिएंट वाली 30 प्रतिशत महिलाएं इस सर्जरी का विकल्प चुनती हैं। यह इस जोखिम प्रोफाइल वाली महिलाओं में स्तन कैंसर को रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।

एक परीक्षण के माध्यम से, मेटकाफ और उनकी टीम ने छह वर्षों के दौरान नौ अलग-अलग देशों से रोगजनक बीआरसीए 1/2 प्रकार वाली 1,600 से अधिक महिलाओं का अनुसरण किया, जिनमें से आधी महिलाओं में जोखिम कम करने वाली मास्टेक्टॉमी थी।

परीक्षण के अंत में मास्टेक्टॉमी चुनने वाले समूह में 20 को स्तन कैंसर और दो मौतें हुईं और नियंत्रण समूह में 100 स्तन कैंसर मामले और सात मौतें हुईं।

मास्टेक्टॉमी ने स्तन कैंसर के खतरे को 80 प्रतिशत तक कम कर दिया, और जोखिम कम करने वाली मास्टेक्टॉमी के 15 साल बाद स्तन कैंसर से मरने की संभावना एक प्रतिशत से भी कम थी।

मेटकाफ ने कहा कि हालांकि इस अध्ययन में दोनों समूहों के बीच मौतों में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था, हम जानते हैं कि जोखिम को कम करने वाली मास्टेक्टॉमी स्तन कैंसर के विकास के जोखिम को काफी कम कर देती है।

मेटकाफ ने कहा कि फिलहाल हमारे पास स्तन एमआरआई सहित स्तन कैंसर के लिए अच्छी जांच की व्यवस्था है, इसलिए सर्जरी केवल एक विकल्प के रूप में पेश की जाती है, सिफारिश के रूप में नहीं।

उन्होंने कहा कि लेकिन मास्टेक्टॉमी के बाद महिलाओं पर इसके जोखिम कारकों का आकलन करने के लिए किए जा रहे अध्ययनों से हमें पता चलेगा कि भविष्य में इन दिशानिर्देशों को बदलने की आवश्यकता है या नहीं।

# सफेद चादर में लिपटा मनाली, शिमला को अब भी बर्फबारी का इंतजार



**शिमला/मनाली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में सोमवार को बर्फबारी नहीं हुई, लेकिन एक अन्य पर्यटन स्थल मनाली को मध्यम बर्फबारी की सौगात मिली। यहां मौसम कार्यालय ने बताया कि मनाली में आज न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभाम के एक अधिकारी ने बताया कि मनाली और उसके आसपास की पहाड़ियों पर सोमवार तड़के हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई।

उन्होंने कहा कि शिमला से लगभग 250 किलोमीटर दूर सुरम्य कल्पा में भी 1.6 सेमी बर्फबारी हुई। लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में 50.6 सेमी बर्फबारी हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है। न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। केलांग में 21 सेमी बर्फबारी हुई।

लाहौल और स्पीति, चंबा, मंडी, कुल्लू, किन्नौर और शिमला जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में सोमवार सुबह से बर्फबारी हो रही है। अधिकारी ने कहा कि 19 से 20 फरवरी तक भारी से बहुत भारी बारिश और बर्फबारी के साथ आंधी, ओलावृष्टि और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने की संभावना है।

जैसे ही बर्फबारी शुरू हुई पर्यटक बर्फीले परिदृश्य का आनंद लेने के लिए मनाली और आसपास की पहाड़ियों पर उतरने लगे। नई दिल्ली से आई नेहा गर्ग ने कहा कि हम वास्तव में एक-दूसरे पर बर्फ फेंकने का आनंद ले रहे हैं। उनके पति पंकज ने कहा कि हम पिछले दो दिन से बर्फबारी शुरू होने का इंतजार कर रहे थे।

मनाली स्थित होटल व्यवसायी प्रेम ठाकुर ने बताया कि हमें उम्मीद है कि बर्फबारी के बाद पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

कल्पा, सांगला, धर्मशाला और पालमपुर जैसे अन्य लोकप्रिय पर्यटक रिसॉर्ट्स के आसपास की चोटियों को भी ताजा बर्फ की चादर मिल गई है। धर्मशाला, सोलन, नाहन, चंबा और मंडी शहरों सहित राज्य के निचले इलाकों में हल्की बारिश के साथ ठंड है।

## 41 फीट की पेंटिंग बनाकर दिया 'रंगीले राजस्थान' का संदेश



**उदयपुर,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। झीलों की नगरी उदयपुर में युवा कलाकारों के एक समूह ने राज्य के सांस्कृतिक सौंदर्य को कलम, कूंची और रंगों के सहारे कैनवास पर उकेरा है और 41 फीट लंबी विशाल पेंटिंग का निर्माण करते हुए रंगीले राजस्थान का संदेश प्रतिध्वनित किया है।अर्बन स्केचर्स प्रमुख और ख्यातनाम वास्तुकार सुनील एस लड्ढ़ा के नेतृत्व में युवा स्केचर्स के इस समूह ने रविवार को सेलिब्रेशन मॉल में इस विशाल पेंटिंग को तैयार किया। इस पेंटिंग में राजस्थानी वेशभूषा, किले, वेशभूषा, विविध परंपराओं के साथ-साथ मेवाड़ अंचल के प्रमुख ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थानों को भी आकर्षक ढंग से उकेरा गया।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, श्रीनाथजी, विजय स्तंभ सहित मेवाड़ के महलों की रंगबिरंगी छवि को यहां पहुंचे शहरवासियों और पर्यटकों ने काफी पसंद किया और युवा कलाकारों के इस प्रयास की सराहना की।

## रोजर फेडरर के पेशेवर करियर के अंतिम 12 दिनों पर डॉक्यूमेंट्री बनाएंगे आसिफ कपाड़िया




**लंदन,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर के पेशेवर करियर के अंतिम 12 दिनों पर डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए अमेज़ॅन प्राइम वीडियो ने भारतीय मूल के ब्रिटिश फिल्म निर्माता आसिफ कपाड़िया को हरी झंडी दे दी है।

वेराइटी के हवाले से प्राइम वीडियो ने एक बयान में कहा कि फेडरर के प्रतिद्वंद्वियों और दोस्तों, विशेष रूप से राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और एंडी मरे के साक्षात्कारों से सजी यह डॉक्यूमेंट्री फेडरर को उनके सबसे कमजोर और स्पष्टवादी रूप में दर्शाती है, जब उन्होंने एक खेल और उन प्रशंसकों को अलविदा कहा जिन्होंने पिछले दो दशकों से उनके जीवन को अर्थ दिया।

कपाड़िया अपनी मशहूर एमी वाइनहाउस डॉक्यूमेंट्री 'एमी' (2015) के लिए ऑस्कर और बाफ्टा विजेता हैं।उनकी पहली फिल्म, 'द वॉरियर' (2001) में इरफान खान ने राजस्थान के एक योद्धा की भूमिका निभाई थी। इसे तीन बार बाफ्टा के लिए नामांकित किया गया और इसने दो पुरस्कार जीते, जिससे कपाड़िया को एक युवा फिल्म निर्माता के रुप में पहचान मिली। उन्होंने इरफान को अभिनेता बनने के अपने सपने को नहीं छोड़ने के लिए मना लिया।

# सफोला ने चार नए स्वादिष्ट गॉरमेट फ्लेवर्स लॉन्च किए




नई दिल्ली। भारत की अग्रणी एफएमसीजी कंपनियों में से एक, मैरिको ने अपने प्रमुख ब्रांड - सफोला के तहत अपनी फ्लेवर्ड ओट्स रेंज में चार आकर्षक गॉरमेट-स्टाइल फ्लेवर्स लॉन्च किये हैं। पहली बार, भारत का #1 ओट्स ब्रांड, सफोला ओट्स दो आकर्षक एवं मीठे फ्लेवर्स - नटी चॉकलेट और एप्पल 'एन' ऑमंड्स की पेशकश करेगा। साथ ही, दो नए फ्लेवर जैसे स्पाइसी मेक्सिकाना और चीज़ी इटालिया के लॉन्च के साथ सेवरी ओट्स के पोर्टफोलियो का भी विस्तार किया जा रहा है। ये नए लॉन्च 'बेटर फॉर यू' फूड आइटम्स की पेशकश करते हुए उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव उपलब्ध करायेंगे।

सफोला ओट्स हमेशा सुविधाजनक फॉर्मेट्स में भारत के पसंदीदा फ्लेवर्स की पेशकश करते हुए ओट्स को सबकी पहुंच में लाने की दिशा में आगे रहा है। सफोला ओट्स के मीठे-स्वाद वाले वैरिएंट जैसे कि नटी चॉकलेट और एप्पल 'एन' बादाम उन उपभोक्ताओं की बढ़ती और अभी तक पूरी न की जाने वाली आवश्यकताओं पूरा करेंगे, जो चॉकलेट और फलों के स्वाद को प्राथमिकता देते हैं। ये वैरिएंट नाश्ते के साथ-साथ पूरे दिन के लिए व्यावहारिक विकल्प बने रहेंगे। सफोला मसाला ओट्स वर्तमान में स्नैकिंग के लिए 6 स्वादिष्ट सेवरी यानी नमकीन फ्लेवर्स में उपलब्ध है। नए सफोला ओट्स फ्लेवर्स के बारे में इंडिया एंड फूड्स बिजनेस मैरिको लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर वैभव भंचावत ने कहा, सफोला के नए स्वादिष्ट फ्लेवर्स की पेशकश के साथ, हम उन आधुनिक उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद करते हैं जो फ्लेवर एवं स्वाद से समझौता किए बिना सेहतमंद विकल्प चाहते हैं।

## अदिति सेन को मिलेगा घनश्याम दास बिड़ला वैज्ञानिक शोध पुरस्कार



**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। वर्ष 2023 का घनश्याम दास बिड़ला वैज्ञानिक शोध पुरस्कार हरीश चन्द्र अनुसंधान संस्थान प्रयागराज की प्रोफेसर अदिति सेन को दिया जाएगा। के के बिरला फाउंडेशन की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रो. सेन ने भौतिकी विज्ञान में क्वांटम सूचना एवं संगणना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस पुरस्कार के तहत प्रो. सेन को पांच लाख रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। यह पुरस्कार भारत में काम कर रहे 50 वर्ष या उससे कम आयु के भारतीय वैज्ञानिकों को विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में उसके उल्लेखनीय योगदान के लिये हर वर्ष प्रदान किया जाता है। इसके चयन मंडल के सदस्य देश के विभिन्न भागों के संस्थानों के वरिष्ठ वैज्ञानिक हैं।

## जागरूकता बढ़ाकर किया जा सकता है सेप्सिस का इलाज

**काकीनाडा,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (आईएससीसीएम) ने सेप्सिस, इसकी जटिलताओं और निवारक देखभाल पर समाज के सभी वर्गों के बीच जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया है। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा स्थित सरोवर पोर्टिको होटल कॉन्फ्रेंस हॉल में रविवार को आयोजित इंटरेक्शन मीट में डॉ. एसवी लक्ष्मीनारायण, डॉ. चौधरी रामकृष्ण, डॉ. संदीप, डॉ. वासुकृष्णा, डॉ. जवाहर कल्याणी और डॉ. किरण सहित क्रिटिकल केयर के कई विशेषज्ञ शामिल हुए। इस दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि सेप्सिस को शीघ्र पहचान कर प्रभावी ढंग से रोका और इसका इलाज किया जा सकता है।

सेप्सिस बैक्टीरिया और फंगस के कारण बनता है और संक्रमण के कारण यह बीमारी फैलती है। बीस प्रतिशत मृत्यु सेप्सिस फैलने के कारण होती है। विशेषज्ञों ने बताया कि एंटीबायोटिक दवाओं का अनियमित उपयोग कई बीमारियों के गंभीर होने का एक मुख्य कारण है। व्यक्तिगत स्वच्छता, खाद्य स्वच्छता और जल सुरक्षा सेप्सिस की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस संगोष्ठी का विषय था 'सेप्सिस की रोकथाम, उपचार और उसे हराना'। इसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों, दंत चिकित्सकों और अधिवक्ताओं, फिजियोथेरेपिस्ट, कामकाजी पत्रकारों और रोटरी, वासवी एंड लायंस क्लब के सदस्यों ने भाग लिया।

## मेडिकल चमत्कार: स्पाइनल टीबी और लकवाग्रस्त गर्भवती ने स्वस्थ शिशु को दिया जन्म



**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। 28 वर्षीय एक महिला मरीज का सफल उपचार कर डॉक्टरों ने शानदार मेडिकल उपलब्धि दर्ज कराई है। यह मरीज स्पाइनल ट्यूबरक्लॉसिस और 7 महीने से पैरालिसिस से पीड़ित थी। यह अपने आप में काफी चुनौतीपूर्ण और दुर्लभ मामला था। मरीज गर्भवती थी और चार महीनों से पीठ दर्द की समस्या से परेशान थीं। शुरू में उन्हें लगा कि यह दर्द गर्भधारण के कारण हो सकता है, और इसी वजह से उन्होंने इसकी तरफ ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लेकिन गर्भधारण के छठे महीने तक भी उनकी तकलीफ कम नहीं हुई और इस बीच उनके दोनों पैरों में कमजोरी भी महसूस होने लगी तथा अगले 20 दिनों में दोनों पैर पूरी तरह से लकवाग्रस्त हो गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। मरीज की हालत इतनी बिगड़ गई कि वे पेशाब भी नहीं कर पा रही थी, तब उन्हें कैथेटर लगाया गया। इतना सब होने पर मरीज को इलाज के लिए फोर्टिस शालीमार बाग लाया गया जहां उनकी एमआरआई जांच के बाद स्पाइनल ट्यूबरक्लॉसिस की पुष्टि हुई।

अगले कुछ महीने मरीज को अस्पताल के डॉक्टरों की मल्टी-डिसीप्लीनरी टीम की देखरेख में रखा गया जिसका नेतृत्व डॉ. सोनल गुप्ता, डायरेक्टर एवं एचओडी न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग ने किया। इलाज के बाद मरीज न सिर्फ खुद पूरी तरह स्वस्थ हो गई थीं बल्कि उन्होंने एक स्वस्थ शिशु को भी जन्म दिया। डॉ. सोनल गुप्ता, डायरेक्टर एवं एचओडी न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग ने बताया कि यह मेडिकल इतिहास में अपनी तरह का बेहद दुर्लभ मामला था जिसमें लकवाग्रस्त मरीज को 7 महीने तक इलाज पर रखने के बावजूद उनके पैरों में कोई हरकत नहीं हुई थी। प्रेगनेंसी में स्पाइनल ट्यूबरक्लॉसिस भी काफी दुर्लभ मामला है लेकिन लगभग 7 महीने तक पूरी तरह लकवाग्रस्त रहने के बाद अब मरीज ने आखिरकार पूरी मोबिलिटी हासिल कर ली है, जो कि न सिर्फ दुर्लभ है बल्कि किसी चमत्कार से कम नहीं है।

दीपक नारंग, फैसिलटी डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग ने कहा कि यह मेडिकल एक्सीलेंस का ऐसा मामला है जिसने मरीज को ऐसे हालात में राहत दिलाई जिसमें आमतौर से रिकवरी मुमकिन नहीं होती। इस मामले में इलाज के लिए मल्टी-डिसीप्लीनरी टीम ने मिलकर काफी सोच-समझ से काम लिया और मरीज की नाजुक हालत देखते हुए उपचार किया। इस टीम में डॉ. सोनल गुप्ता, डायरेक्टर एवं एचओडी न्यूरोसर्जरी के अलावा डॉ. सुनीता वर्मा, डायरेक्टर आब्सटैट्रिक्स एवं गाइनीकोलॉजी, डॉ. प्रदीप कुमार जैन, प्रिंसीपल डायरेक्टर एवं एचओडी-एलएपी जीआई, जीआई ओंको, बेरियाट्रिक एंड एमआईएस सर्जरी तथा डॉ. उमेश देशमुख, डायरेक्टर एवं एचओडी एनेस्थीसियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग शामिल थे जिन्होंने न सिर्फ मरीज का जीवन बचाया बल्कि उनके सुरक्षित प्रसव को भी मुमकिन बनाया। इस प्रकार के चुनौतीपूर्ण मामलों से निपटने के लिए फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग के पास पर्याप्त क्लीनिकल विशेषज्ञता है और हम मरीजों का जीवन बचाने तथा उनके लिए बेहतर परिणाम हासिल करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

# बाफ्टा पुरस्कार : दीपिका पादुकोण ने जोनाथन ग्लेजर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का सम्मान सौंपा



**लॉस एंजेलिस,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बाफ्टा अवार्ड्स में 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' के लिए जोनाथन ग्लेज़र को अंग्रेजी भाषा में नहीं सर्वश्रेष्ठ फिल्म का सम्मान सौंपा। इवेंट में मशहूर फैशन डिजाइनर सब्यसाची की डिजाइन की हुई सिल्वर शिमरी सीक्विन्ड साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहने हुए अभिनेत्री काफी खूबसूरत लग रही थीं।

'द जोन ऑफ़ इंटरेस्ट' '20 डेज़ इन मारियुपोल', 'एनाटॉमी ऑफ़ ए फ़ॉल', 'पास्ट लाइव्स' और 'सोसाइटी ऑफ़ द स्नो' जैसी फिल्मों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही थी। यह पहली बार नहीं है जब दीपिका किसी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह के केंद्र में पहुंची हों। पिछले साल ही उन्हें ऑस्कर में देखा गया था, जब उन्होंने फिल्म 'आरआरआर' का गाना 'नट्टू नट्टू' पेश किया था। 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' की बात करें तो यह ऑशविट्ज़ एकाग्रता शिविर के बारे में एक यूके-पोलिश ऐतिहासिक नाटक है। यह फिल्म मार्टिन एमिस के 2014 के उपन्यास पर आधारित है।

## सर्जरी से उबरकर केट घर पर हैं, विलियम अकेला दिखे




बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वेल्स की राजकुमारी कैथरीन की गैरहाजिरी में रविवार रात रेड कार्पेट पर शाही ग्लैमर गायब रहा। उनकी गैरहाजिरी में कैथरीन के पति, प्रिंस ऑफ वेल्स, विलियम, जो ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (बाफ्टा) के अध्यक्ष भी हैं, सितारों से सजे रेड कार्पेट पर अकेले पहुंचे।

उम्मीद है कि वह समारोह के बाद श्रेणी के विजेताओं से मिलेंगे और उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई देंगे। बीबीसी के अनुसार, पिछले साल कैथरीन ने एलेक्जेंडर मैक्वीन का शानदार गाउन पहनकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। लेकिन रविवार को राजकुमारी नहीं पहुंचीं, क्योंकि वह सर्जरी से उबर रही हैं और ईस्टर के बाद तक सार्वजनिक कर्तव्यों से दूर रहेंगी।

पहले रेड कार्पेट पर डिजाइनर वेरा वैंग कैथरीन के फैशन को 'हमेशा सुरुचिपूर्ण' बताते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है, आप जानते हैं, वह हमेशा खूबसूरत दिखती हैं और वह अपने कपड़े पहनने के तरीके के बारे में हमेशा बहुत पर्सनल रहती हैं और साथ में जो रहता है, उसका सम्मान करती हैं। और मुझे लगता है कि यह हमेशा आसान काम नहीं होता है, और मुझे लगता है कि वह इसे बहुत खूबसूरती से करती हैं।

देशबन्धु

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 2.83 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.03 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.00 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.41 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.28 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 1.45 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.45 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.76 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.67 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.66 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर : पीयूष गोयल



पिछले दशक में सुशासन के साथ-साथ गरीबों के कल्याण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समग्र विजन ने भारत को 11वीं से दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद की:- **पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षा मौजूदा 3.7 ट्रिलियन (लाख करोड़) डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था को 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनाना और देश की खाद्य तथा ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गोयल ने 19 लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के 35 पत्रकारों के एक मीडिया प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दशक में सुशासन के साथ-साथ गरीबों के कल्याण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समग्र विजन ने भारत को 11वीं से दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद की। उन्होंने कहा, 'देश 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।' उन्होंने पीएम मोदी के दोहरे मार्ग - देश को भविष्य के लिए तैयार करने और भोजन, स्वास्थ्य देखभाल तथा शिक्षा से संबंधित गरीबों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए देश के व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत करने के सतत प्रयास की सराहना की।

मंत्री ने कहा कि भारत ने आजादी के पिछले 75 वर्षों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक देखा है। पिछले 12 साल में मुद्रास्फीति (महंगाई दर) आधी हो गई है, जिससे अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है और ब्याज दरें नियंत्रण में हैं।

## केंद्र ने रबर क्षेत्र के लिए वित्तीय पैकेज 23 फीसदी बढ़ाकर 708 करोड़ रुपए किया

नई दिल्ली। 'प्राकृतिक रबर क्षेत्र का सतत और समावेशी विकास' योजना के तहत रबर क्षेत्र के लिए वित्तीय सहायता अगले दो वित्तीय वर्षों (2024-25 और 2025-26) के लिए 576.41 करोड़ रुपए से 23 प्रतिशत बढ़ाकर 708.69 करोड़ रुपए कर दी गई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि रबर उद्योग को समर्थन देने के लिए 2024-25 और 2025-26 के दौरान 43.50 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पारंपरिक क्षेत्रों में 12,000 हेक्टेयर (हेक्टेयर) में रबर का रोपण किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, 'इसके लिए सहायता की दर पहले के 25,000 रुपए प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 40,000 रुपए प्रति हेक्टेयर कर दी गई है। इससे उत्पादन की बढ़ी हुई लागत को कवर करने में मदद मिलेगी और साथ ही रबर की खेती के लिए उत्पादकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा।' मंत्रालय ने कहा कि इसी अवधि के दौरान 18.76 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में अन्य 3.752 हेक्टेयर क्षेत्र को रबर की खेती के तहत लाया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, 'रबर बोर्ड द्वारा 50,000 रुपए प्रति हेक्टेयर मूल्य की रोपण सामग्री की आपूर्ति की जाएगी। यह उत्तर पूर्व में इनरोड परियोजना के तहत किए जा रहे वृक्षारोपण के अतिरिक्त होगा। गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के उत्पादकों के लिए 2,00,000 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से रोपण सहायता प्रदान की जाएगी।' इसमें कहा गया है कि अच्छी गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री (नया घटक) पैदा करने के लिए गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में बोर्ड द्वारा प्रायोजित नर्सरी को बढ़ावा दिया जाएगा। ऐसी 20 नर्सरियों को 2,50,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

मंत्रालय ने कहा, 'सरकार उत्पादित रबर की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई उपायों की योजना बना रही है। इस दिशा में 67,000 हेक्टेयर (पारंपरिक में 60,000, एनटी में 5000 और पूर्वोत्तर में 2000) क्षेत्र में बारिश से बचाव और 22,000 हेक्टेयर (पारंपरिक में 20,000 और एनटी में 2000) में पौधों की सुरक्षा (छिड़काव) के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। अगले दो वर्षों में इसके लिए 35.60 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।' मंत्रालय ने कहा कि यह योजना रबर उत्पादकों के सशक्तिकरण के लिए रबर के छोटे धारकों जैसे रबर उत्पादक सोसायटी (आरपीएस) के मंचों को बढ़ावा देती है। मंत्रालय ने कहा, 'अगले दो वर्षों में लगभग 250 नए आरपीएस के गठन के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। सहायता का पैमाना 3000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए कर दिया गया है और इससे हितधारकों के समग्र लाभ के लिए किसान शिक्षा, सेमिनार, समूह बैठकें, क्षमता निर्माण गतिविधियां, एक्सपोजर विजिट, मॉडल फार्म और अन्य गतिविधियों का समर्थन करने में मदद मिलेगी।'

# टाटा समूह कर्नाटक में 2,300 करोड़ रुपए का करेगा निवेश



बेंगलुरू, 19 फरवरी (एजेंसियां)। राज्य सरकार ने ऐलान किया कि टाटा समूह की कंपनियां एयर इंडिया और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड कर्नाटक परियोजना के अंतर्गत प्रदेश में 1,650 लोगों को रोजगार देने के मकसद से 2,300 करोड़ निवेश करने का ऐलान किया है। समझौता ज्ञापन के मुताबिक, एयर इंडिया बेंगलुरु हवाई अड्डे पर विमानों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए एयर इंडिया एक केंद्र स्थापित करेगी। इस परियोजना में लगभग 1,300 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है जो 1,200 लोगों के लिए रोजगार पैदा करेगा। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, जो यूरोपीय दिग्गज एयरबस के विमानों के लिए दरवाजे बनाती है। राज्य में विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं स्थापित करेगी। कंपनी बेंगलुरु एयरपोर्ट के पास और कोलार में तीन परियोजनाओं में निवेश करेगी, जिसमें कुल 1,030 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इनमें यात्री से मालवाहक विमान रूपांतरण सुविधा (420 करोड़ रुपये), बंदूक निर्माण सुविधा (310 करोड़ रुपये) और कर्नाटक में एयरोस्पेस और रक्षा अनुसंधान और विकास (300 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इन परियोजनाओं से 450 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राज्य के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल यहां इस संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित थे। मंजूरी और हस्तक्षेप के मामले में सरकार से सुव्यवस्थित समर्थन की आवश्यकता होती है, पाटिल ने परियोजनाओं की ग्राउंडिंग से संबंधित किसी भी चुनौती को हल करने में समर्थन का आश्वासन दिया। कर्नाटक उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव एस सेल्वाकुमार और एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल और टीएएसएल के सीईओ सुकरन सिंह ने समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। इस मौके पर कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव, रजनीश गोयल; मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एल.के. अतीक; उद्योग विभाग के आयुक्त गुंजन कृष्णा; इस अवसर पर एयर इंडिया के शीर्ष अधिकारी मनन चौहान, कार्तिकेय भट्ट, अतुल शुक्ला, टीएएसएल के शीर्ष अधिकारी गुरु दत्तात्रेय, अर्जुन मेन, बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंध निदेशक हरि मरार, सीओओ सात्यकी रघुनाथ और सीएफओ भास्कर रवींद्र उपस्थित थे। कर्नाटक के लिए टाटा की योजना समूह द्वारा तेलंगाना में 15,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा के बाद आई है। टाटा समूह ने गुजरात में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट स्थापित करने की भी योजना तैयार की है। मोदी सरकार की आत्मनिर्भर नीति के तहत राज्यों में निवेश बढ़ रहा है, जिसने आत्मनिर्भरता पर जोर दिया है, इसके तहत भारतीय कंपनियों और उच्च तकनीक वाली विदेशी फर्मों के बीच अधिक सहयोग हो रहा है। इससे देश में अधिक एफडीआई प्रवाह भी हुआ है।


# शेयर बाजार में उछाल

मुंबई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, यूटिलिटीज, कंज्यूमर डयूरेबल्स और सर्विसेज समेत सोलह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन उछाल रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 281.52 अंक की तेजी के साथ 72,708.16 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.55 अंक मजबूत होकर 22,122.25 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.29 प्रतिशत चढ़कर 40,046.37 अंक और स्मॉलकैप 0.77 प्रतिशत की बढ़त लेकर 46,011.13 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4103 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2430 में तेजी जबकि 1537 में गिरावट रही वहीं 136 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियां हरे जबकि 23 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के 16 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.51, सीडी 0.46, ऊर्जा 0.13, एफएमसीजी 0.84, वित्तीय सेवाएं 0.29, हेल्थकेयर 0.49, इंडस्ट्रियल्स 0.02, दूरसंचार 1.52, यूटिलिटीज 1.29, ऑटो 0.36, बैंकिंग 0.31, कंज्यूमर डयूरेबल्स 1.76, तेल एवं गैस 0.30, पावर 0.89, टेक 0.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.22 प्रतिशत के लाभ में रहे।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.56 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.27, जापान का निक्केई 0.04 और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.13 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 201 अंक की तेजी के साथ 72,627.60 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 72,308.68 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 72,881.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,426.64 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत चढ़कर 72,708.16 अंक हो गया।

निफ्टी भी 63 अंक बढ़कर 22,103.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,021.05 अंक के निचले जबकि 22,186.65 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,040.70 अंक की तुलना में 0.37 प्रतिशत उठकर 22,122.25 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफ़ा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फिनसर्व 2.83, आईसीआईसीआई बैंक 2.03, भारती एयरटेल 2.00, बजाज फाइनेंस 1.41, सन फार्मा 1.28, मारुति 1.16, आईटीसी 1.10, नेस्ले इंडिया 1.06, टाइटन 1.00, रिलायंस 0.85, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.72, एसबीआई 0.58, पावरग्रिड 0.58, एनटीपीसी 0.55, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.53, टेक महिंद्रा 0.46 और एचसीएल टेक 0.42 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एलटी 1.45, विप्रो 1.45, इंडसइंड बैंक 0.76, टीसीएस 0.67, टाटा मोटर्स 0.66, एक्सिस बैंक 0.53, एशियन पेंट 0.33, टाटा स्टील 0.32, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.26, कोटक बैंक 0.25, एचडीएफ़सी बैंक 0.20, इंफ़ोसिस 0.17 और अल्ट्रासिमको के शेयर 0.03 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## मछली पालकों को होगी ई-कॉमर्स की सुविधा, विभाग ने ओएनडीसी से किया समझौता



**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के मत्स्य विभाग ने मछुआरों, मछली पालकों और इस क्षेत्र के अन्य हितधारकों को अपने उत्पादों को इलेक्ट्रानिक बाजार मंच के माध्यम से क्रय-विक्रय की सुविधा प्रदान करने के लिए सोमवार को डिजिटल वाणिज्य के खुले नेटवर्क (ओएनडीसी) के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए। यह जानकाकारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। इस अवसर पर मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री परसोत्तमभाई रूपाला, राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन, सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी, ओएनडीसी के प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के प्रबंध निदेशक टी कोशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री रूपाला ने एक पुस्तिका 'फ्रॉम कैच टू कॉमर्स, इंक्रीजिंग मार्केट एक्सेस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन' (जाल से डिजिटल वाणिज्य के नेटवर्क तक जिजिटल क्रांति से बाजार विस्तार) भी जारी की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ओएनडीसी के साथ मत्स्य पालन विभाग के इय सहयोग का उद्देश्य पारंपरिक मछुआरों, मछली किसान उत्पादक संगठनों, मत्स्य पालन क्षेत्र के उद्यमियों सहित सभी हितधारकों को एक डिजिटल मंच प्रदान करना और ई-मार्केट प्लेस के माध्यम से अपने उत्पादों को खरीदने और बेचने के लिए सशक्त बनाना है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि ओएनडीसी ई-मार्केटिंग का एक अनूठा मंच है जो मछुआरों, मछली किसानों, एफएफपीओ, स्वयं सहायता समूहों और अन्य मछुआरा सहकारी समितियों को एक संरचित तरीके से जोड़कर मत्स्य पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पाम ऑयल और चीनी सस्ती, दालों में मिलाजुला रुख



**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल और चीनी सस्ती हो गई जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अनाज के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 70 रिंगिट उबलकर 3980 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.35 सेंट की गिरावट के साथ 45.65 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में पाम आयल में 66 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए और मसूर दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि मूंग दाल में 300 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, उड़द दाल और अरहर दाल में टिकाव रहा।

# एआई से जितनी नौकरियां ख़त्म होंगी, उससे अधिक पैदा होंगी : आईबीएम इंडिया

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। आईबीएम इंडिया/साउथ एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से वास्तव में जितनी नौकरियां खत्म होंगी, उससे अधिक पैदा होंगी। पटेल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि उन्होंने समय के साथ प्रौद्योगिकी और कई नवाचारों को विकसित होते देखा है। उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि एआई जितनी नौकरियां ख़त्म करता है, उससे कहीं अधिक पैदा करेगा। पूरी तरह से नई नौकरियों की कल्पना करते समय लोग आमतौर पर बहुत डर जाते हैं। उदाहरण के लिए, इंटरनेट के आगमन के साथ समाचार पत्र मुद्रण जैसे कुछ क्षेत्रों में नौकरियों में गिरावट आई, लेकिन इसके परिणामस्वरूप वेब डिज़ाइन, डेटा साइंस, डिजिटल मार्केटिंग और वेब प्रकाशन में लाखों नई नौकरियों का सृजन हुआ।

पटेल ने जोर देकर कहा, तो, जिन चीजों के बारे में हम बहुत स्पष्ट हैं और जिन पर जोर देते रहते हैं, उनमें से एक यह है कि पुन: कौशल बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।' भारत में 46 प्रतिशत कंपनियां वर्तमान में स्वचालन और एआई उपकरणों के साथ मिलकर काम करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दे रही हैं या पुनः कुशल बना रही हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जिसे सरकार स्पष्ट रूप से पहचानती है।' जब हम संगठन के भीतर कर्मचारियों को देखते हैं, तो 50 प्रतिशत कहते हैं कि वे नए एआई और ऑटोमेशन टूल के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।




पटेल ने बताया, तो, अब सवाल यह है कि आप लोगों के एक विशाल समूह को कैसे प्रशिक्षित करते हैं? हर कोई कोडर या एआई डेवलपर वगैरह नहीं हो सकता। जैसे-जैसे ये प्रौद्योगिकियां विकसित हो रही हैं, आपको इनके साथ काम करना सीखना होगा। आईटी और कौशल विकास राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के अनुसार, एआई में भारत की प्रगति की कुंजी तकनीकी प्रतिभा है, न कि चिप-संचालित कंप्यूटिंग शक्ति।

उन्होंने पिछले दिसंबर में एक कार्यक्रम में कहा था, 'एआई में प्रतिभा कहीं अधिक बुनियादी चुनौती है। हमें एआई में मास्टर्स और पीएचडी करने के लिए विश्वविद्यालयों की जरूरत है। प्रतिभा एक ऐसी चीज है, जो मुझे रातों में जगाए रखती है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई से संबंधित नौकरियों के लिए प्रतिभा की भविष्य की पाइपलाइन को आकार देने के लिए तकनीकी उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों को विश्व स्तर पर सरकारों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

### सार संक्षेप

## डॉ. राजाध्यक्ष वित्त आयोग के सदस्य नहीं बनेंगे

**नई दिल्ली।** अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष ने व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण 16वें वित्त आयोग के सदस्य की जिम्मेदारी लेने में असमर्थता व्यक्त की है। सरकार ने 31 जनवरी, 2024 की अधिसूचना के माध्यम से उन्हें 16वें वित्त आयोग में सदस्य के रूप में नियुक्त किया था। डॉ. राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण यह जिम्मेदारी लेने में असमर्थता व्यक्त की है। सरकार ने आज कहा कि डॉ. राजाध्यक्ष के स्थान पर 16वें आयोग के सदस्य की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

## इरेडा ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए पीएनबी के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने देश भर में नवीकरणीय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विविध स्पेक्ट्रम के लिए पीएनबी एजेंसी के साथ मिलकर लोन देगा। इसमें इरेडा उधारकर्ताओं के लिए संयुक्त ऋण, ऋण सिंडिकेशन और अंडरराइटिंग; ट्रस्ट एंड रिटेंशन अकाउंट (टीआरए) का प्रबंधन; और ,एजेंसी के उधार पर मूल्य निर्धारण सहित मंजूरी की प्रतिस्पर्धी शर्तों की दिशा में काम करना शामिल है। सहयोग के माध्यम से इरेडा और पीएनबी किसी भी संगठन द्वारा जारी बांड में भी निवेश कर सकते हैं। इरेडा के अध्यक्ष प्रदीप कुमार दास ने कहा, यह रणनीतिक साझेदारी देश में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य अपनी ताकत और संसाधनों को एक साथ मिलाकर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की एक विविध श्रृंखला को मजबूत वित्तीय सहायता प्रदान करना, स्थिरता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह सहयोग बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन ओवरसीज बैंक सहित अन्य प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ आईआरईडीए की सफल साझेदारी को और भी मजबूत करता है।

## मित्सुबिशी की टीवीएस मोबिलिटी के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। टीवीएस मोबिलिटी ने भारत में एक व्यापक वाहन गतिशीलता पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए जापानी समूह मित्सुबिशी कॉरपोरेशन (एमसी) के साथ एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की। टीवीएस मोबिलिटी (टीवी सुंदरम अयंगर एंड संस प्राइवेट लिमिटेड से अलग), भारतीय ऑटोमोटिव डिस्ट्रीब्यूशन और आफ्टरमार्केट उद्योग में काम करती है। इसने भारत में विनिर्माण (घटक) और एकीकृत आफ्टरमार्केट प्लेटफॉर्म स्थापित किया है। मित्सुबिशी कॉरपोरेशन जो लगभग 1,700 समूह कंपनियों के नेटवर्क के साथ एक विश्व स्तर पर एकीकृत व्यावसायिक उद्यम है।

# खेल जगत

## फेयरवेल मैच में कीवी फैंस से सपोर्ट की उम्मीद नहीं : वार्नर

**वेलिंगटन,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर को न्यूजीलैंड की सरजमीं पर अपने आखिरी दौरे में वेलिंगटन और ऑकलैंड में दर्शकों से गर्मजोशी से स्वागत की उम्मीद नहीं है। इस गर्मी में टेस्ट और वनडे क्रिकेट से दूर रहने वाले 37 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने पहले ही पुष्टि कर दी है कि पूर्णकालिक घरेलू फ्रेंचाइजी खिलाड़ी बनने से पहले इस साल का टी20 विश्व कप उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। वार्नर ने सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए न्यूजीलैंड में अपने पिछले मुकाबलों के आधार पर यह टिप्पण की क्योंकि पहले कीवी फैंस उन्हे ट्रोल कर चुके हैं और उन्हें लगता है कि इस बार भी कुछ ऐसा ही होने की संभावना है। हालांकि, उन्हें भरोसा है कि इससे सीरीज में उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट फैंस की बात करते हुए वार्नर ने कहा, वे पर्सनल हो गए हैं, लेकिन .यह उनका चरित्र है।



# इंग्लैंड पर हमारी रिकॉर्ड जीत का श्रेय टीम के शांत रहने को : रोहित

■ हमारे गेंदबाजों ने इंग्लैंड के जवाबी हमलों के समय धैर्य बनाए रखा
■ दबाव में शांत रहना जरूरी था अन्यथा आप भटक सकते हैं

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। कप्तान रोहित शर्मा ने भारत की मेहमान इंग्लैंड की शुरू से दे दनादन की बल्लेबाजी की बेजबॉल शैली की हवा निकाल कर राजकोट में तीसरे क्रिकेट टेस्ट में रविवार को एक दिन के बाकी रहते अपनी टीम की रनों के लिहाज से रनों के लिहाज से 434 रन की सबसे बड़ी रिकॉर्ड जीत का श्रेय शांत रहने को दिया। भारत तीसरा टेस्ट जीत पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में लगातार दूसरी जीत के साथ 2-1 की बढ़त भी हासिल कर ली।

विराट कोहली (113 टेस्ट) के निजी कारणों और मोहम्मद शमी (64 टेस्ट) के पूरी टेस्ट सीरीज से तथा चोट के चलते केएल राहुल (50 टेस्ट) के दूसरे और तीसरे तथा रवींद्र जडेजा (70 टेस्ट) के विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट से बाहर रहने के बाद राजकोट में अपने घर में तीसरे टेस्ट भारत ने धैर्य बनाए रख यह जीत दर्ज की। भारत के जीत में यशस्वी जायसवाल जैसे युवा का टेस्ट सीरीज में लगातार दूसरा दोहरा शतक जड़ना और अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले सरफराज खान का अपने टेस्ट करियर का आगाज दोनों पारियों अर्द्धशतक से करना तथा उनके साथ ही अपना पदार्पण टेस्ट खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का विकेट के पीछे और दमदार प्रदर्शन रहा।

कप्तान रोहित शर्मा ने भारत की राजकोट टेस्ट में जीत के बाद के कहा, 'जब आप टेस्ट मैच में खेलने उतरते हैं तो इसमें आपको जरूरत पूरे पांच दिन तक खेल में बने रहने की जरूरत होती है। सभी हम टेस्ट में पांच तक बने रहने की अहमियत समझते हैं इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने खासतौर पर पहली पारी में अच्छे शॉट खेल कर हम पर दबाव बनाया लेकिन हमारे पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण है। ऐसे में साफ तौर पर हमारी टीम की राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर रिकॉर्ड जीत का श्रेय टीम के संदेश शांत रहने को जाता है।

हमारे गेंदबाजों ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों के जवाबी हमले के समय धैर्य बनाए रख कर गेंदबाजी की। सच तो यह है कि दबाव में शांत रहना जरूरी था अन्यथा आप भटक सकते हैं। अच्छी बात हमारी टीम में सभी शांत रहे। जहां तक बात यशस्वी की है वह अभी केवल 22 बरस के हैं और मैंने विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट के बाद भी उनकी बाबत बहुत बात की थी और अब मैं पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि आप तो ड्रेसिंग रूम के बाहर भी उनकी खूब चर्चा हो रही है। मैं इसीलिए यशस्वी की बाबत खुद शांत ही रहना चाहता हूं। मै यशस्वी की बाबत बहुत ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहता क्योंकि उन्होंने अभी तो टेस्ट करियर का आगाज ही किया है और मैं चाहता हूं कि वह इसी तरह बढिया बल्लेबाजी करते रहे। बेशक यशस्वी बढिया क्रिकेटर दिखाई देते हैं।'

उन्होंने कहा, हम तीसरे दिन अपनी योजना पर काबिज रहे और जब ऐसा होता है तो बेहद खुशी होती है। शुरुआती झटकों के बाद रवींद्र जडेजा के लंबे अनुभव और हार ही में खेली बड़ी पारियों के साथ हम चाहिए मैदान पर दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाजों की जोड़ी चाहते थे और इसलिए हमने उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के भेजा। हम जानते हैं कि अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले सरफराज बेहतरीन बल्लेबाज है लेकिन हम चाहते थे कि उन्हें मैदान पर बल्लेबाजी के लिए जाने से पहले कुछ वक्त मिले। सरफराज ने क्रीज पर बल्लेबाजी के लिए उतरते हमने देखा कि वह बल्ले से क्या कुछ कर सकते हैं। हमने ऐसा राजकोट में ऐसा टेस्ट की जरूरत के हिसाब से इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की ताकत को जेहन में रख कर ही किया।'




## हमारे पास अभी भी अंतिम दो टेस्ट जीत सीरीज 3-2 का मौका : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स कहते हैं कि उनकी टीम हैदराबाद में पहला टेस्ट जीतने के बाद विशाखापत्तनम में दूसरा और राजकोट में सीरीज का तीसरा टेस्ट हारं पांच मैचों की सीरीज 1-2 से पिछड़ने के बावजूद अब भारत से रांची और धर्मशाला में सीरीज के आखिरी दो टेस्ट जीतकर सीरीज 3-2 से जीतने को फोकस है। इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने कहा, राजकोट स्टोक्स ने कहा,%बाहर लोग क्या कह रहे हैं हमारा ध्यान इस पर नहीं है। हर किसी की किसी भी चीज की बाबत अपनी राय हो सकती है। हमारे अहम है कि हमारे ड्रेसिंग रूप में लोगों यानी हमारे क्रिकेटरों राय है। हम जानते हैं कि हर वक्त सभी कुछ आपकी इच्छा के मुताबिक नहीं होता है। फिलहाल मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारत से 1-2 से पिछड़ने के बाद हमारे पास अभी अंतिम दो टेस्ट बाकी हैं और हमारे पास इन्हें जीतने के साथ सीरीज 3-2 से जीतने के साथ अभी भी ट्रॉफी जीतने के बाद मौका है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपना ध्यान आगे के टेस्ट मैचों पर लगाएं क्योंकि मैच जेहन में जीते और हारे जाते हैं। हमें इस हफ्ते की सभी निराशा को भुला कर अपना ध्यान अब अगले दो टेस्ट मैचों पर लगाना होगा।

# झारखंड ने राजस्थान को 89 रनों से हराया

**जमशेदपुर** 19 फरवरी (एजेंसियां)। स्पिनर अनुकूल रॉय के पांच विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत झारखंड ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले में राजस्थान को 89 रनों से हरा दिया है।

जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में खेले गये मैच में झारखंड ने राजस्थान को जीत के लिए चौथी पारी में 248 रनों का लक्ष्य दिया था। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और एक के बाद एक लगातार उने 39के स्थान पर अपने चार विकेट गंवा दिये। राजस्थान की ओर से महिपाल लोमरोर ने सर्वाधिक 48 रन बनाये। अभिजीत तोमर और समर्पित जोशी ने 23-23 रन, अजय सिंह 21 रन, मानव सुथर 14रन और सुमित गोदारा 13 रन बनाकर आउट हुये। झारखंड की ओर से अनुकूल रॉय ने 36 रन देकर पांच विकेट लिये। शाहबाज नदीम ने 53 रन देकर तीन बल्लेबाजों को आउट किया वरुण आरोन और उत्कर्ष सिंह को एक-एक विकेट मिला। झारखंड ने राजस्थान को 158 पर ढेर कर 89 रनों से मुकाबला जीत लिया। झारखंड की तरफ से दूसरी पारी में 72 रन बनाने वाले आदित्य सिंह को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इससे पहले झारखंड के कप्तान सौरव तिवारी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। झारखंड की ओर से उत्कर्ष सिंह ने 43 रन, सौरव तिवारी ने 42 रन और कुमार कुशाग्र ने 37 रन बनाये। राजस्थान ने खलील अहमद और महिपाल लोमरोर के तीन- तीन विकेट,



मानव सुतार दो विकेट की बदौलत झारखंड को मात्र 188 रन पर ढ़ेर कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने सलमान खान की 52 रनों की अर्धशतकीय और सुमित गोदारा के 44 रनों की मदद से 210 रन बनाये। रामनिवास गोलादा 34 रन, महिपाल लोमरोर 18 रन, समर्पित जोशी 13 रन और अजय सिंह 16 रन बनाकर आउट हुये।

झारखंड की ओर से वरुण ऐरन ने चार विकेट लिये। सौरभ शेखर को तीन विकेट मिले। अनुकूल रॉय ने दो और उत्कर्ष सिंह ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद झारखंड ने दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिय 69 रन जोड़े। झारखंड ने आदित्य सिंह के 72 रनों की अर्धशतकीय पारी, आर्यमन सेन ने 38 रन, नदीम सिद्दीकी ने 33 रन, विराट सिंह ने 28 रन और अनुकूल रॉय ने 21 रन की बदौलत 269 का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान की ओर से मानव सुतार, अनिकेत चौधरी और अजय सिंह ने तीन-तीन विकेट लिये।

# यशस्वी के पास क्लास है, सरफराज को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा : मदन लाल

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (आईएएनएस)। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर और 1983 विश्व कप विजेता मदन लाल ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में मैच जिताऊ प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान की प्रशंसा की। यशस्वी ने अपने टेस्ट करियर का दूसरा नाबाद दोहरा शतक बनाया, जबकि सरफराज ने अपने पहले मैच में पहली और दूसरी पारी में अर्द्धशतक जड़ा।

मदन लाल ने विशेष बातचीत में कहा, यह युवा पीढ़ी काफी अच्छी है। उनके पास प्रथम श्रेणी और आईपीएल खेलने का काफी अनुभव है। वे गेंद को हिट करने से नहीं डरते हैं। अगर आप उनकी बल्लेबाजी शैली को देखें तो वे बहुत अधिक सकारात्मक हैं।



जिस तरह वे शॉट्स खेलते हैं, उससे पता चलता है कि उनमें बहुत आत्मविश्वास है और यह तभी आ सकता है जब आप बहुत अधिक क्रिकेट खेलें। यही कारण है कि वे चैंपियन हैं। अगली पीढ़ी भारत के लिए तैयार हो रही है।

उन्होंने आगे कहा, लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद यशस्वी के पास क्लास है और सरफराज को उसी तरह से प्रदर्शन करते रहने की जरूरत है, क्योंकि उनका सफर अभी शुरू हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या केएल राहुल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के वापस आने पर चयनकर्ताओं के लिए टीम का प्रबंधन करना मुश्किल होगा?

पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, मुझे लगता है, यह एक अच्छा संकेत है, जैसे आप केएल, विराट और श्रेयस के बारे में बात करते हैं। उन्होंने बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है और ये इन नए खिलाड़ियों की शुरुआत है।

स्थापित खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने देश के लिए बहुत सारे मैच जीते हैं। यह अच्छी बात है कि हमारे पास प्रतिभा का एक अच्छा पूल है।

# एंडरसन की लगातार 3 गेंद पर तीन छक्के जड़ने में मजा आया : जायसवाल

**राजकोट,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर भारत की 434 रन की जीत में नाबाद 214 रन बनाने वाले बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि उन्होंने अपनी रोमांचक पारी के दौरान अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के खिलाफ लगातार तीन छक्के मारने का आनंद लिया। तीसरे दिन चोटिल होने के कारण 104 रन पर रिटायर्ड हर्ट होने के बाद जायसवाल ने भारत की दूसरी पारी 430/4 के कुल स्कोर पर घोषित होने पर 236 गेंदों में 214 रन बनाए।

यह उनका लगातार दूसरे मैच में दोहरा शतक था। पिछले साल जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू मैच में 171 रन बनाने वाले जायसवाल ने 14 चौके और 12 छक्के लगाए और एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्कों के विश्व




■ जायसवाल एक सीरीज में 20 से ज्यादा छक्के लगाने वाले पहले टेस्ट खिलाड़ी

रिकॉर्ड में वसीम अकरम की बराबरी की। मैच खत्म होने के बाद जायसवाल ने ब्रॉडकास्टर्स जियो सिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि मैं वास्तव में अच्छी फॉर्म में था। मुझे लगा कि अगर वह वहां गेंदबाजी करेंगे, तो मुझे अपने शॉट्स खेलने होंगे। वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा था और मैंने वास्तव में इसका आनंद लिया।%%

सात टेस्ट मैचों में जायसवाल ने अब 71.75 की औसत से 861 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक शामिल हैं। जो सभी 150 से अधिक स्कोर में बदल गए हैं। जायसवाल एक सीरीज में 20 से ज्यादा छक्के लगाने वाले पहले टेस्ट खिलाड़ी भी हैं। उनकी नाबाद 214 रन की पारी ने उन्हें सर डोनाल्ड ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद इस प्रारूप में दो दोहरे शतक दर्ज करने वाला दुनिया का तीसरा सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज बना दिया। कांबली और विराट कोहली के बाद जायसवाल टेस्ट में लगातार दोहरे शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए।

# केकेआर ने एटकिंसन की जगह चमीरा किया टीम में शामिल

**कोलकाता** 19 फरवरी (एजेंसियां)। कोलकाता नाइटराइडर्स ने गस एटकिंसन के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने के बाद श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुश्मांता चमीरा को टीम में शामिल किया है।

26 वर्षीय इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन ईसीबी के बहुत व्यस्त कार्यक्रम के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। वह पहली बार आईपीएल में खेलने वाले थे। एटकिंसन ने भारत में हुए विश्व कप में इंग्लैंड के लिए तीन मैच खेले थे और दिसंबर में सफेद गेंद क्रिकेट के लिए वेस्टइंडीज का दौरा किया था और वह इस समय भारत दौरे पर आई इंग्लैंड टीम के साथ हैं। पिछले वर्ष दिसंबर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में एक करोड़ में लिए गये गस एटकिंसन को केकेआर ने खरीदा था। इस दौरान चमीरा नीलामी में बिके नहीं थे और अब केकेआर ने उन्हें उनके बेस प्राइज 50 लाख में खरीदा है। 32 वर्षीय चमीरा पहले राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा रहे हैं। चमीरा 140 किमी प्रतिघंटा की गति से गेंदबाजी कर सकते हैं और हाल ही में आईएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए खेलते हुए उन्होंने अबु धाबी नाइटराइडर्स के खिलाफ 20 रन देकर दो विकेट लिए थे। चमीरा ने अब तक 12 आईपीएल मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 8.73 की औसत से नौ विकेट लिए हैं। चमीरा के अलावा केकेआर में केवल मिचेल स्टार्क ही विदेशी तेज गेंदबाज हैं। स्टार्क को नीलामी में 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2024 के 22 मार्च से शुरू होने की उम्मीद है और मई के अंत में खत्म होने की। फाइनल कार्यक्रम चुनाव आयोग के भारत में होने वाले आम चुनाव की मतदान तिथि सामने आने के बाद जारी किया जाएगा।

# दिल्ली तूफान्स बेंगलुरु टॉरपीडोज को 3-0 से हराया

**चेन्नई,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली तूफान्स ने रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन के मुकाबले में बेंगलुरु टॉरपीडोज को सीधे सेटों में 3-0 से हराकर इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज कर ली। दिल्ली तूफान्स ने रविवार को यहां जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गए सीजन के सातवें मुकाबले में पिछले साल की उप-विजेता बेंगलुरु टॉरपीडोज को 15-10, 15-13, 21-20 से हराकर चौंका दिया। मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने के लिए संतोष को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दिल्ली तूफान्स की टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और लेजार डोडिच ने पॉवरफुल स्पाइक्स के साथ अपनी टीम के मुकाबले में आगे कर दिया। इसके बाद आयुष कासनिया ने सही समय पर ब्लॉक



करके अपनी टीम के लिए मुकाबले को उसके कब्जे में कर दिया। यहां से डेनियल अपोंजा ने मिडल में अपना दबदबा बनाना शुरू कर दिया और दिल्ली तूफान्स की टीम ने मुकाबले में अपनी बढ़त बना ली।

मैच के पहले सेट में पिछड़ने के बाद बेंगलुरु को अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि थॉमस हेप्टइंस्टॉल के अटैकिंग खेल से बेंगलुरु टॉरपीडोज ने दूसरे सेट में अपनी पकड़ बना ली। इसके बाद सेतु टीआर की अटैकिंग सर्व ने बेंगलुरु टॉरपीडोज के लिए वापसी के दरवाजे खोल दिए। यहां से सृजन शेट्टी ने डिफेंस में और ब्लॉक में शानदार प्रदर्शन करके बेंगलुरु टॉरपीडोज को मुकाबले में वापस ला दिया।

उधर, डेविड ली के हमलों को नाकाम करने के बाद कप्तान सकलैन तारिक की अगुवाई में दिल्ली तूफान्स की डिफेंस ने मैच में एक बार फिर से खुद को आगे कर लिया। इसके बाद संतोष की सर्व और एक आक्रामक स्पाइक से दिल्ली तूफान्स ने मुकाबले में पूरी तरह से अपनी पकड़ बना ली। लेकिन बेंगलुरु टारपीडोज भी जवाबी हमले के लिए तैयार थी। पाउलो लैमौनियर ने टीम को मुकाबले में बनाए रखा जबकि मुजीब और सृजन ने ब्लॉक में टीम को प्वॉइंट दिलाना जारी रखा। इसी बीच, रोहित कुमार ने सर्व लाइन से दिल्ली तूफान्स पर दबाव बनाना जारी रखा। लेकिन अपोंजा ने मिडल में अपना दबदबा कायम रखते हुए दिल्ली तूफान्स को इस सीजन की उसकी पहली जीत दिला दी।

# आशु मलिक की रेडिंग ने दबंग दिल्ली को बेंगलुरु बुल्स पर जीत दिलाई

**पंचकूला (हरियाणा),** 19 फरवरी (एजेंसियां)। यहां के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रविवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मैच में दबंग दिल्ली ने बेंगलुरू बुल्स को 46-38 से हरा दिया। शानदार रेडिंग प्रदर्शन में आशु मलिक ने 17 अंक दर्ज किए, जिससे वह पीकेएल सीजन 10 में सफल रेड के चार्ट में शीर्ष पर पहुंच गए और सीज़न के लिए रेड पॉइंट में अर्जुन देशवाल से केवल नौ अंक पीछे रह गए। शुरुआत से ही दबंग दिल्ली ने तेजी से बढ़त बना ली और खेल के पहले पांच मिनट में ही बुल्स को मुश्किल में डाल दिया। पहला ऑल-आउट पहले पांच मिनट के भीतर आया और उन्होंने 12-3 की बढ़त ले ली। वहां से बुल्स एकजुट हुए और बढ़त के करीब पहुंचने के लिए कुछ अंक भी जुटाए। बहुत ही अनुशासित प्रदर्शन में उनकी रक्षा ने



कार्य को पूरा किया और आधे के माध्यम से अविश्वसनीय 14 टैकल अंक दर्ज किए, जो उनके रेडरों की तुलना में अधिक था। हाफ के अंतिम पांच मिनटों में वे ही थे, जिनके पास गति थी और जल्द ही दबंग हाथापाई करने लगे। मैट पर उनकी संख्या कम हो गई।

■ दबंग दिल्ली ने बेंगलुरू बुल्स को 46-38 से हराया
■ शानदार रेडिंग प्रदर्शन में आशु मलिक ने 17 अंक दर्ज किए

विकास कंडोला पर योगेश के सुपर टैकल ने ब्रेक को रोक दिया, क्योंकि वे 28-16 से आगे थे। इसके बावजूद बुल्स को फिर से शुरू होने के कुछ सेकंड के भीतर अपना पहला ऑल-आउट करने में देर नहीं लगी और अंतर को 28-19 तक कम कर दिया। दबंग ने लगभग तुरंत ही पलटवार किया और आशु मलिक की सुपर रेड ने पोन पार्थिबन सुब्रमण्यम, सौरभा नंदल और रोहित कुमार को आउट कर उन्हें गेम पर वापस नियंत्रण में ला दिया। उतार-चढ़ाव भरी प्रतियोगिता की प्रकृति का मतलब था कि किसी भी टीम के लिए कभी भी कोई स्थिर गति नहीं थी। कुछ मिनट बाद सुशील ने विशाल भारद्वाज, मनु, मीतू शर्मा और बालासाहेब जाधव को बाहर करने के लिए अपनी खुद की एक सुपर रेड बनाई और बुल्स का नियंत्रण फिर से स्थापित किया। उन्होंने दबंग दिल्ली को पांच अंकों के भीतर ड्रा करने के लिए दूसरा ऑल-आउट दिया। ऑल-आउट के बावजूद बुल्स ने दबंग और विशेष रूप से मलिक को लगातार स्कोर करने से रोकने के लिए संघर्ष किया और इसका मतलब था कि वे कभी भी अंतर को पूरी तरह से पाटने में सक्षम नहीं थे। यह गेम की आखिरी रेड में स्पष्ट था, एक सुपर रेड जहां मलिक ने विकास कंडोला, सुशील, सुरजेत सिंह और रण सिंह को बाहर कर यह सुनिश्चित किया कि दबंग ने तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए एक बड़ी जीत हासिल की।

## सार संक्षेप

### डब्ल्यूपीएल 2024 : कनिका और काशवी टूर्नामेंट से बाहर

**बेंगलुरु।** काशवी गौतम और कनिका आहूजा चोट के कारण महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल 2024) से बाहर हो गई हैं। काशवी डब्ल्यूपीएल लीग की सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट की घोषणा हो गई है। डब्ल्यूपीएल गवर्निंग काउंसिल ने एक बयान में कहा कि गुजरात जायंट्स ने डब्ल्यूपीएल 2024 प्लेयर ऑक्शन में 2 करोड़ रुपये में काशवी को जोड़ा था। उन्होंने अब काशवी की जगह 10 लाख रुपये के बेस प्राइस पर मुंबई की सयाली सथगरे को रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में शामिल किया है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि काशवी अपने बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर से पीड़ित थी और अपनी राज्य टीम चंडीगढ़ के लिए अंडर-23 महिला एक दिवसीय अभियान से चूक गई थी। काशवी भारत ए टीम की सदस्य थीं जिसने पिछले साल हांगकांग में इमर्जिंग महिला एशिया कप का खिताब जीता था। दूसरी ओर, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने कनिका के प्रतिस्थापन के रूप में महाराष्ट्र की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज श्रद्धा पोखरकर को नामित किया है। श्रद्धा को 10 लाख रुपये की रिजर्व प्राइस पर साइन किया गया है। गुजरात जायंट्स 2023 में डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन संस्करण में अंतिम स्थान पर रही। इस सीजन टीम 25 फरवरी को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने आगामी सीजन की शुरुआत करेगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने डब्ल्यूपीएल 2024 सीज़न की शुरुआत तब करेंगे जब वे 24 फरवरी को उसी स्थान पर यूपी वारियर्स का सामना करेंगे।

### इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में जमप्रीत बुमराह को दिया जा सकता है आराम

**नई दिल्ली।** राजकोट टेस्ट में जीत हासिल करने के बाद टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। लेकिन, जो खबर अब सामने आ रही है वो भारतीय क्रिकेट फैंस को झटका दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से रांची में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए आराम दिया जा सकता है। मौजूदा सीरीज में 13.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लेकर बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने अब तक तीन मैचों में 80.5 ओवर फेंके हैं। भारतीय टीम मंगलवार को राजकोट से रवाना होगी, हालाँकि बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह को आराम देने का फैसला भारतीय टीम के वर्कलोड प्रबंधन का हिस्सा है। पांचवें टेस्ट में उनकी भागीदारी चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर हो सकती है। फिलहाल इस बात का कोई संकेत नहीं है कि टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज के रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को चुनेगा या नहीं।